नई दिल्ली RNI NO. DELHIN/2010/37009
वर्षः 11
अंकः 63
सोमवार, 13-19 दिसंबर, 2021
मूल्यः 5 रु प्रति
रु 250 वार्षिक

ऊर्जा मंत्री तोमर ने हजीरा सिविल हॉस्पिटल का किया निरीक्षण, मरीजों से की चर्चा 03
प्रियंका यूपी में कांग्रेस का भला चाहती हैं तो सबसे पहले अपनी सलाहकार टीम को बदलें 08

# NCR समाचार

तिब्बती धर्मगुरु से मिल सकते हैं बाइडेन? तिब्बत को लेकर अमेरिका कर सकता है कोई बड़ा फैसला 10
बड़े दौरे से पहले किसी पर उंगली उठाना सही नहीं, कोहली की टाइमिंग गलतः कपिल 11


इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in BY C.R.O. TEAM twitter-@ncrsamacharlive
भारत का नं 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

'सैम बहादुर' में मेघना गुलजार के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं: फातिमा सना शेख 12

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का आरोप

# अनुपयोगी सीएम हमारा फोन टेप करा रहे हैं: अखिलेश

एजेंसी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर केंद्रीय संस्थाओं के सहारे विपक्षी नेताओं को धमकाने का रविवार को आरोप लगाया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अपना और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का फोन टेप कराने का भी आरोप लगाया। सपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में यादव ने योगी को अनुपयोगी मुख्यमंत्री और भाजपा सरकार को अनुपयोगी सरकार करार देते हुए आरोप लगाया कि हम सबके फोन सुने जा रहे हैं और अनुपयोगी मुख्यमंत्री खुद शाम को कुछ लोगों की रिकॉर्डिंग सुनते हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा, आप लोग भी सावधान रहें अगर हमसे फोन पर बात करते हैं तो जरूर सावधान रहें। जनता में मन बनाया है उत्तर प्रदेश में योग्य सरकार बनेगी। उनसे ज्यादा कोई अनुपयोगी हो नहीं सकता था जिसने उत्तर प्रदेश को बर्बाद किया हो। इन्होंने उत्तर प्रदेश का इतना नुकसान किया जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। सपा प्रमुख ने शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजीव राय के ठिकानों समेत अन्य सपा नेताओं के घरों में



**मुख्यमंत्री पर आरोपों की बौछार करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव में जातिवादी मानसिकता के तहत सजातीय अधिकारियों के साथ मिलकर सपा को चुनाव हराया**

आयकर विभाग की छापेमारी पर आक्रोश प्रकट करते हुए कहा, जैसे जैसे भाजपा को हार सताएगी, उत्तर प्रदेश में उनके नेताओं, मुख्यमंत्रियों और दिल्ली से आने वाले नेताओं की संख्या बढ़ जाएगी और इसमें कोई शक नहीं था कि पार्टी आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और भी संस्थाओं का सहारा लेकर हमला करने का काम करेगी। केंद्रीय संस्थाओं का सहारा लेकर सपा कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा , अभी तक तो वर्तमान सरकार को हटाने के लिए इन संस्थाओं का इस्तेमाल किया जाता था लेकिन पहली बार देखने को मिल रहा है कि उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार न बन जाए इसके लिए इन संस्थाओं का इस्तेमाल किया जा रहा है। यादव ने कहा, पूरा देश जानता है कि जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी चुनाव हारने लगती है, इन संस्थाओं को आगे कर देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा भी केंद्रीय एजेंसियों का सहारा लेकर विपक्षी दलों को डराने के लिए कांग्रेस के रास्ते पर जा रही है। सपा प्रमुख ने भाजपा और उसके सहयोगी निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद) की शुक्रवार को हुई साझा रैली में आरक्षण की मांग को लेकर निषादों के हंगामे का जिक्र करते हुए कहा कि मंच पर जो हंगामा हुआ, निषाद समाज के साथ जो धोखा हुआ, वह केवल निषाद समाज नहीं बल्कि पिछड़े, अति पिछड़े, दलित और बड़ी संख्या में अगड़े और ब्राह्मणों के साथ इस अनुपयोगी सरकार ने किया है। मुख्यमंत्री पर आरोपों की बौछार करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव में जातिवादी मानसिकता के तहत सजातीय अधिकारियों के साथ मिलकर सपा को चुनाव हराया। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि गोरखपुर में अनुपयोगी मुख्यमंत्री ने अपनी दुकानों पर बुलडोजर चलाया और उसका मुआवजा उठा लिया।

## स्वर्ण मंदिर में बेअदबी की कोशिश के आरोपी की भीड़ ने पीट-पीटकर की हत्या



एजेंसी

**चंडीगढ़।** सिख समुदाय के पवित्र स्थलों में से एक श्री दरबार साहब अमृतसर में शनिवार को एक ऐसा वाक्या हुआ, जिसने सभी को चौंका दिया। आपको बता दें कि अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के श्री दरबार साहब में शनिवार को एक व्यक्ति की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दरबार साहिब में शनिवार को 22 वर्षीय एक व्यक्ति सच्चखंड के अंदर माथा टेकने वाले स्थान पर लगे पीतल के जंगले को फांदकर श्री गुरु ग्रंथ साहब के नजदीक पहुंच गया। जिसको सेवादारों ने पकड़ लिया। इससे जुड़े हुए कुछ वीडियो वायरल भी हो गए। जिसे देखकर प्रतीत होता है कि 22 वर्षीय व्यक्ति उस वक्त अंदर घुसने की कोशिश कर रहा था जब रहरास साहिब का पाठ किया जा रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सेवादार 22 वर्षीय व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले करने के लिए जा रहे थे। उसी वक्त भीड़ ने उस व्यक्ति पर हमला कर दिया और पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। जिसके बाद पुलिस शव को बरामद कर सिविल हॉस्पिटल ले गई।

## हमारी सरकार के लिए जनता ही परिवार यूपी से अपराधियों का हुआ पलायन: योगी

एजेंसी

**लखनऊ।** योगी ने कहा कि जो व्यापारी जो प्रताड़ित हिन्दू पिछली सरकारों में पेशेवर अपराधियों और माफिया द्वारा यहां से भगाए गए थे वे व्यापारी, वे हिन्दू अपने घरों में आए हैं और शान से अपने घरों में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश से पलायन होता है पेशेवर अपराधियों और माफियाओं का। भाजपा ने उत्तर प्रदेश चुनाव के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकनी शुरू कर दी है।

इसी कड़ी में आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मथुरा पहुंचे थे जहां उन्होंने जन विश्वास यात्रा को हरी झंडी दिखाई। अपने संबोधन में योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर जमकर हमला किया। इसके साथ ही योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारे लिए जनता ही परिवार है। हमारी सरकार में यहां से लोगों का पलायन नहीं हुआ है बल्कि अपराधियों का पलायन हुआ है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले पौने पांच साल के दौरान प्रदेश में कोई दंगा नहीं हुआ, कोई पलायन नहीं हुआ। इसके साथ ही योगी ने कहा कि जो व्यापारी जो प्रताड़ित हिन्दू पिछली सरकारों में पेशेवर अपराधियों और माफिया द्वारा यहां से भगाए गए थे वे व्यापारी, वे हिन्दू अपने घरों में आए हैं और शान से अपने घरों में रह रहे हैं। उन्होंने



कहा कि आज प्रदेश से पलायन होता है पेशेवर अपराधियों और माफियाओं का। सपा, बसपा और कांग्रेस को क्यों पीड़ा है। योगी ने कहा कि पिछली सरकारों के दौरान हिंदुओं को राज्य छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था। 2017 के बाद, हमने उन्हें सुरक्षा, रोजगार और उनकी मांग की हर चीज मुहैया कराई। अब वे वापस राज्य में आ गए हैं। भाजपा के सत्ता में आने के बाद सिर्फ अपराधी और गैंगस्टर राज्य छोड़कर गए।


उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमारी सीमाएं सुरक्षित और सुरक्षित हैं तो विपक्ष को यह पसंद नहीं है। जब दंगाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होती है तो उन्हें यह पसंद नहीं आता। उन्हें दंगाइयों का समर्थन करना, आतंकवादियों को बख्शना, गौ तस्करों को प्रोत्साहित करना, पैसे की चोरी करना और लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ करना पसंद है।

# राजनीति में विश्वास के संकट को हमने किया दूर, हम जो कहते हैं वो करते हैं: राजनाथ सिंह

**राजनाथ ने कहा कि जब हम राम मंदिर की बात करते हैं, काशी विश्वनाथ की बात करते हैं तो वे ट्विटर पर हमारा मज़ाक़ उड़ाते हैं। जिन्होंने रामभक्तों पर गोली चलवाई उन्हें चुनावों में सबक़ सिखाना होगा।**

एजेंसी

देश के रक्षा मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने आज झांसी में उत्तर प्रदेश चुनाव के मद्देनजर जन विश्वास यात्रा की शुरुआत की। इस दौरान अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी सरकार जो कहती है वह करके दिखाती है। राजनाथ सिंह ने कहा कि हम जनता से झूठ बोलकर जनता का समर्थन हासिल नहीं करना चाहते हैं। हम जो बोलते हैं वो करते हैं। आज़ाद भारत के इतिहास में नेताओं ने जनता से कई वादे किए। उन नेताओं ने अगर अपने




वादे पूरे कर दिए होते तो शायद भारत आज दुनिया का ताक़तवर देश बन गया होता। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति में विश्वास का संकट हमने दूर किया है। हम जो कहते हैं वो करते हैं। राजनाथ ने कहा कि मेरा मानना है कि भारत में रहने वाले हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक बार इस 'वीर धरा' झांसी के दर्शन जरूर करने चाहिए। मेरा सौभाग्य है कि मुझे अपने जीवन में झांसी में आने का अनेक बार अवसर मिला है। यहां तक कि पिछले तैंतीस दिनों में मैं तीसरी बार झांसी आया हूं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की धारा 370 को समाप्त करने की बात हम सत्तर सालों से कर रहे थे। मगर जब हमें 2019 में मज़बूत बहुमत मिला तो हमने धारा 370 को चुटकियों में समाप्त कर दिया। राजनाथ ने कहा कि गुजरात में सोमनाथ मंदिर का का पुनः जीर्णोद्वार नरेंद्र मोदी के शासनकाल में हुआ है। अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर का शिलान्यास किया है। और अभी काशी विश्वनाथ धाम के गौरव को पुनः स्थापित करने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। इसके साथ ही राजनाथ ने कहा कि जब हम राम मंदिर की बात करते हैं, काशी विश्वनाथ की बात करते हैं तो वे ट्विटर पर हमारा मज़ाक़ उड़ाते हैं। जिन्होंने रामभक्तों पर गोली चलवाई उन्हें चुनावों में सबक़ सिखाना होगा। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि आज भारत की 55 फीसदी आजादी पूरी तरह टीकायुक्त हो गई है। करीब 140 करोड़ खुराक दी जा चुकी है। आतंकवाद के ख़िलाफ़ प्रभावी कारवाई की गयी है। हमारे देश की सेना ने पाकिस्तान में जाकर आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया। भारतीय सेना पर भरोसा रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 43 मछुआरों को गिरफ्तार किया, छह नौकाएं जब्त कीं



**रामेश्वरम (तमिलनाडु)।** श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के कम से कम 43 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है और उनकी छह नौकाएं भी जब्त कर ली हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। यहां मछुआरा एसोसिएशन ने उनकी तत्काल रिहाई की मांग करते हुए सोमवार को प्रदर्शन करने और अनिश्चितकालीन धरनाकरने की भी घोषणा की। मत्स्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मछुआरे 500 से अधिक नौकाओं में सवार होकर 18 दिसंबर को यहां से रवाना हुए थे और वे कच्चातीवू द्वीप के पास मछलियां पकड़ रहे थे कि तभी उनमें से 43 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया और छह नौकाएं जब्त कर ली गईं। मछुआरा एसोसिएशन के एक नेता और प्राधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद मछुआरों को श्रीलंका के कांगेसानतुरई शिविर ले जाया गया। रामनाथपुरम से सांसद के. नवसकणि ने केंद्रीय मंत्रियों से बात की और मछुआरों एवं उनकी नौकाओं को छुड़ाने के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया।

### ब्रिटेन से लौटे दो लोग ओमीक्रोन से संक्रमित, कुल संख्या नौ हुई




**अहमदाबाद।** ब्रिटेन से हाल में गुजरात आया 45 वर्षीय एक प्रवासी भारतीय और एक किशोर कोविड-19 के ओमीक्रोन स्वरूप से संक्रमित पाए गए हैं। इसी के साथ राज्य में ओमीक्रोन संक्रमण के मामलों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि ब्रिटेन से 15 दिसंबर को आने के बाद प्रवासी भारतीय की यहां अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आरटी-पीसीआर जांच की गई थी, जिसमें उसके कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। आणंद जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम टी छारी ने कहा, ''व्यक्ति का नमूना बाद में ओमीक्रोन स्वरूप से संक्रमित पाया गया।'' डॉ. छारी ने बताया कि उसे अहमदाबाद से राज्य के आणंद शहर जाना था, ''लेकिन कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद उसे हवाई अड्डे के अहमदाबाद सिविल अस्पताल ले जाया गया। मरीज का अहमदाबाद सिविल अस्पताल में उपचार चल रहा है।'' अधिकारी ने कहा कि उसके सह-यात्री और उसके संपर्क में आए अन्य लोग संक्रमित नहीं पाए गए हैं।

## किदाम्बी श्रीकांत ने रचा इतिहास, विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने

एजेंसी

**नई दिल्ली।** किदाम्बी श्रीकांत से पहले विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने में भारत की दो महिला स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी ने सफलता पाई थी। साइना नेहवाल और पीवी सिंधु वर्ल्ड चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने में अब तक सफल रही हैं। स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने इतिहास रच दिया है। वह विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में स्थान बनाने वाले देश के पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। शनिवार को स्पेन के हुएलावा में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने हमवतन लक्ष्य सेन को हरा दिया। किदाम्बी श्रीकांत ने तीन गेम तक चले इस मुकाबले में 7-21, 21-14, 21-17 से लक्ष्य सेन को मात दी। इससे पहले किदाम्बी श्रीकांत और युवा लक्ष्य सेन ने बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में पहुंचकर नया इतिहास रचते हुए भारत के लिये कम से कम दो पदक पक्के किये थे। किदाम्बी श्रीकांत से पहले विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने में भारत की दो महिला स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी ने सफलता पाई थी।


40 हजार साल से भारत के लोगों का DNA समान

# सरकार का रिमोट कंट्रोल नहीं है आरएसएस: भागवत

**मोहन भागवत ने कहा कि सरकार हमारे स्वयंसेवकों को कोई आश्वासन नहीं देती है। लोग हमसे पूछते हैं कि हमें सरकार से क्या मिलता है। तो ऐसे लोगों को बता दूं कि हमारे पास जो कुछ भी है उसे हमें खोना भी पड़ सकता है**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि पिछले 40 हजार साल से भारत के सभी लोगों का डीएनए समान है। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने कई बलिदान दिए हैं। त्याग किया है, इसलिए हमारी संस्कृति आज भी जीवित है और यह हमारा देश फल फूल रहा है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा अपने पूर्वजों का अनुकरण करते हैं लिहाजा हमारी निष्ठा भी उन्हीं



के प्रति है। इसके साथ ही मोहन भागवत ने यह भी कह दिया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को मीडिया सरकार का रिमोट कंट्रोल बताता है लेकिन यह सच नहीं है। यह असत्य है। लेकिन यह बात भी सच है कि हमारे कुछ कार्यकर्ता सरकार का हिस्सा हैं। मोहन भागवत ने कहा कि सरकार हमारे स्वयंसेवकों को कोई आश्वासन नहीं देती है। लोग हमसे पूछते हैं कि हमें सरकार से क्या मिलता है। तो ऐसे लोगों को बता दूं कि हमारे पास जो कुछ भी है उसे हमें खोना भी पड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि भारत एक विश्व शक्ति नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से महामारी के बाद के युग में यह विश्व गुरु बनने की क्षमता रखता है। चिकित्सा में प्राचीन भारतीय पद्धतियों पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने कहा, "हमें हमारे पारंपरिक भारतीय उपचार जैसे कि काढ़ा, क्वाथ और आरोग्यशास्त्र के माध्यम से देखा गया। अब, दुनिया भारत की ओर देख रही है और भारतीय मॉडल का अनुकरण करना चाहती है। हमारा देश भले ही विश्व शक्ति न बने, लेकिन विश्व गुरु जरूर हो सकता है।'' आरएसएस प्रमुख ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) दिवंगत बिपिन रावत और 13 अन्य लोगों की याद में एक मिनट का मौन रखा जिनका हाल ही में तमिलनाडु में कुन्नूर के पास हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया था। उन्होंने एकता का आह्वान करते हुए कहा कि भारत की अविभाजित भूमि सदियों से विदेशी आक्रमणकारियों के साथ कई लड़ाई हार गई क्योंकि स्थानीय आबादी एकजुट नहीं थी। उन्होंने समाज सुधारक डा.बी आर आंबेडकर का हवाला देते हुए कहा, ''हम कभी किसी की ताकत से नहीं, बल्कि अपनी कमजोरियों से पराजित होते हैं।'' सूत्रों ने कहा कि भागवत हिमाचल प्रदेश के पांच दिवसीय दौरे पर हैं और वह तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा से मुलाकात कर सकते हैं।

## अलग-अलग सुर में बोलने वाले साथ आएंगे क्योंकि लक्ष्य है भाजपा को हराना: थरूर

**कोलकाता।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शनिवार को विश्वास जताया कि कांग्रेस के खिलाफ बोलने वाले विपक्षी दल एक साथ आएंगे क्योंकि उन सबका लक्ष्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने का है। पूर्व केंद्रीय मंत्री थरूर ने सुशासन सप्ताह मनाने के केंद्र के फैसले पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का मजाक उड़ाया और कहा कि ''सुशासन का सार'' पिछले सात वर्षों से गायब है क्योंकि नारों और प्रतीकवाद की राजनीति ने सुशासन की जगह ले ली है। थरूर ने अपनी किताब 'प्राइड, प्रेजुडिस एंड पंडित्री' के विमोचन के दौरान आरोप लगाया, ''वर्तमान में देश में स्वतंत्र आवाजों का गला घोंटा जा रहा है।''

एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
कार्यालय: 12/276, संगम विहार नई दिल्ली-62
फोन: 8888883968, 9811111715

### एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## संक्षिप्त समाचार

### जिला कारागार जनपद बदायूँ का किया औचक निरीक्षण



एनसीआर समाचार

**बदायूँ ।** गुरूवार सुबह बदायूँ जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा जिला कारागार जनपद बदायूँ का औचक निरीक्षण किया गया। जेल में बंदियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा साफ-सफाई के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली।

### अखिलेश के करीबियों पर खतरा, आयकर विभाग का छापा शुरू, लखनऊ समेत कई जिलों में भी छापेमारी




लखनऊ में यह आयकर विभाग का छापा अंबेडकर पार्क के पास स्थित गजेंद्र सिंह के आवास पर पड़ा है। गजेंद्र सिंह पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के ओएसडी रहे हैं। आयकर विभाग की टीम ने शनिवार तड़के लखनऊ, मैनपुरी, आगरा में एक विशेष राजनीतिक दल के फाइनेंसर के आवासों पर छापामारी की है। जिसमें मैनपुरी के मनोज यादव लखनऊ में गजेंद्र सिंह समेत करीब एक दर्जन लोगों के घरों की छानबीन चल रही है। लखनऊ में यह आयकर विभाग का छापा अंबेडकर पार्क के पास स्थित गजेंद्र सिंह के आवास पर पड़ा है। गजेंद्र सिंह पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के ओएसडी रहे हैं। **सपा नेता मनोज यादव के घर पर जांच कर रहे अधिकारी** मैनपुरी में आयकर विभाग की टीम ने शनिवार की सुबह आरसीएल ग्रुप के मालिक एवं सपा नेता मनोज यादव घर पर छापा मारा है। कई गाड़ियों से आयकर अधिकारी यहां पहुंचे हैं। सपा नेता के घर के बाहर पुलिस फोर्स तैनात है। किसी को जाने की अनुमति नहीं है। सुबह आठ बजे अधिकारी घर के अंदर जांच कर रहे हैं। शहर कोतवाली के मोहल्ला बंसी गोहरा में सपा नेता मनोज यादव का आवास है। शनिवार सुबह करीब आठ बजे करीब 12 गाड़ियों से आयकर अधिकारी उनके आवास पर पहुंचे तो हड़कंप मच गया। पुलिस फोर्स ने सपा नेता के घर को घेर लिया। अंदर आयकर अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं।

**मेरा कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, मेरे पास कोई अवैध पैसा नहीं: राजीव राय**

इसके अलावा, आयकर विभाग की टीम मऊ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजीव राय के निवास पर पहुंची है। राजीव राय ने कहा कि आयकर विभाग के लोग आए हैं। मेरा कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। मेरे पास कोई अवैध पैसा नहीं है। मैं लोगों की मदद करता हूं और सरकार को यह पसंद नहीं आया। यह उसी का परिणाम है।


### पीएम मोदी ने किया गंगा एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास, जनता को कर रहे संबोधित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाहजहांपुर के रोजा रेलवे ग्राउंड में आज गंगा एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास करने यहां पहुंचे हैं। उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद हैं। प्रधानमंत्री जनता को संबोधित भी करेंगे।

# चुनाव सुधार संबंधी विधेयक पेश करेगी सरकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकार चुनाव सुधार संबंधी विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश करेगी। यह जानकारी लोकसभा के एक बुलेटिन में दी गई। बुलेटिन में कहा गया है कि 'चुनाव अधिनियम संशोधन विधेयक 2021' निचले सदन की सोमवार की कार्यसूची में सूचीबद्ध है जिसे विधि एवं न्याय मंत्री किरण रिजीजू पेश करेंगे। इस विधेयक के माध्यम से जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में संशोधन किए जाने का प्रस्ताव किया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को चुनाव सुधारों से जुड़े इस विधेयक के मसौदे को अपनी मंजूरी दी थी। इस विधेयक के मसौदे में कहा गया है कि मतदाता सूची में दोहराव और फर्जी मतदान रोकने के लिए मतदाता कार्ड और सूची को आधार कार्ड से जोड़ा जाएगा। मंत्रिमंडल द्वारा मंजूर किए गए विधेयक के मुताबिक, चुनाव संबंधी कानून को सैन्य मतदाताओं के लिए



लैंगिक निरपेक्ष बनाया जाएगा। वर्तमान चुनावी कानून के प्रावधानों के तहत, किसी भी सैन्यकर्मी की पत्नी को सैन्य मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने की पात्रता है लेकिन महिला सैन्यकर्मी का पति इसका पात्र नहीं है। प्रस्तावित विधेयक को संसद की मंजूरी मिलने पर स्थितियां बदल जाएंगी। निर्वाचन आयोग ने विधि मंत्रालय से जनप्रतिनिधित्व कानून में सैन्य मतदाताओं से संबंधित प्रावधानों में 'पत्नी' शब्द को बदलकर 'स्पाउस' (जीवनसाथी) करने को कहा था। इसके तहत एक अन्य प्रावधान में युवाओं को मतदाता के रूप में प्रत्येक वर्ष चार तिथियों के हिसाब से पंजीकरण कराने की अनुमति देने की बात कही गई है। वर्तमान में एक जनवरी या उससे पहले 18 वर्ष के होने वालों को ही मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने की अनुमति दी जाती है। निर्वाचन आयोग पात्र लोगों को मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने की अनुमति देने के लिए कई 'कट ऑफ तारीख' की वकालत करता रहा है। आयोग ने सरकार से कहा था कि एक जनवरी की 'कट ऑफ तिथि' के कारण मतदाता सूची की कवायद से अनेक युवा वंचित रह जाते हैं। केवल एक 'कट ऑफ तिथि' होने के कारण दो जनवरी या इसके बाद 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले व्यक्ति पंजीकरण नहीं करा पाते थे और उन्हें पंजीकरण कराने के लिए अगले वर्ष का इंतजार करना पड़ता था। विधि एवं न्याय संबंधी संसदीय समिति द्वारा संसद के जारी शीतकालीन सत्र में हाल में पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि विधि मंत्रालय जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 14-बी में संशोधन करना चाहता है। इसमें कहा गया कि संशोधन में मतदाता पंजीकरण के लिए हर वर्ष चार 'कट ऑफ तिथियों'-एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई तथा एक अक्टूबर- रखने का प्रस्ताव है। इससे पहले मार्च में, उस समय विधि मंत्री रहे रविशंकर प्रसाद ने लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में जानकारी दी थी कि निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची से आधार प्रणाली को जोड़ने का प्रस्ताव किया है, ताकि कोई व्यक्ति विभिन्न स्थानों से कई बार पंजीकरण न करा सके। संसद का मौजूदा शीतकालीन सत्र 23 दिसंबर तक चलेगा और अब इसकी कुल चार बैठक निर्धारित हैं। लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्षी दलों के हंगामे के कारण पिछले कुछ दिनों में संसद के दोनों सदनों में कार्यवाही बाधित रही है।

### उत्तर प्रदेश के 6.66 करोड़ मजदूरों को 500 रुपये महीना भत्ता देगी योगी सरकार

एनसीआर समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश में पहली बार असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को किसी सरकार ने भत्ता दिए जाने का इंतजाम बजट में किया है। प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में करीब 6.66 लाख करोड़ मजदूर हैं। इनका पंजीकरण श्रम विभाग के ई-श्रम पोर्टल पर हो रहा है। दूसरे अनुपूरक बजट में इनकी सहायता के लिए 4000 करोड़ रुपये का प्राविधान जो किया गया है वह इस वित्तीय वर्ष के चार महीनों के लिए है। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक इन मजदूरों को हर महीने 500 रुपये भत्ता सरकार देगी। दिसंबर महीने से ही भत्ते का भुगतान किया जाएगा। दिसंबर से मार्च तक के चार महीनों के भत्ते को एक-एक हजार रुपये की दो किश्तों में भुगतान किया जाएगा। बताया जाता है कि केंद्र सरकार ने पूरे देश में असंगठित क्षेत्र के 40 करोड़ मजदूरों के पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसके तहत उत्तर प्रदेश को 06 करोड़ 66 लाख 07 हजार मजदूरों का पंजीकरण ई-श्रम पोर्टल पर करने का लक्ष्य दिया गया है।

## टीका नहीं लगवाने की सामाजिक गैर जिम्मेदारी के हो सकते हैं घातक परिणाम: मुख्यमंत्री

एनसीआर समाचार

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना के दोनों टीके लगवाना सबसे बड़ी सामाजिक जिम्मेदारी है। हम कोरोना का टीका नहीं लगवाकर अपने साथ, अपने परिजन और परिचितों की जान को भी जोखिम में डालते हैं। इस प्रकार की सामाजिक गैर जिम्मेदारी के परिणाम घातक हो सकते हैं। प्रदेश में सभी पात्र व्यक्तियों के शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य दिसंबर के अंत तक पूर्ण किया जाना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं इस लक्ष्य को पूरा करने में सभी सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं, मीडिया के बंधुओं और प्रत्येक व्यक्ति से सहयोग की अपील करता हूँ। मुख्यमंत्री श्री चौहान गुरुवार को टीकाकरण महाअभियान-10 के अंतर्गत शिवाजी नगर स्थित सरोजिनी नायडू विद्यालय में संचालित टीकाकरण केंद्र का अवलोकन कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों को सतर्क करते हुए कहा कि कोरोना अभी समाप्त नहीं हुआ है। आज प्रदेश में 18 पॉजीटिव प्रकरण हैं। सक्रिय मरीजों की संख्या 171 है। इसके अतिरिक्त देश-दुनिया में नया वैरिएंट ओमिक्रॉन फैल रहा है। इससे बचाव के लिए सतर्कता आवश्यक है। अतः प्रदेशवासियों से निवेदन है कि मास्क पहनने और सामाजिक दूरी बनाए रखने जैसी सावधानियों का पालन करें।

### केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने पत्रकार से की अभद्रता पत्रकारों ने की राष्ट्रपति से कार्रवाई की मांग

अज़ीम खान

**सहसवान।** लखीमपुर खीरी के तिकोनिया में अक्टूबर में हुई हिंसा के केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा बुधवार को अपने बेटे के खिलाफ इस घटना के मुकदमे में धाराएं बढ़ाए जाने से संबंधित एक सवाल को लेकर पत्रकारों पर भड़क गए और उन्हें 'चोर' करार देते हुए धक्का-मुक्की की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले को लेकर सहसवान में समस्त पत्रकार एकजुट होकर तहसील परिसर पहुँचे और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सहसवान की अनुपस्थिति में राजस्व कानूनगो रियाज़ अहमद को सौंपा और आक्रोशित पत्रकारों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर मंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों के आगे कांग्रेस कभी नहीं झुकेगी: संजय रतन

**देश की निर्यात दर, औद्योगिक दर, उत्पाद दर सबमें भारी गिरावट दर्ज की जा रही है।छोटे व्यापारी कारोबार बंद करने पर मजबूर हो चुके हैं।खुदरा बाजार रिकार्ड तोड़ गिरावट पर है।बेरीज़गारी चरम पर है लेकिन देश के चार-पांच बड़े घरानों की आमदन 500 गुणा तक बढ़ रही है। यह सरकार की पूंजीवादी नीति को दर्शाता है**

एजेंसी

**धर्मशाला ।** हिमाचल कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता पूर्व विधायक संजय रतन ने आज यहां कहा कि कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में आमजन के हितों की रक्षा हेतु जनविरोधी मोदी सरकार के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी और इसके लिए देश के करोड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता कोई भी कुर्बानी देने के लिए कृतसंकल्प हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों के आगे कांग्रेस कभी नहीं झुकेगी। देश की जनता अब भाजपा की जुमलेवाज़ी को समझ चुकी है। जनता इसका करारा जबाब देने के लिए समय का इंतजार कर रही है। भाजपा की धोखेबाजी और जुमलेवाज़ी अब नहीं चलने वाली है। कांग्रेस प्रवक्ता ने यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुये आरोप लगाया कि सरकार



बड़े घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए लगी है जिसके कारण आमजन का खून चूसा जा रहा है। पेट्रोल डीजल महंगा, खाद्य पदार्थ आमजन की पहुंच से बाहर,रोटी,कपड़ा,मकान सब महंगा। यह सब भाजपा सरकार का आमजन के लिए नववर्ष का तोहफा है। उन्होंने कहा कि देश की निर्यात दर, औद्योगिक दर, उत्पाद दर सबमें भारी गिरावट दर्ज की जा रही है।छोटे व्यापारी कारोबार बंद करने पर मजबूर हो चुके हैं।खुदरा बाजार रिकार्ड तोड़ गिरावट पर है।बेरीज़गारी चरम पर है लेकिन देश के चार-पांच बड़े घरानों की आमदन 500 गुणा तक बढ़ रही है। यह सरकार की पूंजीवादी नीति को दर्शाता है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि इन सब विकट परिस्थितियों के खिलाफ जब कांग्रेस प्रदर्शन करती है तो रैलियों पर रोक लगाई जा रही है। लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस तरह की जनविरोधी नीतियों से यह आभास होता है कि भाजपा सरकार देश में तानाशाही व्यवस्था को लागू करना चाहती है। किसानों के लिए भाजपा सरकार एमएसपी सुनिश्चित नहीं करना चाहती बिलों पर संसद में चर्चा नहीं करना चाहती, लखीमपुर पीड़तों को न्याय नहीं देना चाहती, शहीद किसानों को मुआवजा नहीं देना चाहती लेकिन अडानी-अम्बानी सहित केवल पांच बड़े घरानों को सात लाख करोड़ का राहत पैकेज दे देती है। सरकार का यह कदम साफ दर्शाता है कि भाजपा सरकार बड़े घरानों के चंगुल में है।

### स्वरोजगार की राह प्रशस्त करती मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना

एजेंसी

**धर्मशाला ।** प्रदेश के युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। युवाओं को रोजगार प्रदाता बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना युवा उद्यमियों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना से युवाओं का रोजगार की तलाश में शहर की ओर पलायन रूका है और प्रदेश में एक नए तरह का वातावरण तैयार हो रहा है, जहां युवा स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ते हुए रोजगार सृजन की दिशा में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। यह योजना प्रदेश में उद्यमिता को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध हो रही है। इस योजना के अन्तर्गत युवाओं को विनिर्माण क्षेत्र, व्यापार व चिन्हित सेवा क्षेत्र में एक करोड़ रुपये तक की परियोजना पर लाभ प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश के 18 से 45 आयु वर्ग के पुरुष तथा 18 से 50 वर्ष की महिलाएं इस योजना के लिए पात्र हैं। एक परिवार का एक व्यक्ति ही इस योजना का लाभ उठा सकता है। योजना के अन्तर्गत 60 लाख रुपये तक की मशीनरी व संयंत्र में निवेश करने पर पुरूषों के लिए 25 प्रतिशत, महिला उद्यमियों के लिए 30 प्रतिशत तथा विधवाओं को 35 प्रतिशत पूंजीगत उपदान का प्रावधान है।

## दिवंगत ग्रुप कैप्टन वरूण सिंह की पार्थिव देह पहुँची भोपाल, मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

देवेन्द्र कुमार जैन

सेना के विमान से दिवंगत ग्रुप कैप्टन वरूण सिंह का पार्थिव शरीर बेंगलूर से गुरुवार को स्टेट हैंगर भोपाल पहुँचने पर गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने स्टेट हैंगर पर दिवंगत ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह की पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वे दिवंगत श्री सिंह के परिजनों से भी मिले और उन्हें सांत्वना दी।



ग्रुप कैप्टन वरूण सिंह की पार्थिव देह स्टेट हैंगर से उनके निवास के लिए रवाना हुई। मुख्यमंत्री श्री चौहान भी इस यात्रा में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि ग्रुप कैप्टन के शौर्य को कभी देश भुला नही सकता और वे प्रदेश और देशवासियों की स्मृति में सदैव जीवित रहेंगे। साथ ही स्टेट हैंगर पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर वीर ग्रुप कैप्टन श्री सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग एवं विधायक हुजूर श्री रामेश्वर शर्मा, कलेक्टर श्री अविनाश लवानिया, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर श्री इरशाद वली सहित मिलिट्री और पैरामिलिट्री फोर्स के अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि 8 दिसम्बर को सीडीएस हैलीकॉप्टर हादसे में एकमात्र जीवित बचे ग्रुप कैप्टन वरूण सिंह का बैंगलुरू के सैनिक अस्पताल में ईलाज चल रहा था। 15 दिसम्बर को सुबह ग्रुप कैप्टन जिंदगी की जंग हार गए। ग्रुप कैप्टन वरूण सिंह का अंतिम संस्कार शुक्रवार को सैन्य सम्मान के साथ बैरागढ़ स्थित विश्राम घाट पर सुबह 11 बजे किया जाएगा।

दिवंगत ग्रुप कैप्टन वरूण सिंह अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ तमिलनाडु के वेलिंगटन में सेवारत थे। उनके पिता सेना से रिटायर्ड कर्नल के.पी.सिंह और माँ श्रीमती उमा सिंह भोपाल में एयरपोर्ट रोड, सन सिटी कॉलोनी में रहते हैं। ग्रुप कैप्टन वरूण सिंह उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के मूल निवासी थे। करीब 20 साल पहले उनके पिता ने भोपाल में आपना निवास बनाया। ग्रुप कैप्टन वरूण सिंह के छोटे भाई श्री तनुज भी नौसेना में लेफ्टिनेंट कमांडर हैं।

### प्रदेश के ऊर्जामंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भोपाल के बिजली अधिकारियों से चर्चा की

एजेंसी

इस दौरान इंदौर स्थित मप्रपक्षेविविकं के केंद्रीयकृत काल सेंटर 1912 के कामकाज और तौर-तरीकों की प्रशंसा की गई। यहां की उपभोक्ता संतुष्टि एवं शिकायत निवारण की प्रक्रिया को जबलपुर और भोपाल क्षेत्र में लागू करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री संजय दुबे, ऊर्जा सचिव श्री विवेक पोरवाल प्रमुख रूप से मौजूद थे। इंदौर से मप्रपक्षेविविकं के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने काल सेंटर व अन्य विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर मप्रपक्षेविविकं के मुख्य महाप्रबंधक श्री रिंकेश कुमार वैश्य, निदेशक श्री मनोज झंवर, कार्यपालक निदेशक श्री संजय मोहासे, श्री गजरा मेहता, मुख्य अभियंता इंदौर श्री पुनीत दुबे आदि प्रमुख रूप से वीडियो कान्फ्रेंस पर मौजूद थे।

## केरल में दो राजनीतिक हत्याओं से सियासी संग्राम

### अलाप्पुझा में धारा 144, भाजपा का विजयन सरकार पर हमला

एजेंसी

**अलाप्पुझा।** केरल में 2 राजनीतिक हत्याओं को लेकर सियासी माहौल गर्म हो गया है। 24 घंटे के अंदर ही दो नेताओं की हत्या की गई है जिसके पास से अलाप्पुझा जिले में तनाव बढ़ गया है। आनन-फानन में जिला प्रशासन की ओर से यहां धारा 144 लागू कर दी गई है। खुद मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने इस घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि पुलिस हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। राज्य में इस तरह की घटनाएं नहीं होनी चाहिए। दूसरी ओर पिनाराई विजयन सरकार पर भाजपा हमलावर हो गई है। केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने विजयन सरकार पर निशाना साधा है। मुरलीधरन ने कहा कि मुझे बताया गया है कि आज सुबह भाजपा ओबीसी मोर्चा के राज्य सचिव की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। यह इस्लामिक आतंकवादी समूह का काम है, यह जानकारी एलेप्पी (अलाप्पुझा) से आ रही है। मैं राज्य सरकार से अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग करता हूं। उन्होंने कहा कि यह पहली घटना नहीं है; कुछ हफ्ते पहले पलक्कड़ में एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई थी। राज्य ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई नहीं की है। इसके बजाय, वे इस्लामी आतंकवादियों के साथ नरम रुख अपनाते रहे हैं, जिसने उन्हें और अधिक हिंसा में लिप्त होने के लिए प्रोत्साहित किया है। आपको बता दें कि केरल के तटीय अलप्पुझा जिले में दो पार्टी के नेताओं की हत्या कर दी गई। इनमें एक सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के नेता जबकि दूसरे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता थे। केरल में एसडीपीआई के प्रदेश सचिव के एस शान पर शनिवार की रात घर लौटते समय बेरहमी से हमला किया गया। शान की पार्टी एसडीपीआई ने आरोप लगाया कि घटना के पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का हाथ है। पुलिस ने बताया कि इसके कुछ घंटों बाद रविवार सुबह कुछ हमलावरों ने भाजपा के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के प्रदेश सचिव रंजीत श्रीनिवास के घर में घुसकर उनकी हत्या कर दी। पुलिस को संदेह है कि शान की हत्या के प्रतिशोध में श्रीनिवास पर घातक हमला किया गया।




- **मुरलीधरन ने कहा कि मुझे बताया गया है कि आज सुबह भाजपा ओबीसी मोर्चा के राज्य सचिव की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। यह इस्लामिक आतंकवादी समूह का काम है, यह जानकारी एलेप्पी (अलाप्पुझा) से आ रही है। मैं राज्य सरकार से अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग करता हूं**
- **शान की पार्टी एसडीपीआई ने आरोप लगाया कि घटना के पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का हाथ है।**

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण पल्टी गाड़ी

**दीपक कुमार तंवर**

प्रशासन की अनदेखी के कारण हर दिन होते हैं हादसे, आज सुबह सरूपे का तला से बावड़ी जा रही चारे से भरी गाड़ी सड़क क्षतिग्रस्त होने से पलट गई। इसमें किसी भी प्रकार का नुक्सान नहीं हुआ हैं। यह सड़क पिछले एक वर्ष से टूटी है सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है, वाहन चालकों को हो रही है परेशानी। सड़क में अचानक मोड़ होने के कारण टूटी हुई सड़क दिखाई नहीं देती जिसके कारण दुर्घटना हो जाती है। काफी बार हादसे हो चुके हैं लेकिन प्रशासन मौन है। सरकार बड़े बड़े वादे करती है मगर जमीनी स्तर पर कार्य दिखाई नहीं दे रहे।

### एग्जाम कैलेंडर जारी, जानें SSC CGL, CHSL, MTS, कॉन्स्टेबल समेत इन भर्तियों का शेड्यूल

कर्मचारी चयन आयोग (SSC) ने एसएससी सीजीएल (SSC CGL), एसएससी सीएचएसएल (SSC CHSL), एसएससी एमटीएस (SSC MTS) और एसएससी कॉन्स्टेबल जीडी (SSC GD Constable) समेत कई भर्तियों की संभावित परीक्षा तारीखों का ऐलान कर दिया है। एसएससी एग्जाम (SSC Exam Dates 2022-23) कैलेंडर एसएससी की आधिकारिक वेबसाइट ssc.nic.in पर जारी किया गया। एसएससी द्वारा विभिन्न भर्तियों की परीक्षआएं अप्रैल, 2022 और जून, 2023 के बीच आयोजित की जाएंगी। एसएससी एग्जाम कैलेंडर (SSC Exam Calendar) में परीक्षा के लिए विज्ञपन की संभावित तिथि, आवेदन की अंतिम तिथि और परीक्षा की तारीख की जानकारी दी गई है। टेंटेटिव एग्जाम कैलेंडर का डायरेक्ट लिंक नीचे भी दिया गया है। कैलेंडर के अनुसार, एसएससी कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल (SSC CGL 2021) का प्रीलिम्स एग्जाम अप्रैल 2022 में और कंबाइंड हायर सेकेंडरी लेवल टीयर-I (SSC CHSL 2021) प्रीलिम्स एग्जाम मई 2022 में आयोजित किया जाएगा। वहीं सीजीएल की आवेदन प्रक्रिया 23 दिसंबर 2021 से शुरू होगी और सीएचएसएल की आवेदन प्रक्रिया 01 फरवरी 2022 में शुरू होगी। फिलहाल परीक्षा तारीखों का ऐलान नहीं किया गया है।

### गोवर्धन धाम में डॉक्टर को पानी से खिलवाड़ करना पड़ा महंगा

**राहुल मोहन शर्मा**

विश्व प्रसिद्ध गोवर्धन धाम के मानसी गंगा मनसा देवी घाट की घटना मानसी गंगा की गहरे पानी में समा गया नदबई राजस्थान का रहने वाला श्रद्धालु भक्त दिल्ली के अस्पताल में है। डॉक्टर स्थानीय तीर्थ पुरोहित अशोक पाठक की सूझबूझ से बचाई जान। मानसी गंगा में कूदकर युवक की तैर कर कर बचाई जान युवक ने बेहोशी की हालत में 1लीटर मानसी गंगा का जल पी गया। चिकित्सकीय उपचार के बाद में स्वस्थ हुआ गिरिराज धरण ठाकुर जी हरिदेव जी महाराज का किया गुणगान जान लौटाने के लिए तीर्थ पुरोहित को दिया धन्यवाद।

### मुख्यमंत्री ग्रुप कैप्टन वरूण सिंह के अंतिम संस्कार में सम्मिलित हुए पार्थिव देह पर पुष्प-चक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**देवेन्द्र कुमार जैन**

**भोपाल** । मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, शुक्रवार को शहीद ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह के अंतिम संस्कार में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने संत हिरदाराम मुक्तिधाम में शहीद ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह की पार्थिव देह पर पुष्प-चक्र अर्पित किया। अंतिम संस्कार संपूर्ण सैनिक सम्मान के साथ किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने परिवार के सदस्यों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें ढांढ़स बंधाया। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग, विधायक एवं पूर्व प्रोटेम स्पीकर श्री रामेश्वर शर्मा, विधायक श्री पी.सी. शर्मा, वायु सेना, जल सेना और थल सेना के अधिकारी, जिला प्रशासन के अधिकारी सहित

### पचेवर में लावारिस हालत में पड़ा मिला एक युवक का शव

**महेश कुमार जांगिड़**

पचेवर कस्बे में के बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने खाली पड़े भूखंड में मिली लावारिस हालत में लाश सूचना पर पहुंचे पचेवर थाना अधिकारी नरेंद्र सिंह वह उच्च अधिकारी पचेवर थाना अधिकारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि लाश की पहचान रामजीलाल रेगर निवासी मालपुरा रोड रेगर मोहल्ला पचेवर बताया गया है वही मालपुरा अस्पताल मैं लाश का पोस्टमार्टम करवा पचेवर लाया गया तो परिवार जनों ने अपराधी की जांच कर उचित सजा देने की मांग रखी तो थाना अधिकारी नरेंद्र सिंह ने आने वाले 3 दिनों में अपराधी की जांच कर सजा दिलवाने का आश्वासन दिया

### कर्मवीर भाऊराव पाटील विद्यालय सांगवी मे स्नेह समारोह का आयोजन




**सालगुडेजी**

मार्च 1998 के छात्रों का स्नेह समारोह 23 साल के बाद आयोजित किया था। इस समारोह का सूत्रसंचालन श्री गणेशजी साळुंखे जो इस विद्यालय के भूतपूर्व छात्र और श्री छत्रपती शंभू सिंह राजे प्रतिष्ठान के वरिष्ठ अध्यापक है उन्होने किया। जीन अध्यापकों ने हमे पढाया वह सभी अंतरराष्ट्रीय स्तरके पुरस्कार प्राप्त ग्लोबल टिचर अवॉर्ड जैसे अध्यपको के समकक्ष मे है। ऐसी राय प्रशांत राऊतजी ने बताई जो स्कूल के भूतपूर्व छात्र तथा 1998 मे SSC परीक्षा प्रथम क्रमांक से उत्तीर्ण थे। इस स्नेह समारोह को भूतपूर्व अध्यापक श्री गाढवे सर, श्री तावरे सर, श्री कुंभार सर आदी अध्यापकोने उपस्थिती दर्शाई थी। इस कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के भूतपूर्व छात्र अमोल कदम और उनके साथियों ने किया और इस समारोह मे आभार प्रदर्शन भूतपूर्व छात्र गोरखजी तावरे ने किया।

# चीनी मिल के विस्तारीकरण के लिए केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लिखा पत्र

**अज़ीम खान**



**बदायूं/शेखुपुर**। राष्ट्रीय अध्यक्षा अपना दल एस एवम केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने बदायूं दि किसान सहकारी चीनी मिल शेखुपुर जनपद बदायूं की पेराई क्षमता बड़ाने के संबंध में माननीय मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री सुरेश राणा जी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है। देवेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष किसान मजदूर संगठन/अपना दल एस ने बताया कि मिल की पेराई क्षमता बड़ाने के लिए पहले कई बार जिला स्तर के प्रतिनिधि एवं प्रशासन को अवगत कराया लेकिन कोई संज्ञान नही लिया गया। यहां तक कि पत्र के माध्यम से शीर्ष स्तर पर अवगत कराना तक मुनासिव नही समझा। जिलाध्यक्ष श्री देवेंद्र सिंह ने बताया कि पहले रेल रोको आंदोलन, भूख हड़ताल जैसे आंदोलन गन्ना भुगतान को लेकर करने पड़े थे, तब जाकर किसानों को गन्ना का भुगतान निजी मिलो द्वारा किया गया था। निरंतर गन्ना किसानों के गन्ना भुगतान को लेकर जद्दोजहद करनी पड़ती है, माननीय बहन अनुप्रिया पटेल जी निरंतर किसानों कमेरो बांचितो की आवाज को सड़क से लेकर संसद तक बुलंद करती रही हैं हमें विश्वास है कि बहन अनुप्रिया पटेल जी ने चीनी मिल विस्तारीकरण का संज्ञान लिया है तो जरूर चीनी मिल का विस्तारीकरण होगा, जिलाध्यक्ष अपना दल एस देवेंद्र सिंह ने बदायूं कार्यकारिणी की ओर से बहन अनुप्रिया पटेल का आभार व्यक्त किया। बड़ी विडंबना है देश की रीड कहे जाने वाले किसानों को अपनी फसल का वाजिब मूल्य आजादी के 70 साल बाद भी नहीं मिल सका, गन्ना किसान की बात की जाए तो बदायूं मुख्यालय के निकट जो भी क्षेत्र है वहां के किसान गन्ना की खेती बड़ी मात्रा में करते हैं, गन्ना मिल के विस्तारीकरण से किसानों को गन्ना भुगतान की किल्लत से निजात मिलेगी और खुशहाल किसान होगा। बहन अनुप्रिया पटेल जी किसानों के हितों की लड़ाई लंबे अरसे से हर मंच पर उठाती आ रही हैं, कृषि को उद्योग का दर्जा दिलाने के लिए निरंतर सड़क से लेकर संसद तक उठाई हैं, हम सभी को इस सामाजिक न्याय की लड़ाई को बहन अनुप्रिया पटेल के हाथो को मजबूत करके और बल देना होगा, आभार व्यक्त करने वालो में प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक मंच नदीम अशरफ, जिलाउपाध्यक्ष एडवोकेट रघुवीर सिंह, जिलाउपाध्यक्ष धीरपाल, वरिष्ट जिलाउपाध्यक्ष योगेश पटेल, वरिष्ट जिला महासचिव राहुल त्रिवेदी, जिलामहासचिव चक्रेश कुर्मी, जिला महासाचिव चक्रेश कुर्मी, जिलामहासाचिव डॉक्टर पंकज राठौर, जिला सचिव प्रशांत पटेल, जिला सचिव राघवेंद्र सिंह, जिला सचिव छात्र मंच मुदित पटेल, कोषाध्यक्ष सतीश चंद्र सिंह, ब्रह्मप्रकाश सिंह, आयुष पटेल, गौरव पटेल सहित क्षेत्र के किसानों ने खुशी जाहिर की और बहन अनुप्रिया पटेल जी के हाथो को मजबूत करने का आश्वासन दिया।

## ऊर्जा मंत्री तोमर ने हजीरा सिविल हॉस्पिटल का किया निरीक्षण, मरीजों से की चर्चा

**एनसीआर समाचार**



**भोपाल**। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शुक्रवार को भोपाल से ग्वालियर पहुँचे और उन्होंने हजीरा सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया और मरीजों से बातचीत की। ऊर्जा मंत्री ने मरीजों से पूछा कि क्या आप को समय पर दवाइयाँ मिल रही हैं और डॉक्टर आपको देखने आते हैं। इस पर मरीजों ने जवाब दिया कि यह अस्पताल प्राइवेट नर्सिंग होम से भी बेहतर है। यहाँ पर सभी सुविधाएँ मिल रही है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने हजीरा सिविल अस्पताल की बिल्डिंग निर्माण कार्य को लेकर अस्पताल प्रबंधन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर हजीरा स्थित शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय पहुँचे और बच्चों से बातचीत की। उनको प्रेरणादायक संदेश दिया। श्री तोमर को बच्चों ने बताया कि उनके विद्यालय में टॉयलेट गंदा है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने साफ-सफाई रखने का संदेश देते हुए टॉयलेट साफ किया और सभी से यह अपील की कि स्वच्छता बनाए रखें। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन विद्यालय में टॉयलेट की साफ-सफाई की जाए। मंत्री श्री तोमर ने बच्चों द्वारा की जा रही पी.टी. भी देखी।

## भारतीय पत्रकार महासभा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर अरशद अली का जोरदार स्वागत




**नूर मोहम्मद शेख**

**शिवपुरी**। मध्य प्रदेश विजुअल फाइल्स-व्हाट्सएप - अरशद अली पत्रकार के भारतीय पत्रकार महासभा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर समस्त पत्रकारों द्वारा उनको हार फूल माला पहनाकर स्वागत कि किया गया एवं बधाई और शुभकामनाएं दी गई । साथ ही कपिल धाकड़ को भारतीय पत्रकार महासभा प्रदेश सचिव बनने पर पत्रकारों द्वारा हार फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया वह बधाई दी गई। स्वागत कार्यक्रम के बाद पत्रकार राजू यादव ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया की भारतीय पत्रकार महासभा पूरे प्रदेश में बहुत अच्छा काम कर रही है। यह पहला ऐसा पत्रकार संगठन है। जिसने अपनी शुरुआत समाज सेवा के रूप में की और हॉस्पिटलों में जाकर गरीबों को फल बांटे और गरीबों की मदद की और पत्रकारों के हक की आवाज बुलंद करने में भारतीय पत्रकार महासभा सबसे आगे है। साथ ही सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी उसके बाद भारतीय पत्रकार महासभा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद दारा खान ने बताया की पत्रकार महासभा पत्रकारों के हक की लड़ाई लड़ने के लिए सबसे आगे रहता है। और सबसे छोटे पत्रकार की भी मदद करने के लिए हर समय तैयार रहता है। पत्रकारों को बेहतर सहूलियत मिल पाए।

### गृह मंत्री डॉ. मिश्रा की अध्यक्षता में मंत्री-समूह की बैठक आयोजित

**देवेन्द्र कुमार जैन**

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा की अध्यक्षता में प्रस्तावित आबकारी नीति 2022-23 के लिये शुक्रवार को मंत्री-समूह की बैठक मंत्रालय में आयोजित हुई। बैठक में वाणिज्यिक कर एवं वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह और वन मंत्री कुंवर विजय शाह मौजूद रहें। प्रस्तावित नीति के संबंध में प्रमुख सचिववाणिज्यिक कर श्रीमती दीपाली रस्तोगी ने प्रेजेंटेशन दिया।

## महाअभियान के चरण में किया जा रहा टीकाकरण



**नूर मोहम्मद शेख**

स्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद की दो टीमों ने नगर के प्रत्येक क्षेत्र में पहुंचने की कोशिश की। बागली मांहा अभियान टीकाकरण कार्यक्रम में इस बार एसडीएम शोभाराम सोलंकी और तहसीलदार राधा महंत के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद के कर्मचारी अधिकारीयो ने दो टीमें गठित की एक टीम कॉलेज रोड गांधी कॉलोनी में सब्जी बाजार में टीका लगा रही थी। वही दूसरी टीम आंगनवाड़ी केंद्र में टिके लगा कर नगर के बचे हुए क्षेत्रों में भ्रमण कर टिका करण करती रही। नगर बागली के रहवासियों ने भी चल रहे टीकाकरण अभियान में सहयोग कर किसी ने प्रथम किसी ने दूतीय डोज लगवाया। स्वास्थ्य विभाग की प्रथम टीम के साथ नगर परिषद के विपीन ऊर्फ सोनू शर्मा, गोविंद राठौड़, आंगनवाड़ी आशा कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक घरों में दस्तक दे दे कर आमजन को जागरूक कर टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। वही दूसरी टीम में स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ प्रेम वास्केल नगर परिषद के वीरेंद्र गुर्जर, राजा अजमेरा लायक अली, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा विश्वकर्मा आदि कर्मचारियों के सहयोग से मां अभियान का कार्यक्रम सुचारु रुप से चलाया गया। रहवासी नफीसा बी , खातून बी ने दूसरा डोज लगाकर वैक्सीन के दोनों टिके पूरे कर लिए अब यकीनन हमें सावधानी रखने की जरूरत है। नये कोरोना वेरिएंट ओमिक्रोन की दस्तक हमें सतर्क होने की चेतावनी दे रही है। जल्द ही हम सबको लापरवाही छोड़ सैनिटाइजर और मास्क उपयोग के प्रति कटिबद्ध हो जाना चाहिए।

### बार एसोसिएशन चुनाव जीते सरबजीत सिंह बने अध्यक्ष



**तेजविंदर सिंह**

मनसा बार एसोसिएशन का चुनाव हुआ जिसमे 182 वोट के साथ सरबजीत सिंह को जीत मिली। विपक्ष में खड़े उम्मीदवार विजय कुमार सिंगला को 136 वोट मिले। सचिव के चुनाव में सतिंदर मित्तल एडवोकेट को 231 वोट मिले, विपक्ष ने राघवीर सिंह पर 144 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। इस चुनाव के आर एच एच कृष्णा गर्ग बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मनसा और उनकी सहायक भूमिका हरप्रीत सिंह थे। इस जीत से इसके बाद दोनों विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में खुशी का माहौल है।

### पुलिस की तत्परता से हाइवे पर संकट में आये परिवार को वक्त पर मदद

**देवराम ठाकुर**

देवास के सौरभ सचान अपनी पत्नी, बच्ची और वृद्ध परिजनों के साथ निजी कार्य से इंदौर की ओर जा रहे थे। इंदौर बायपास पर टोल टैक्स पार करने के बाद करीब एक किलोमीटर आगे उनकी कार का पिछला टायर फट गया। गाड़ी साइड में लगा कर जब उन्होंने स्टेपनी चेक की तो पता चला उसमें भी हवा नहीं है। काफी देर तक उन्होंने टोल प्लाजा का नंबर तलाश करने का प्रयास किया लेकिन उन्हें नंबर कहीं नहीं मिला। टोल कंपनी की जिम्मेदारी होती है कि उनके रोड पर कोई परेशानी में हो तो उसकी मदद करें। लेकिन इंदौर देवास रोड के बायपास पर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं मिली। अंत में उन्होंने डायल 112 को कॉल किया। डायल 112 ने उनकी पूरी मदद की और थाना लसूडिया की एफआरबी 47 में आरक्षक श्री परसराम और पायलट श्री प्रदीप मुकाती 15 मिनट के अंदर उक्त स्थान पर पहुंच गये।

## परिणय बंधन के उत्सव में महिला सशक्तिकरण को रेखांकित करने वाली प्रदर्शनी

**एनसीआर समाचार**



हाटपिपलिया के सिद्धिविनायक गार्डन में परिणय उत्सव के अवसर पर महिला सशक्तिकरण को समर्पित प्रदर्शनी के शुभारंभ के अवसर पर वरिष्ठ अभिभाषक प्रवीण चौधरी ने कहा कि विवाह समारोह में महिला सशक्तिकरण को प्रतिपादित करने वाली प्रदर्शनी सच्चे अर्थों में एक अनुकरणीय और प्रेरक कार्य है और इस प्रदर्शनी के माध्यम से नव दंपत्ति और उनके परिवार जनों ने समाज को एक नई दिशा दी है। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष श्री अशोक कप्तान, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्री राजवीर सिंह बघेल, पार्षद हारुन मंसूरी, समाजसेवी श्री बंसी तवर, पिंटू जमोडिया, भाजपा नेता दीपक माली, समाजसेवी ओम जी अंडेरिया आदि ने अपने विचार व्यक्ति किए। प्रदर्शनी संबंधित आयोजन के सूत्रधार पत्रकार शाकिर मंसूरी रहे, महिला सशक्तिकरण के संबंध में लगाई गई प्रदर्शनी में सावित्रीबाई फुले, ज्योतिबा फुले, रानी लक्ष्मीबाई, झलकारी बाई, दुर्गा भाभी, मदर टेरेसा, कल्पना चावला अहिल्याबाई होलकर, आदि के सुविचार अंकित करते हुए विशाल प्रदर्शनी शादी स्थल पर पंडाल के रूप में लगाई गई थी इस प्रदर्शनी का अवलोकन हजारों लोगों ने किया और वर-वधू को विशेष रुप से बधाई और मंगल कामनाएं दी पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री सज्जन वर्मा ने कहा कि श्री बंटी गरोठिया युवाओं के लिए अनुकरणीय आदर्श है।

# इंजीनियर के घर मिला 60 लाख कैश, दो किलो सोना और चांदी की ईंट

**एनसीआर समाचार**



**इंजीनियर साहब के ठाटबाट देखकर इस टीम की भी आँखें चौंधिया गईं. उनके घर पर छापेमारी में 60 लाख रुपये कैश के अलावा डेढ़ से दो किलो सोने के जेवरात, चांदी की ईंट और पोस्ट ऑफिस की एक दर्जन से अधिक पासबुक में जमा लाखों रुपये का खुलासा हुआ**

**नई दिल्ली**। बिहार में आय से अधिक सम्पत्ति वाले अधिकारियों की इन दिनों शामत आई हुई है. निगरानी विभाग ऐसे अधिकारियों की तलाश में रात-दिन एक किये हुए है. लगातार ऐसे अधिकारी पकड़े जा रहे हैं. इसी कड़ी में निगरानी विभाग की टीम ने बिहार की राजधानी पटना में ग्रामीण कार्य विभाग के अधिशासी अभियंता अजय कुमार के ठिकानों पर छापेमारी कर करोड़ों रुपये की सम्पत्ति का पता लगाया है. पटना के पाटलिपुत्र इलाके के इन्द्रपुरी में रोड नम्बर सात पर चार मंजिला शानदार मकान में रहने वाले अधिशासी अभियंता अजय कुमार के घर निगरानी विभाग की टीम पहुंची तो इंजीनियर साहब के ठाटबाट देखकर इस टीम की भी आँखें चौंधिया गईं. उनके घर पर छापेमारी में 60 लाख रुपये कैश के अलावा डेढ़ से दो किलो सोने के जेवरात, चांदी की ईंट और पोस्ट ऑफिस की एक दर्जन से अधिक पासबुक में जमा लाखों रुपये का खुलासा हुआ. इंजीनियर अजय कुमार के पास एक दर्जन से ज्यादा ज़मीनों के प्लाट और एलआईसी में निवेश के कागज़ात बरामद हुए. निगरानी कोर्ट से सर्च वारंट हासिल करने के बाद की गई इस छापेमारी में इंजीनियर अजय कुमार करोड़ों रुपये की काली कमाई की जानकारी सामने आई है. बिहार में निगरानी विभाग लगातार ऐसे अफसरों के खिलाफ छापे की कार्रवाई में लगा है जिनके बारे में आय से अधिक सम्पत्ति की शिकायतें मेल रही हैं. अभी हाल में एक इंजीनियर के घर पर पड़े छापे में इतनी नगदी घर पर ही बरामद हुई थी कि इस इंजीनियर ने नोट गिनने की मशीन खरीद रखी थी।

## आचार संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पुलिस कार्यवाही लगातार जारी

**राजेंद्र योगी**

अवैध शराब के परिवहन, हथियार लेकर घूमने वालों और मादक पदार्थों की तस्करी करने वालो को भेजा जा रहा जेल आगामी पंचायत चुनावों को देखते हुवे लिस्टेड गुंडों को थाने बुलाकर दी जा रही शांति बनाए रखने की सख्त हिदायत दर्जनों लोगों की जिला बदर सूची की गई तैयार कई रासुका की कार्यवाही की गई प्रस्तावित मतदान केंद्रों पर पुलिस की हो रही सतत निगरानी। इंदौर आगामी 9 जनवरी को प्रस्तावित पंचायत चुनाव को देखते हुवे इंदौर ग्रामीण में पुलिस द्वारा कार्यवाही की गति बढ़ा दी गई है। पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन हरिनारायण चारी मिश्र, उप पुलिस महानिरीक्षक इंदौर ग्रामीण चंद्र शेखर सोलंकी, पुलिस अधीक्षक इंदौर ग्रामीण आशुतोष बागड़ी के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महू पुनीत गेहलोद को इंदौर ग्रामीण के समस्त 13 थाना क्षेत्रों में आचार संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए है। जिनके अनुपालन में समस्त एसडीओपी के नेतृत्व में थाना प्रभारियों की अलग अलग टीमें गठित कर शांति व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए ग्रामीण पुलिस द्वारा दैनिक स्तर पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में कल दिनांक 16/12/21 को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र में 100 से अधिक लिस्टेड गुंडों की थाना स्तर पर सख्ती से पूछताछ कर उनके फिंगर प्रिंट लिए गए और डोजियर भरवाए गए है। समस्त जिला बदर अपराधियों के घरों की चेकिंग की गई है। 115 लोगो को शांति बनाए रखने हेतु बाउन्ड ओवर किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### खाटू श्याम पैदल यात्रा पर निकले श्रद्धालु, जबलपुर से पैदल जायेंगे खाटू श्याम




**राजेश मेवाड़ा**

बाबा खाटू श्याम की पैदल यात्रा जबलपुर से लगा के खाटू श्याम तक पैदल चलने वाले यात्री आज जिला संवाददाता राजेश मेवाड़ा को उनके गांव के पास मिले जहां उन्होंने उनका भव्य स्वागत किया और भव्य तरीके से बाबा शाम को निहारते हुए गए नाचते गाते बाबा श्याम का झंडा आगे लहराता हुआ जा रहा था और नंगे पैर चलते जा रहे थे कहीं-कहीं लोगों ने चाय नाश्ते का प्रोग्राम किया तो कहीं बाबा के दर्शन किए लोगों ने आते जातेहाथ जोड़ते दिखाई दिये, गोविंदा का भगवान को सुरक्षित बाबा श्याम के जल्द से जल्द जय श्री श्याम हरे का सहारा बाबा श्याम है।

### अज्ञात कारणों से लगी आग लाखों का सामान जल कर हुआ राख़, परिवार को SDPI से गुहार



**मो वाहिद**

**जरवल।** नगर पंचायत जरवल की सीमा के करीब बसें ग्राम जरवल देहात के कटी हैदरपुर नौबस्ता अचेहरा में अज्ञात कारणों से मास्टर साकिर अली के घर में आग लग गई जिससे ग्रामीणों में काफी अफरातफरी का माहौल बन गया। स्थानीय ग्रामीण शादाब अहमद की सूचना पर एस.डी.पी आई के नगर महासचिव अब्दुल वहीद ने एस.डी.पी आई के कार्यकर्ताओ को साथ लेकर मौके पर पहुँच गए और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया तथा आग पर जब तक काबू पाया जाता तब तक पीड़ति परिवार के घर मे रखा हुआ समान व घर जल कर राख हो चुका था तथा पीड़ति परिवार की ऐसी स्थिति को देखकर एस.डी.पी.आई के नगर महासचिव अब्दुल वहीद ने नगर वासियों से और हर इंसान से पीड़ति परिवार को हर सम्भव हर मदद देने की अपील की हैं।

### मध्य प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव क्षिप्रा तट पर धरने पर बैठे



**राजेंद्र योगी**

**उज्जैन।** मोक्षदायिनी क्षिप्रा शुद्धीकरण को लेकर संत समाज मैदान में आकर जिला प्रशासन और सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ गए उनका यह धरना मोक्ष दायिनी मां शिप्रा तट पर रखा गया जिसमें कई संतों ने खाना पीना त्याग दिया जब धरने की जानकारी जिला प्रशासन कलेक्टर आशीष सिंह और मध्य प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव को लगी तो तुरंत संतो को मनाने शिप्रा तट पर पहुंच गए। धरने पर बैठे संत समाज को उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव ने चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेकर धरना समाप्त करने का अनुरोध किया साथ ही संत समाज को आश्वस्त किया बहुत जल्दी इंदौर से आ रहा खान नदी का जल डायवर्ट कर दिया जाएगा और शिप्रा नदी को गंदे पानी मिलने का रास्ता बंद कर दिया जाएगा इस संदर्भ में उच्च शिक्षा मंत्री यादव जी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट से बात कर साधु संतों की भावनाओं से अवगत कराया उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव साधु संतों को आश्वस्त किया शिप्रा में गंदा पानी नहीं मिले इसके लिए कार्य योजना बनाई जा रही है।

### जन अभियान परिषद की बैठक हुई संपन्न

**ब्रज कुमार राठौर**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा नगर शुजालपुर में बैठक युवराज क्लब शुजालपुर सिटी में रखी गई जिसमें जिला समन्वय श्री विष्णु नगर जी समाज सेवि श्री जितेंद्र गुरनिया ब्लॉक समन्वयक सीमा बेंडवाल एव मार्गदर्शन जिला समन्यवक द्वार प्राप्त हुआ मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नगर की सेवा बस्ती में किस तरह से नेटवर्क एवं सामाजिक क्षेत्रों में काम किया जा सकता है इसके लिए टीम सभी लोगों के सुझाव जिला समन्वयक जी द्वारा लिए गए तत्पश्चात मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ने कहा की हम लोगों को आत्मनिर्भर भारत में काम करने की आवश्यकता है जिसे किसी भी प्रोडक्ट के रूप में काम करेंगे तो सेवा बस्ती के लोग हम से जुड़ेंगे माननीय कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार शुजालपुर नगर में अंकुर योजना के अंतर्गत क्लब गार्डन एवं धार्मिक स्थानो पर आवश्यकता अनुसार पौधा रोपन वायुदूत ऐप के माध्यम से अपलोड करें करवाना हमारी पहेली प्राथमिकता नगर पालिका के अंतर्गत पौधा रोपण करे जिसे हमारे नगर को प्रकृति के लिए हरा भरा कर सके साथ ही आत्मनिर्भर भारत को प्राथमिकता देते एन आर एल एम को जागरुक कर शासन की विभिन्न योजनाओ को नीचे तक सभी को जानकारी देना शुजालपुर नगर को 100 प्रतिशत वेक्सीनेशन किया जा सके।

# विद्यार्थी राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाएं: राज्यपाल

**देवेन्द्र कुमार जैन**

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों की अहम भूमिका है। प्राध्यापकों का दायित्व है कि वे विद्यार्थियों में सेवा और संस्कार रोपित कर उन्हें आदर्श छात्र एवं नागरिक बनाने का प्रयास करें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आदर्श नागरिक बनाने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।



नई शिक्षा नीति में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, रोजगार के साथ ही नैतिक मूल्यों का समावेश किया गया है। विश्वविद्यालय, शिक्षा के साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करें।राज्यपाल श्री पटेल शनिवार को शहडोल में पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षान्त समारोह को सम्बोधित कर रहे थें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राएँ सत्य के मार्ग पर चलकर और धर्म का पालन कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कर अपने ज्ञान को शोध और अनुसंधान में लगाएँ। विद्यार्थियों के ज्ञान से उनका गाँव, प्रदेश और देश का नाम रोशन हो, विद्यार्थी ऐसा कोई कार्य न करें जिससे उनकी मातृभूमि को लांछन लगें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पदक सम्मान मिलने के बाद उनकी सामाजिक एवं राष्ट्र के प्रति जवाबदारी और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि मुझे आशा ही नहीं विश्वास है कि इस विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण छात्र धन अर्जित करेंगे तथा अपने ज्ञान का उपयोग समाज हित में करेंगे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि जनजातीय अंचलों में सिकल सेल की बीमारी सभी के सामने एक चुनौती है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल के प्रति जागरूकता पैदा करने और इसके नियंत्रण में विश्वविद्यालयों की अहम भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बीमारी के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों को भी सहभागिता निभानी चाहिए। सभी विश्वविद्यालय 5-5 गाँव गोद लेकर सिकल सेल बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करें और बीमारी से बचाव के लिए निरंतर प्रयास करें। यह वंशानुगत रोग है, इसके निदान के लिए सबको मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल की जाँच वृहद स्तर पर होनी चाहिए, जिससे रोग के बारे में सभी को जानकारी हो और इसका निदान भी संभव हो सकें।

शहडोल जिले के प्रभारी एवं पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण (स्वतंत्र प्रभार), विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़, जनजाति कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री रामखेलावन पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जनजातीय अंचल शहडोल संभाग के लिए सब कुछ किया है, इसमें विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना प्रमुख है। उन्होंने कहा कि आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के लिए हर स्तर पर नागरिकों को प्रयास करना होगा।

## दूसरे दिन भी लटक रहे बैंकों में ताले, करोड़ों की क्लीयरिंग ठप



**सर्जन कश्यप**

यूनाइटेडफोरम ऑफ बैंक यूनियन के आह्वान पर की गई दो दिवसीय हड़ताल के अंतिम दिन शुक्रवार को भी जिले की बैंकों में पड़े रहे ताले। बैंक कर्मियों ने बैंक ऑफ इंडिया की फतेहगढ़ शाखा पर धरना प्रदर्शन दिया। हड़ताली बैंक कर्मियों की सभा को संबोधित करते हुए संयोजक केदार शाह ने कहा कि कई दौर की वार्ता के बाद भी सरकार की हठधर्मिता अपनाई है, इसी के चलते बैंक कर्मी हड़ताल को मजबूर हुए यह आने वाले दिनों में देश को आर्थिक गुलामी की तरफ ले जाएगा। बैंक ऑफ इंडिया के आशुतोष वर्मा ने कहा कि हम बैंकर लाभ कमा कर सरकार को दे रहे हैं फिर भी बैंकों का निजीकरण क्यों नहीं किया जा रहा है, बैंक किसी भी राष्ट्र की रीढ़ की हड्डी होते हैं इसको तोड़ने का मतलब है देश को कमजोर करने की साजिश। बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारी नेता मुनेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार की नियत में खोट है, वहीँ बैंक कर्मियों ने जोर-जोर से नारेबाजी की मोदी तुम्हारी तानाशाही नहीं चलेगी और नारे लगे कल लड़े थे गोरों से आज लड़ेंगे चोरों से नारेबाजी की गई जिस में उपस्थित सूबेदार बाथम, अंकित हनी, बर्जेश शर्मा, मेघनाथ, अजय, वैभव कश्यप विक्रम सिंह, ननिखिल मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## गीता जयंती समारोह में अधिकारीगण खुद नए वेरिएंट के प्रोटोकोल की धज्जियां उड़ाते नजर आए

**शुशील कुमार**

हरियाणा के फतेहाबाद में गीता जयंती समारोह मनोहर मेमोरियल कॉलेज में मनाया जा रहा है। इस महोत्सव पर सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जा रहीं है, और एडीसी समेत कई अधिकारियों ने इस महोत्सव में शिरकत भी की लेकिन कोरोना के नियमो की धज्जियाँ सब उड़ाते नजर आए। बिना मास्क के शहर पुलिस को चालान काटने के दिए है आदेश। जबकि प्रदेश मे कहीं भी बिना मास्क आमजनों के मिलने पर चालान काटे जा रहे है और वहीँ गणमान्य व्यक्ति, अधिकारी और कर्मचारीगण हर जगह बिना मास्क और बिना प्रोटोकोल नियम के घूमते नजर आए, और कोई रोक टोक भी नहीं दिखाई दी। स्वास्थ्य एवं गृह मंत्री अनिल विज ने दिए थे अधिकारियों को नए वेरिएंट ओमीक्रॉन से सख्ती से निपटने के निर्देश प्रदेश के सभी जिला अधिकारियों को नए वेरिएंट ओमीक्रॉन से निपटने के सख्त निर्देश दिए थे लेकिन ये नियम सिर्फ और सिर्फ आमजन तक ही सीमित है बाकी मंत्रीगण, अधिकारीगण सब प्रोटोकोल के नियम से बाहर है। गीता जयंती समारोह में अलग अलग स्कलो के बच्चों को भी लाया गया।

### हृदय गति रुकने से पत्रकार का निधन

**अज़ीम खान**



**उघैती, बदायूँ।** उघैती थाना क्षेत्र गांव रामपुरिया निवासी अमर प्रभात के पत्रकार कमरुद्दीन उर्फ के के का हृदय गति रुकने से शनिवार को निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उघैती पत्रकार एकता मंच ने शोक प्रकट किया। पत्रकार एकता मंच के अमित जौहरी, डॉ मुनेश कुमार , रिंकू भारद्वाज, अकरम। गुलामे मुस्तफा, मलिक, राम प्रजापति, अविनाश भारद्वाज, एसपी सिंह, लालाराम शाक्य, अंकुर द्विवेदी, योगेश कठेरिया ने शोक जताया है।

## मंत्री श्री डंग ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर लिया स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा

**एनसीआर समाचार**

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने 18 दिसम्बर को बालाघाट में आयुष मंत्री श्री रामकिशोर नानो कांवरे एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष श्री गौरीशंकर बिसेन और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जिले में कोविड-19 की लहर से बचाव के उपायों की समीक्षा की। मंत्री श्री डंग ने जिला अस्पताल पहुँचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों को व्यवस्थाएँ चाक-चौबंद और प्रभावी रखने के निर्देश दिए। व्यवस्थाओं के अवलोकन के दौरान जाँच व्यवस्था को स्वयं का टेस्ट करवाकर परखा। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव एवं समय पर उपचार में टेस्ट एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मेरा सभी से आग्रह है कि बीमारी के लक्षणों में उसे टालने की बजाय टेस्ट और उपचार करायें। श्री डंग ने मरीजों से चर्चा की और एसएनसीयू, आईसीयू वार्ड सहित समूचे परिसर का एवं जिला अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। मंत्री श्री डंग ने चिकित्सकों से उपलब्ध संसाधनों एवं सुविधाओं की भी जानकारी ली एवं मरीजों को पर्याप्त सुविधाएँ सुनिश्चित करवाने को कहा। बालाघाट जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट की उत्पादन और सप्लाई व्यवस्था की अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। ऑक्सीजन सप्लाई व्यवस्था निर्बाध रहे इस संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया गया।



# कोविड-19 की नकारात्मकता में समाज का सकारात्मक पक्ष भी देखने को मिला: सारंग

**एनसीआर समाचार**

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि कोरोना काल में कोविड की नकारात्मकता में भी समाज का सकारात्मक पक्ष देखने को मिला है। उस दौरान समाज का हर वर्ग सामने आकर स्व-प्रेरणा से लोगों की सहायता करने में जुटा रहा। ऐसे कोरोना वॉरियर्स का सम्मान कर मैं स्वयं को सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। मंत्री श्री सारंग शनिवार को 'ड्रीम भोपाल-ग्रीन भोपाल'' सोशल एण्ड एनवायरमेंट वेलफेयर फाउण्डेशन के 'योद्धाज ऑफ भोपाल' सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न श्रेणियों में कोविड के दौरान कार्य करने वाले योद्धाओं का सम्मान किया गया। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि कोविड का वह दौर हमने एक-दूसरे के सहयोग से जीता है, लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। भगवान न करे आने वाले समय में हमें फिर एक-दूसरे के साथ खड़े होकर कोरोना के नये वैरिएंट से लड़ना पड़े। नये वैरिएंट से लड़ने और लोगों को अभी से इसके प्रति जागरूक करने के लिये कोरोना योद्धाओं का सहयोग अपेक्षित है। सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क की अनिवार्यता जैसे व्यवहार/आचरण रोजमर्रा के जीवन में अपनाने से ही हम कोरोना की थर्ड वेब को रोक सकते हैं। श्री सारंग ने कहा कि यह अच्छी बात है कि देश में 100 करोड़ के पार वैक्सीनेशन हुआ है। मध्यप्रदेश में भी 95 प्रतिशत को प्रथम और 83 प्रतिशत को वैक्सीन के दोनों डोज लगाये जा चुके हैं। श्री सारंग ने कहा कि सम्मान समारोह में सभी ऐसे योद्धाओं का सम्मान नहीं हो पाता, जो उसके हकदार हैं, लेकिन ऐसे प्रतीकात्मक कार्यक्रम दूसरों के लिये प्रेरणा-स्रोत बनते हैं। प्रमुख सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति श्री फैज अहमद किदवई ने कहा कि हमने कोविड का दौर टीम वर्क के साथ कार्य करके ही जीता है। कलेक्टर श्री अविनाश लवानिया ने स्व-प्रेरणा से काम करने वाले कोरोना वॉरियर्स का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रशासन और समाज ने उस दौर में मिलकर काम किया। इससे ही हमें ताकत मिली है और हम स्थिति को नियंत्रित रख सके। पुलिस महानिरीक्षक श्री इरशाद वली ने कहा कि कोविड के दौर में समाज के सहयोग से किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं घटी। सभी का सहयोग लगातार मिलता रहा है। प्रमुख सचिव एवं प्रशासकीय सदस्य राजस्व मण्डल श्री मनु श्रीवास्तव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विकास मिश्रा भी मौजूद थे। कोरोना वॉरियर्स का सम्मान सोशल डिस्टेंसिंग नियमों को ध्यान में रखते हुए किया गया। अतिथियों का स्वागत संस्था के संस्थापक श्री स्पर्श द्विवेदी और श्री आशीष मिश्र ने क़यिा। कार्यक्रम के समापन में कोरोना में खोए हुए साथियों के प्रति दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। सुश्री मीता वाधवा ने आभार माना।



### समाजवादी पार्टी की महा विजय रथ यात्रा का रायबरेली आगमन

**हंसराज**

रायबरेली 2 दिन के दौरे पर माननीय अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी माननीय अखिलेश यादव बछरावां पहुंचकर उनका स्वागत किया गया। जिसमें वहां के विधायकों और जनता ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री का विजय रथ यात्रा जो वहां के बाद गुरबक्श गंज हिंदी पहुंचे वहां से फिर लालगंज होते हुए सरेनी माननीय अखिलेश यादव 2 दिन के दौरे पर रायबरेली आए हुए हैं। उनकी यह विजय रथ यात्रा 2 दिन रायबरेली जिले में चलेगी उनके साथ बड़े मंत्री और विधायक भी उनके साथ हैं और वीरेंद्र यादव राष्ट्रीय महासचिव उनके साथ थे। अखिलेश यादव ने कहा हमारी सरकार आते ही जैसे पहले 5 साल पहले जो कार्य मैंने बड़ी तेजी के साथ किये थे उसी तरह हमारा कार्य जारी रहेगा। हमारी सरकार आते ही हम और विकास करने का प्रयास करेंगे।



### तेज रफ्तार ट्रक ने एक ने साल की मासूम, उसकी मां और दादा की जान ली

**एनसीआर समाचार**

बाइक पर जा रहे परिवार की मौत, ट्रक उनको रौंदते हुए तेजी से निकल गया। ट्रक गुजरने के बाद तीनों के चीथड़े उड़ गए थे। हादसा खरगोन बायपास जामगढ़ जोड़ पर हुआ। थाना प्रभारी अमरेश बोहरे ने बताया कि हादसा 50 साल के मानसिंह आदिवासी निवासी गगनबाड़ा कला सिलवानी के साथ हुआ। उसके बेटे राममिलन की शादी बरेली तहसील के खरगोन गांव में हुई थी। मानसिंह अपनी बहू शकुन और डेढ़ साल की पोती चिक्की को लेने उसके मायके गए थे। वह शनिवार को वह बस में सवार होकर अपने गांव के लिए निकलने वाला था, तभी बस स्टॉप पर उसे सेनकुआं का रहने वाला परिचित दुर्गेश मिल गया। वह बाइक से खरगोन गांव जा रहा था। मानसिंह ने दुर्गेश से कहा, उनको भी खरगोन तक ले चले।

## टी -20 नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन में भोपाल से आष्टा को हराकर फाइनल जीता



**सैयद फ़राज़ अली**

अतिथियों जिसमें अनीता आर्य अध्यक्ष दामिनी आवाज सामाजिक संस्था दामिनी की आवाज सामाजिक संस्था के मुख्य अनीता जी आर्य रिंकू ओझा सुजाता चौहान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मीना विनीत सिंह जी बलम भगत जी भैया मो एजाज और अमन भैया एमपी इदरीश मंसूरी डॉक्टर पप्पू राय सिंह मेवा पवन पाठक का गत साफा बांधकर पुष्प माला से किया गया एवं संचालन कुशलपाल लाला दीपक तानी द्वारा किया गया आयोजक समिति राहुल गांधी की फ़िरोज अली चांद मियां शेख राजा द्वारा सभी दर्शकों का आभार व्यक्त किया गया . संवादाता आध / विक्रम ठाकुर आसुभाष ग्राउंड पर चल रहे टी -20 नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट आज समापन पर फाइनल मुकाबले में भोपाल ने आठ को 3 विकेट से हराया जिसमें अभिषेक पाठक द्वारा 60 रन की पारी खेली गई यह मैन ऑफ द मैच रहे मैन ऑफ द सीरीज नयन राज मेवा बवान अभिषेक पाठक गेंदबाज नयनराज बिल्डरलपोर ठाकुर रहे प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 271000 भोपाल और 731000 आष्टा को सभी अतिथियों द्वारा दिए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### घर में अचानक आग लगने से घर का सामान हुआ राख

**अज़ीम खान**

**बदायूं/सहसवान।** नगर के मोहल्ला मुहीउद्दीनपुर में चंद्रपाल, पुत्र जगन्नाथ, के घर में कल शाम 4:00 बजे के लगभग अचानक आग लग गई !जिसमें घरेलू सामान सहित दास हजार रुपए जलकर राख हो गए। चंद्रपाल ने बताया जिस वक्त उसके घर में आग लगी उस समय घर का सदस्य कोई नहीं था बाहर से दरवाजा लगा हुआ था तब अचानक भरभरा कर धुंआ निकलने लगा तो पड़ोसियों ने देखा घर में आग लग गई आग की खबर सुनते ही मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई लोगों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। सूचना फायर स्टेशन को दी गई एक घंटे लेट पहुंची फायर स्टेशन जब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था मोहल्ले वासियों ने बताया चंद्रपाल मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। चंद्रपाल बहुत ही गरीब व्यक्ति है। अचानक आग लगने से चंद्रपाल का सब कुछ जलकर राख हो जाना नगर के लोगों को एक चिंता का विषय बना हुआ है। वहीँ घर में आग लग जाने को लेकर परिजनों का भी रो रो कर बुरा हाल है।

### छत्तीसगढ़ के सहायक शिक्षकों ने एक बार फिर वेतन विसंगती सहित अपनी मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया



**नोहर सिन्हा**

सहायक शिक्षक अपनी मांगों को लेकर विधानसभा का घेराव करने पहुंचे। बताया जा रहा है कि इस दौरान 10000 से अधिक सहायक शिक्षक मौजूद हैं। मिली जानकारी के अनुसार अपनी मांगों को लेकर सहायक शिक्षक विधानसभा का घेराव करने निकले हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन ने उन्हें सप्रे शाला मैदान के पास ही रोक लिया है। वहीं, घेराव के दौरान दो-तीन महिलाएं बेहोश हो गईं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है।

### शाहाबाद SHO सुरेश कुमार मिश्रा द्वारा निशुल्क आई कैम्प का शुभारंभ



**शाहवाज़ हुसैन ख़ान**

**शाहाबाद।** निशुल्क नेत्र शिविर में सीतापुर से आए डाक्टरों की टीम ने लगभग 180 मरीजों की आंखों की जांच करी जिसमे 80 मरीज़ मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किए गए। मरीजों को शाहाबाद से सीतापुर निशुल्क बस द्वारा ले जाया व वापस पहुंचाया जाएगा मुख्य अतिथि के रूप में कोतवाल सुरेश कुमार मिश्रा ने AK फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस निशुल्क नेत्र शिविर कार्य की प्रशंसा एवम सरहना करते हुए कहा कि ग़रीब व बेसहारा लोगों की मदद व आंखों मे रोशनी वापस लाना जीवन का सबसे पुण्य कार्य है SHO शाहाबाद सुरेश कुमार मिश्रा ने इस कार्य में सहयोग कर रहे सभी लोगो का दिल से आभार व्यक्त किया एवम डाक्टरों की टीम को प्रशासित पत्र देकर सम्मानित किया इस मौके पर डॉ शाहिद अली डॉ वलीम ख़ान ब्यूरो चीफ लवी ख़ान के साथ बहुत से लोग उपस्थित रहे।

### गुटखा व्यापारी पर फायरिंग व लूट का आरोपी का अभी तक कोई सुराग नहीं

**प्रमोद कुमार बंसल**

किराना व्यापार समिति के पदाधिकारियों ने सोमवार को एसएचओ सवाई सिंह से बैठकर 4 दिन पूर्व व्यापारी बृजलाल गुप्ता पर फायरिंग कर ₹25000 की लूट के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए शहर में रात्रि को पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की एस.एच.ओ ने कहा कि वारदात में लिप्त अपराधियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा साथ ही उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठान के आगे सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाएं। उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी वे जल्द भामाशाह या पालिका प्रशासन के सहयोग से ठीक करवाएंगे। इस मौके पर हरिराम सैनी, सुरेश मोठुका, राजेश, प्रहलाद बंसल, राजेश शर्मा व अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

### क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में निकाला गया रूट मार्च

**एनसीआर समाचार**

**बदायूं/सहसवान।** क्षेत्रधिकारी सीपी सिंह व प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ रूट मार्च निकाला गया जो बाजार विल्सनगंज, से होते हुए पठान टोला, मोहल्ला काजी, मोहल्ला पट्टी यकीन मोहम्मद, होते हुए चोकी नंबर 4, अकबराबाद, चौराहा से होता हुआ वापस थाने पहुंचा रास्ते में जगह जगह बाइकों को भी चेक किया गया और लोगों से कहा बेवजह कहीं भी भीड़ इकट्ठे ना करें इसी के थाना स्टाफ को निर्देश दिए के पूरे कस्बे में बराबर गस्त करते रहें ।

कहीं भी किसी तरह की कोई भी घटना न होने पाए और असामाजिक तत्वों पर नजर रखें फ्लैग मार्च को देखकर लोगों अपने प्रतिक्रियाएं की यह काम बहुत अच्छा है इससे असामाजिक तत्व कहीं कोई भी घटना को अंजाम नहीं दे सकते इसी तरह से पुलिस एक्टिव रहेगी तो उम्मीद है कि सहसवान में कोई घटना नहीं घटेगी और इस रूट मार्च को देखकर लोगों ने इसकी प्रशंसा भी की और सीओ व प्रभारी निरीक्षक की लोग तारीफ करते नजर आए।

#### कलेक्टर श्री मनीष सिंह की अध्यक्षता में

# कलेक्टर कार्यालय में टीएल मीटिंग आयोजित



**देवराम ठाकुर**

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिये कि 100 दिवस से अधिक अवधि से लंबित 1269 शिकायतों को शत प्रतिशत संतुष्टिपूर्वक निराकृत किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी लंबित आवेदनों का प्रभावी एवं त्वरित निराकरण किया जाये।

कलेक्टर श्री सिंह ने समाधान हेतु चयनित विषयों पर लंबित शिकायतों की समीक्षा भी की। उन्होंने एलडीएम को निर्देश दिए कि शासकीय योजना हेतु स्वीकृत लोन संबंधित 190 शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि उक्त संबंध में सभी संबंधित ब्रांच मैनेजर की बैठक आयोजित कर उन्हें लोन स्वीकृति एवं सैंक्शन की प्रक्रिया आगामी 3 दिनों में पूर्ण करने के निर्देश दिए जायें। कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न विभागों से संबंधित समय अवधि पत्रकों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी अपर कलेक्टर्स को निर्देश दिये कि जिले में अवैध कॉलोनाइजर्स के विरूद्ध सतत अभियान जारी रख कार्रवाई की जाये। उन्होंने महिला बाल विकास अधिकारी एवं सीएमएचओ को निर्देश दिये कि जिले को एनीमिया रोग मुक्त बनाने के लिये सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यशाला आयोजित कर जन जागरूकता हेतु अभियान चलाया जाये।

बैठक के दौरान संबल योजना के क्रियान्वयन से संबंधित शिकायतों की समीक्षा के दौरान पाया गया की कुछ अधिकारियों द्वारा योजना से संबंधित शिकायतों के निराकरण में संतोषजनक प्रदर्शन नहीं दिखाया जा रहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर देपालपुर जनपद के संबल योजना शाखा प्रभारी श्री दिनेश सिसोदिया और श्रम इंस्पेक्टर के.एस. कुशवाह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने देपालपुर जनपद सीईओ को भी मॉनिटिरिंग कार्य में लापरवाही बतरने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने श्रम विभाग अधिकारी को निर्देश दिये कि वे जिले में पदस्थ सभी श्रम इंस्पेक्टर को सक्रिय कर तथा जिले के सभी सीएमओ एवं जनपद सीईओ के साथ समन्वय स्थापित कर संबल योजना से संबंधित कार्यों को दक्षता के साथ संपन्न कराना सुनिश्चित करें।

## गुरुग्राम के मनेशर गांव भांग रोला में ग्राम पंचायत के सहयोग से नि:शुल्क हृदय रोग चिकित्सा कैंप का आयोजन




**कृष्ण कुमार**

आज मानेसर नगर निगम के गांव भांग रोला में ग्राम पंचायत के सहयोग से मेदांता अस्पताल गुरुग्राम की तरफ से निशुल्क हृदय रोग चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 80 से 90 लोगों ने अपने हृदय की जांच कराई। मुख्य रुप से ब्लड प्रेशर, शुगर, और वजन आदि की जांच की गई और मरीजों को स्वास्थ्य परामर्श दिए गए इसमें मेदांता अस्पताल की तरफ से डॉ एम आर मजूमदार हृदय रोग विशेषज्ञ और उनके सहयोगी स्टाफ एवं मार्केटिंग कैंप होल्डर देशराज जी का विशेष योगदान रहा। कैंप के आयोजन पर ग्राम वासियों की तरफ से मेदांता अस्पताल व उनकी टीम को बधाई दी, समाजसेवी डॉ इंद्रजीत यादव ने इस कैंप के आयोजन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस तरह के कैंप के आयोजन होते रहने चाहिए ताकि गरीब लोग जो अस्पताल जाने में असमर्थ है वह अपनी जांच निशुल्क यहीं पर करवा सकें और उन्होंने मेदांता हॉस्पिटल और उनकी टीम को धन्यवाद किया।

## माले की तरफ से किसानों के लिए चक्का जाम

**राजू कुमार**

पटना जिला के मसौढ़ी धनरूआ ब्लॉक के अंतर्गत भाजपा माले के कुछ कार्यकर्ताओं ने मिलकर सरकार के विरोध जमकर चक्का जाम करने की एलान किया। एलान करने का मकसद है कि जो भी किसानों को खाद पदार्थ जैसे कि डीएपी खाद है जो सरकारी रेट से किसानों को नहीं मिल पा रही है धान का भी किसानों को नहीं मिल रहा है मनमानी अपने आप में सरकार कर रही है इसलिए भाजपा माले की पार्टी ने कुछ सदस्य मिलकर धनरूआ ब्लॉक के पास सरकार के विरोध जबरदस्त हंगामा किए और यहां पर शासन प्रशासन अस्त व्यस्त होते रहे जनता को कहना है कि कि जो डीएपी खाद हमें सरकारी रेट से मिलता था वह हमें गैर सरकारी रेट से दिया जा रहा है और वह समय पर भी नहीं मिल रहा है इसी तरह से धान का भी




कारोबार चल रहा है तो हम लोग कब तक जिएंगे जिंदगी हम लोगों को मरना तो तय है ना हम लोग को खाद मिल रहा है ना हम लोग को धान का रकम मिल रहा है जो भी हम लोग मेहनत करते हैं हम लोग का मेहनत पानी में चला जाता है इसलिए गुस्से से आकर हम लोग रोड पर उतर आए हैं अभी रोड पर ही उतरे हैं अभी पता नहीं कहां-कहां उतरेंगे हम लोग हम लोग जानता हैं जनता को लोग कमजोर समझते हैं इसीलिए जनता को झूठे वादे करते रहते हैं और वोट लेकर चले जाते हैं और वोट लेने के बाद जनता को मरने के लिए छोड़ देते हैं जब जनता का जरूरत पड़ता है तब नेता लोग आते हैं और कहते हैं कि की जनता भाई लोग से अनुरोध है कि हम इस बार आप लोग के सारे शिकवा शिकायत खत करेंगे इस तरह से मीठे मीठे बातें बोलकर वोट लेकर चले जाते हैं लेकिन यहां कुछ भी ऐसा नहीं है कहने को कुछ और है दिखाने को कुछ और है।

## भाजपा छोड़ हरिशंकर तिवारी के बेटे सहित कई बड़े चेहरे समाजवादी पार्टी में शामिल

**अज़ीम खान**

**लखनऊ।** यूपी में विधानसभा चुनाव से पहले पूर्वांचल की सियासत में ब्राह्मण चहरा माने जाने वाले बाहुबली हरिशंकर तिवारी के दोनों पुत्र रविवार को समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। उन्हें सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी की सदस्यता दिलाई है। हरिशंकर तिवारी के बडे.पुत्र पूर्व सांसद भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी, चिल्लूपार के विधायक विनय शंकर तिवारी के साथ ही विधान परिषद के पूर्व सभापति गणेश शंकर पांडे, संतकबीरनगर से भाजपा विधायक दिग्विजय नारायण चौबे उर्फ जय और बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संतोष तिवारी और पायल किन्नर भी सपा में शामिल हो गई। पायल किन्नर ने सपा को समर्थन देने का वादा किया और उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई गई है। उन्हें सपा किन्नर सभा का अध्यक्ष बनाया गया है। इस मौके पर विनय शंकर तिवारी ने कहा है कि 2017 में जनता के बड़े समर्थन और उत्साह से यूपी में भाजपा की सरकार बनी, लेकिन इस सरकार ने लोकतंत्र नहीं राजतंत्र अपनाया। अगर कोई ट्वीट करता तो उसे जेल भेज दिया जाता है, लोगों



के बोलने पर पाबंदी लगाई गई। काम किसी और का है पर पत्थर अपना लगवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार में ब्राह्मण समाज का लगातार अपमान किया गया है। इस सरकार ने एनकाउंटर की नीति अपनाई है। ब्राह्मण समाज पर बहुत ज्यादा अत्याचार हुए हैं। तिवारी ने आगे कहा कि वर्तमान समय में एनकाउंटर सरकार की पॉलिसी बन गई है। वहीं घोषित करके एनकाउंटर हो रहे हैं। विनय ने कहा कि इस सरकार ने पिछली सरकार की योजनाओं का उद्घाटन किया है। सरकार ने समाज के बिखराव और लोगों को बाटने और विज्ञापन का काम किया।

## सपा नेता नईम उल हसन का जोरदार स्वागत

**अज़ीम खान**

**बदायूं।** सहसवान में आज समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता नईम उल हसन उर्फ लड्डन मियां ने ग्राम आतर व विजय घड़ी गांव में समाजवादी चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान गांव वालों ने लड्डन मियां का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया इस दौरान लड्डन मियां ने समाजवादी पार्टी द्वारा कराए गए कामों को बताया जैसे कि उन्होंने कहा माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी द्वारा 100 नंबर 112 नंबर 102 नंबर 1090 जैसी सुविधाएं एंबुलेंस आप लोगों के लिए चलवाई जिससे आप इसका फायदा उठा सकें,



लेकिन आज इस भाजपा सरकार ने इन सारी योजनाओं का बंटाधार कर दिया है आज आप एंबुलेंस को कॉल करते हैं तो आपको घंटों इंतजार करना पड़ता है और वह आपके द्वार तक नहीं आ पाती। ऐसी स्थिति में आपको प्राइवेट गाड़ी लेकर अस्पतालों को जाना पड़ता है। आप सभी लोग जानते हैं कि इस भाजपा सरकार ने किसानों से लेकर व्यापारियों तक की कमर तोड़ कर रख दी है। आज डीजल, के रेट पेट्रोल, के रेट और खाद, के रेट आसमान छू रहे हैं लेकिन यह सरकार कान में तेल डाल कर सोई हुई है। बिजली का यह हाल है कि किसान गेहूं बोने को तरस रहा है, लाइट नहीं आती जिससे कि खेतो की सिंचाई कर सकें लेकिन जनता अब सब जान चुकी है। वह चुनाव का इंतजार कर रही है और आने वाले चुनाव में जनता इस सरकार को उखाड़ फेंक देगी और माननीय अखिलेश यादव जी के नेतृत्व वाली समाजवादी और विकास की सरकार को चुनेगी। लड्डन मियां ने कहा आप अपना एक एक बोट समाजवादी पार्टी को दें और विकास की सरकार को चुने जिससे आप लोगों का विकास हो सके इस दौरान लड्डन मियां के साथ काफी लोग मौजूद रहे।

### शाहबाजपुर पुलिस चोरी की घटनाओं को रोकने में पूरी तरह नाकाम नजर आ रही है

**अज़ीम खान**

**बदायूं/सहसवान।** के शाहबाजपुर पुलिस चौकी चोरी जैसी घटनाओं पर लगाम लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही चोरी जैसी घटनाओं को लेकर चोरियां होना एक आम बात हो गई है। जहां दीपक मोबाइल शॉप, की दुकान से लैपटॉप नगद धनराशि मोबाइल की स्टेशनरी यदि सामान को किया पार यह मामला कोई नया नहीं है। इससे पहले भी शाहबाजपुर में रवि शंकर, पुत्र जागन लाल, की दुकान में 4/9/2021/कबाड़े की दुकान का बेलचा डालकर शटर को उठा दिया दुकान में रखा हजारों का माल चोरी कर लिया ऐसा ही मामला चांद मीट शॉप की दुकान को चोरों ने निशाना बनाया, ऐसा ही मामला एक मछली वाले की दुकान का शटर तोड़कर निशाना बनाया, यह मामला कोई नया नहीं है ! ऐसे कई मामले सामने आए हैं ! आखिर शाहबाजपुर पुलिस चौकी चोरियों जैसी घटनाओं को रोकने में क्यों नाकाम साबित हो रही एक तरफ जिले पर बैठे तेजतर्रार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कड़े निर्देशों के साथ निर्देश दे रहे हैं ! कि अगर चोरियों जैसी घटनाओं को रोकने में पुलिस नाकाम है ! तो वह अपनी कुर्सी छोड़ दे जब से चौकी इंचार्ज ने चौकी का चार्ज संभाला है।

## ग़रीबों की सेवा ही सच्ची राष्ट्र भक्ति है: पूर्व जिपं सदस्य हाफिज इरफान अंसारी

**अज़ीम खान**

ग्राम इस्माईलपुर सहसवान में ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में, सामाजिक संस्था हेल्पिंग हैंड्स के विंटर रिलीफ प्रोग्राम के तहत, कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जरूरतमंदों को सर्दी के मद्देनजर कंबल दिये किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी, व पूर्व सदस्य जिला पंचायत हाफ़िज़ इरफान ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा।कि शिक्षा की ज्योति से ही समाज में फैले अंधकार को दूर किया जा सकता है, शिक्षा ही वह हथियार है जिससे ग़रीबी को हराया जा सकता है शिक्षित होकर गरीब का बच्चा भी हर क्षेत्र में तरक्की कर सकता है यहां तक की देश के सर्वोच्च पद पर भी आसीन हो सकता है जिसकी मिसाल हमारे



मुल्क में मिसाइल मैन, राष्ट्रपति अब्दुल कलाम के रूप में मौजूद है, शिक्षा की जागरूकता के लिए प्रचार प्रसार होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीबों, जरूरतमंदों की सेवा करना हम सब का फरीज़ा है, उन्होंने फाउंडेशन को धन्यवाद कहते हुए कहा कि समाज के संपन्न व संभ्रांत लोगों को गरीबों की सेवा करते रहना चाहिए क्योंकि गरीबों की सेवा ही सच्ची राष्ट्र भक्ति है। इस मोक़े पर ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन के स्टेट कोऑर्डिनेटर मोहम्मद अबूज़र,नोमान अहमद, ताज मोहम्मद।

# पुलिस कप्तान राकेश कुमार सगर का कार्य पूरे जिले में अति सराहनीय

**ब्रज कुमार राठौर**



जिले के पुलिस कप्तान राकेश कुमार सगर द्वारा पूरे जिले में कानून व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है और पूरे जिले में अवैध काम जड़ से समाप्त कर दिए हैं जो अति सराहनीय कार्य है पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सगर ने हर थाना प्रभारियों को उचित उचित निर्देश दे रखे हैं और पूरे जिले में कानून का पुख्ता इंतजाम है।

**अवैध काम जड़ से समाप्त**

आगर मालवा जिले के पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सगर द्वारा निर्देश के अनुसार पूरे जिले में अवैध काम जड़ से समाप्त कर दिए गए हैं जो अति सराहनीय है और काबिले तारीफ है अवैध कामों पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने बहुत कोशिश की है और उसमें सफलता भी प्राप्त की है पूर्व में किसी भी अधिकारी ने इस प्रकार का कार्य नहीं किया पर पुलिस अधीक्षक आगर मालवा द्वारा अपने विवेक से उचित से उचित निर्णय लेकर सारे अवैध कामों को दमींदोश कर दिया।

**पूरे जिले में कानून व्यवस्था सुचारू रूप से**

पूरे जिले में पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सगर के निर्देशानुसार पूरे जिले में कानून व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है और जिले के थाना प्रभारियों द्वारा पूरे जिले में रात को गश्त के पूरी तरीके से पुलिस प्रशासन द्वारा कमान संभालती है और उसे इमानदारी से निभाती है जो पुलिस प्रशासन और जनता के बीच दूरियां कम करती है और अपराधियों में खौफ पैदा करती हैं।

**पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सगर का कार्य सराहनीय**

आगर मालवा जिले के पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सगर का कार्य काबिले तारीफ और सराहनीय है इन्होंने अपने कार्यकाल में जिले के कई हिस्सों में बड़ी बड़ी कार्रवाई है की है जो पहले नहीं हुई जब से जिले में राकेश कुमार सगर आए हैं तब से पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से लेकर जवानों तक सभी अपना कार्य सुचारू रूप से कर रहे हैं जिसमें पुलिस अधीक्षक की अहम भूमिका है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुनगा से पंचायतों में मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत

**एनसीआर समाचार**

**भोपाल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, भोपाल श्री अविनाश लवानिया के निर्देशन में स्थानीय निर्वाचन 2021-22 के लिए भोपाल की ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्थानीय निर्वाचन में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के प्रयास किये जा रहे हैं। भोपाल जिले की 187 ग्राम पंचायतों एवं जनपद पंचायतों में मतदान 6 जनवरी 2022 को होंगे। इसी तारतम्य में मंगलवार को ग्राम पंचायत गुनगा में स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर नागरिकों को वोट के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2021 के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार श्री राजीव नंदन श्रीवास्तव अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैरसिया के निर्देशन में जन जागरूकता रैली एवं क्विज प्रतियोगिता कराने के लिए विकासखंड बैरसिया के अंतर्गत समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के प्राचार्यो की बैठक रखी गई। बैठक में निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्र में प्रत्येक ग्राम एवं मतदान केंद्र पर जन-जागरूकता रैली का आयोजन अनिवार्य रूप से करवाकर मतदाताओं को जागरूक करें जिससे मतदान में सभी मतदाता हिस्सा ले सकें।

### नशे के विरूद्ध इन्दौर पुलिस कमिश्नर का "प्रहार", किया नार्को हेल्पलाईन नबंर जारी

**देव राम ठाकुर**




इंदौर महानगर पुलिस द्वारा शुरू किया गया अवैध नशे के विरुद्ध अभियान। आम जनता से नशीले पदार्थ बेचने वालों की सूचना प्राप्त करने हेतु जारी किया गया, नार्को हेल्पलाइन नंबर- 704910-8283 । आम जनता हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर 24×7 दे सकती है, नशे की किसी भी प्रकार की गतिविधियों की सूचना। सूचनाकर्ता की पहचान पूर्णरूप से गुप्त रखी जाएगी।

### बाइक सवार युवक ने 6 साल के बच्चे को अपनी बाइक तले रौंदा

**राजू कुमार**

पटना जिला के मसौढ़ी थाना के अंतर्गत कादिर गंज थाना के पास एक बाइक सवार युवक ने अपने बाइक के तले एक 6 साल के बच्चे को रौंदा जिसमें क्राइम कंट्रोल रिफॉर्म ऑर्गेनाइजेशन के सदस्यों ने मौके पर जाकर बच्चे को गांव के नजदीकी हॉस्पिटल में इलाज कराने के लिए पहुंचाया। यह घटना मंगलवार को दोपहर के करीब 1:00 बजे के आसपास की हैं और बाइक सवार युवक बच्चे को रोंदने के बाद बाइक छोड़कर अपनी जान बचाने के लिए फरार हो गया। जिसका बाइक नंबर बी आर 01 सिटी 1 4 26 है यह गाड़ी सुमन कुमार के नाम पर रजिस्टर्ड है। क्राइम कंट्रोल रिफॉर्म ऑर्गनाइजेशन के सदस्य राजू कुमार ने गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर पुलिस प्रशासन को सूचित किया। प्रशासन का कहना है कि जिस तरह क्राइम कण्ट्रोल रिफार्म आर्गेनाइजेशन ने पुलिस की सहायता की है उसी तरह पुलिस प्रशासन भी क्राइम कण्ट्रोल रिफार्म आर्गेनाइजेशन को सहायता देगा। बच्चे के हालात बहुत ज्यादा बिगड़ने लगे इसलिए ग्रामीण हॉस्पिटल का कहना है कि इस बच्चे का इलाज हमसे संभव नहीं है। इसलिए इस बच्चे को मसौढ़ी के हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है।

### 1 लाख 50 हजार की कीमत के चोरी के मोबाइल सहित आरोपी गिरफ्तार

**राजेंद्र योगी**



नेमावर थाना प्रभारी राजाराम वास्केल से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 12 में रहने वाली संगीता बाई ने रात्रि को अपने मोबाइल को चार्ज पर लगाने के लिए रखा लेकिन मोबाइल उन्हें नहीं मिला जिस जिसके बाद महिला नेमावर थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए गई। अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी किए जाने की रिपोर्ट 10 दिसंबर को थाने पर दर्ज कराई थी, पुलिस ने मामला दर्ज कर ग्रामीण अंचल में संदेही लोगों की घेराबंदी कर कार्यवाही की तो ग्राम कुंड गांव के एक युवक वीरेंद्र उर्फ राजकुमार पिता संतोष बडोदिया निवासी कुंडा गांव को हिरासत में लेकर सघन पूछताछ की गई, जिसमें उसने 8 कीमती मोबाइल की चोरी करना कबूल किया। जिनकी बजारी कीमत 1 लाख 50 हजार होना बताया, पुलिस ने चोर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी आरआर वास्केल की अगुवाई में प्रधान आरक्षक मनीष मीणा भरत शर्मा, धन्नालाल, सैनिक नारायण यादव मुकेश दुबे की सराहनीय भूमिका रही।

### भारतीय गौ रक्षा सेना महिला मोर्चा अल्पसंख्यक प्रदेश महामंत्री बनी रोमा चौधरी

**अज़ीम खान**



भारतीय गौ रक्षा सेना महिला मोर्चा अल्पसंख्यक प्रदेश महामंत्री बनी रोमा चौदह भारतीय गोरक्षा सेना में भाजपा नेत्री श्रीमती रोमा चौधरी को महिला अल्पसंख्यक मोर्चे का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। क्रोमा चौधरी के मुक्ति पाने के बाद सहसवान में खुशी की लहर छा गई है रोमा चौधरी ने कहा मैं किसी के साथ अन्याय नहीं होने दूंगी गोरक्षा का हमेशा रक्षा व सम्मान करूंगी समाज को जागरूक करूंगी कि गाय का दूध उसके बच्चों को होता है हम और आप के लिए नहीं और उन्होंने जनता से अपील की गाय के दूध में शिफा होता है।

---

**पंचायत एवं ग्राम पंचायत में निर्वाचन संपन्न कराने के लिये रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्ति आदेश जारी**

# निर्वाचन हेतु रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**देवराम ठाकुर**



त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 हेतु मध्यप्रदेश पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 20 एवं 21 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनीष सिंह द्वारा जिला पंचायत एवं समस्त जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत में निर्विघ्न व शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने के लिये रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्ति आदेश जारी किये गये है। जारी आदेशानुसार जिला पंचायत इंदौर के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनीष सिंह रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम जूनी इंदौर श्री अंशुल खरे एवं एसडीएम इंदौर श्री मुनीष सिंह सिकरवार को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इसी तरह जनपद पंचायत इंदौर के लिये एसडीएम बिचौली हप्सी श्रीमती विशाखा देशमुख को रिटर्निंग ऑफिसर एवं तहसीलदार बिचौली हप्सी श्री राजेश सोनी को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, जनपद पंचायत इंदौर के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों के लिये तहसीलदार खुड़ैल श्रीमती पल्लवी। पुराणिक को रिटर्निंग ऑफिसर एवं तहसीलदार मल्हारगंज श्री मनीष श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार राऊ श्री संजय गर्ग, नायब तहसीलदार मल्हारगंज सुश्री हर्षा वर्मा, नायब तहसीलदार नजूल मल्हारगंज श्री लोकेश आहूजा, नायब तहसीलदार खुडैल सुश्री अर्चना गुप्ता, नायब तहसीलदार बिचौली हप्सी सुश्री शैफाली अग्रवाल, नायब तहसीलदार जूनी इंदौर सुश्री प्रीति भिसे एवं श्री ओमप्रकाश चौरमा, प्रभारी तहसीलदार राऊ श्री महेन्द्र गौड़ को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत डॉ. अम्बेडकर नगर महू के लिये एसडीएम महू श्री अक्षत जैन को रिटर्निंग ऑफिसर एवं अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग श्री राजेश मिश्रा को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, जनपद पंचायत महू के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों के लिये तहसीलदार श्री सुदीप मीणा को रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपयंत्री पीडब्ल्युडी श्री अनुराग मण्डलोई, नायब तहसीलदार महू श्री शिवशंकर जरोलिया, अपर तहसीलदार टप्पा सिमरोल श्री आनंद मालवीय, उपयंत्री पीएचई श्री अशोक बालेराव, उपयंत्री जल संसाधन विभाग श्री एस.के. गुप्ता, उपयंत्री पीएचई श्री राजेश होल्कर, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सी.एस. डाबर, नायब तहसीलदार टप्पा मानपुर श्री ओमप्रकाश बेडा एवं उपयंत्री लोक निर्माण विभाग श्री राजकुमार जैन को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत सांवेर के लिये एसडीएम सांवेर श्री रविश श्रीवास्तव को रिटर्निंग ऑफिसर एवं राजस्व निरीक्षक सांवेर श्री अभय भटूरे को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, जनपद पंचायत सांवेर के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों के लिये तहसीलदार सांवेर श्री तपीष पाण्डेय को रिटर्निंग ऑफिसर एवं नायब तहसीलदार सांवेर श्री राकेश चौहान, ग्रामीण उद्यानिकी विस्तार अधिकारी सांवेर श्री चंदर सिंह मण्डलोई, अपर तहसीलदार क्षिप्रा श्री ब्रम्हस्वरूप श्रीवास्तव, एसडीओ पीएसई श्रीमती पद्मा गोमे, परियोजना अधिकारी श्री बीएस सिरोलिया, उपयंत्री श्री मनोज राठौर, सहायक प्रबंधक प्रधानमंत्री सड़क योजना सांवेर श्री प्रदीप उपाध्याय, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री पीडी सरवैया, एसडीओ जल संसाधन विभाग श्री एमएल सोनी, उपयंत्री पीडब्ल्युडी श्री सुमित बारोड, उपयंत्री पीएचई श्री एम.के. नाईक एवं उपयंत्री जल संसाधन विभाग श्री एस.के. गुप्ता को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत देपालपुर के लिये एसडीएम देपालपुर को रिटर्निंग ऑफिसर एवं तहसीलदार हातोद श्रीमती ममता पटेल को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, जनपद पंचायत देपालपुर के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों के लिये तहसीलदार श्री बजरंग बहादुर सिंह को रिटर्निंग ऑफिसर एवं सीएमओ गौतमपुरा श्री राजा यादव, सब इंजीनियर पीडब्ल्युडी श्री अनिल जैन, नायब तहसीलदार गौतमपुरा श्री विनोद पाठक, खनिज इंस्पेक्टर श्री चैनसिंह डामोर, कृषि विभाग अधिकारी श्री एम तोमर, श्री अनोप सिंह चौधरी, श्री बृजेश चौहान, उपयंत्री पीडब्ल्युडी श्री आर.के. सोनी, एसडीओ पीडब्ल्युडी श्री के.के. जैन, नायब तहसीलदार देपालपुर श्री नीरज प्रजापति, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री डी.के. मोगरा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री बी.एल. चौहान, सहायक यंत्री पीएचई श्री राजेश उपाध्याय ए.आर. मण्डलोई को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

## मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान बरेली जिला रायसेन मध्य प्रदेश में निकलेगी जन जागरण यात्रा

**अंसार खां**



देश, प्रदेश में मंडराता प्रजातंत्र पर खतरा एवं राजनैतिक तानाशाही,महगाई के विरोध में म.प्र.काग्रेस कमेटी के तत्वाधान एवं पूर्व मुख्य मंत्री मा.कमलनाथ जी के निर्देशानुसार उदयपुरा क्षेत्र के विधायक देवेद्र पटेल एवं जिलाध्यक्ष देवेद्र पटेल के नेतृत्व में जनता को जागरूक करने एवं समस्याओ से रूबरू होते हुये किसानो,व्यापारियो,गरीबो मजवूर ओर मजदूर व देश के विगड़ते वर्तमान हालातो को जन जन तक पहुचायेगे। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश उपाध्याय एवं कार्यकारी अध्यक्ष यशपाल रधुवंशी ने वताया कि दिनांक 16 दिसम्वर को उदयपुरा क्षेत्र के प्रसिध्द धार्मिक स्थल छींद मंदिर पर पूजा अर्चना के उपरांत कांग्रेस केबरिष्ठ नेताओ के सानिध्य मे जध जागरण यात्रा का शुभारम्भ होगा ।जो क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो से गुजरेगी नुक्कड़ सभाओ के माध्यम से किसानो,मजदूरो,आम लोगो तक अपनी बात पहुचायेगी। जन जागरण यात्रा में म.प्र.कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मा.अरूण यादव जी,सुधासु त्रिवेदी राष्ट्रीय सचिव,शैलेन्द्र पटेल प्रदेश महा सचिव, होशंगावाद संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद रामेश्वर दयाल नीखरा ,जिलाध्यक्ष देवन्द्र पटेल,पूर्व विधायक भगवान सिंह राजपूत,विधायक देवेन्द्र पटेल,आदिकांग्रस के वरिष्ठ कार्यकर्ता यात्रा में सम्मलित रहेगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओ के व्दारा इस यात्रा की भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है।यह यात्रा छींद धाम से होकर पैदल मार्च करते हुये 5,6ग्रामो मे जनता के वीच जाकर डीजल,पेट्रोल के वेहताशा बढ़े दाम रोजमर्रा की खाद्ध सामग्री के बढ़ते मूल्य,विजली विल आदि से जागरूक करेगी। शाम कै बरेली नगर मे टाकीज चौराहे पर आम सभा के रूप मे समाप्त होगी।

## दयावान ने बिना दहेज शादी रचाकर कायम की मिसाल

**दयावान**



**रेवाड़ी।** गाँव कोसली के दयावान ने बिना दहेज़ शादी रचाकर एक मिसाल कायम की तथा समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बने। प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 दिस्मबर को गाँव कोसली से झांसल (हनुमानगढ़) राजस्थान के लिए बारात रवाना हुई तथा बिना दान दहेज़ शादी करके सात फेरे लिए। इसके बाद दुल्हन मोनिका को सकुशल घर लाया गया। दयावान ने बताया कि आज समाज में दहेज प्रथा एक विकराल रूप धारण कर रही है, जिसको खत्म करने के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए। तभी समाज में बेटियों का मान- सम्मान बढेगा। नेताओं ने दी बधाईः दयावान द्वारा बिना दहेज शादी रचाने पर भाजपा नेता वीर कुमार यादव तथा कांग्रेस नेता सोनू हुड्डा ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आज समाज में दहेज प्रथा का प्रचलन चल रहा है, जिसको मिटाने के लिए समाज को आगे आना चाहिए। दयावान ने बिना दहेज़ शादी रचाकर समाज में जागरूकता लाने का काम किया है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र है। नेताओं ने बताया कि विवाह-शादियों में दान दहेज लेना तथा देना दोनों ही अभिशाप है, इसलिए इसको समाप्त करने के लिए समाज को एकजुट होना जरूरी है तभी दानव रुपी दहेज से छुटकारा मिल सकता है। समाज सेवी ने दिया आशीर्वादः कोसली हल्के से युवा समाज सेवी विजय गुडियानी ने नवदम्पत्ति दयावान एवं मोनिका को गाँव झासंल (हनुमानगढ़) पहुंचकर आशीर्वाद दिया।

## मास्टर ट्रेंनर्स ने पीपीटी तथा मतपेटी एवं ईवीएम के माध्यम से मतदान दलों को दी ट्रेनिंग

**देवेंद्र कुमार जैन**



**भोपाल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अविनाश लवानिया के निर्देश एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विकास मिश्रा के मार्गदर्शन में मंगलवार को मतदान दलों को दो सत्रों में प्रातः 9 से 12 बजे तक तथा दोपहर 1 से 4 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। मतदान दलों को दो स्थलों मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल, टीटी नगर, भोपाल एवं कुक्कुट पालन भवन, वैशाली नगर, भोपाल में प्रशिक्षण दिया गया। दोनों स्थलों पर 13-13 मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान दलों के 176 सदस्यों को पीपीटी के माध्यम से मतदान पूर्व से लेकर, मतदान होने के बाद, मतपेटी और ईवीएम स्ट्रांग रूम में जमा करने तक की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई साथ ही मतदान दलों के प्रश्नों, संशय एवं समस्याओं का निराकरण भी किया। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर 5 सदस्यीय दल कार्यरत होगा जिसमें एक पीठासीन अधिकारी और 4 मतदान अधिकारी आपसी समन्वय से नियमाधीन निष्पक्ष निर्वाचन कराना सुनिश्चित करेंगे। मॉडल हायर सेकेण्ड्री स्कूल टीटी नगर, भोपाल में प्रशिक्षण केन्द्र समन्वयक डॉ. संजय दीक्षित एवं डॉ. जितेन्द्र परमार की उपस्थिति में दोनों सत्रों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम सत्र में प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक, मास्टर ट्रेनर डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा, डॉ. एस.के कुंभारे, डॉ. अमर कुमार नायक, डॉ. अरूण मिश्रा, डॉ.डी.आर. तिवारी, डॉ. सभाकांत द्विवेदी द्वारा मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया गया। द्वितीय सत्र में मास्टर ट्रेनर डॉ. संतोष भार्गव, डॉ. अशोक नेमा, डॉ. के.के.मिश्रा, डॉ. ए.के.कुशवाह, डॉ. जी.पी. यादव, डॉ. जे.एन. त्रिपाठी, डॉ. राजेन्द्र जुगादे द्वारा मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण स्थल कुक्कुट पालन भवन वैशाली नगर, भोपाल में प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. पीयूष भटनागर, प्राध्यापक एवं राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं डॉ. आर.के.शर्मा, प्राध्यापक शासकीय पीजी महाविद्यालय भेल भोपाल की उपस्थिति में मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम सत्र में प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक, मास्टर ट्रेनर डॉ. एस.एस. श्रीवास्तव, डॉ. देवेन्द्र पटेल, डॉ. भूपेन्द्र झा, डॉ. आशीष तिवारी, डॉ.एस.के. मालवीय, डॉ. एम.आई. मसूद ने मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया। द्वितीय सत्र में दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक डॉ. बवन सयके, श्री विशाल वशिष्ठ, श्री सिद्धांत जैन, डॉ. मुकेश नापित, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. मनोज सिन्हा, डॉ. माखनसिंह चौहान ने मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया।

## टोल प्लाजा दर वृद्धि को लेकर किसानों ने दी चेतावनी, आम आदमी के पक्ष में ऐलान


**तेजविंदर सिंह**




किसानों ने चेतावनी दी है कि पंजाब में टोल प्लाजा पर रेट बढ़ाने से आम जनता परेशान हुई तो वे फिर से टोल प्लाजा पर बैठेंगे और सभी वाहनों की टोल फ्री आवाजाही की अनुमति देंगे। अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब में मत्था टेकने और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) द्वारा सम्मानित किए जाने के बाद लखोवाल ग्रुप के महासचिव हरिंदर सिंह लखोवाल ने कहा कि बीकेयू नेता राकेश टिकैत ने चेतावनी दी थी कि अगर टोल प्लाजा का प्रबंधन बढ़ जाता है. पंजाब में टोल की दरें इस आधार पर लगभग 40 प्रतिशत बढ़ गई हैं कि एक साल से अधिक समय से टोल पर बैठकर और यातायात की मुफ्त आवाजाही की अनुमति देने से किसानों को नुकसान हुआ है, तो किसान फिर से टोल पर बैठेंगे। प्लाजा और सभी वाहनों की टोल-फ्री आवाजाही की अनुमति दें। यदि आप टोल दरों में वृद्धि करना चाहते हैं, तो इसे 2 से 3 प्रतिशत तक बढ़ा दें क्योंकि सरकार गेहूं के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) इतनी बढ़ा देती है कि अचानक 40 प्रतिशत की वृद्धि बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। बीकेयू (एकता-उग्रहन) पंजाब के सचिव शिंगारा सिंह मान ने कहा कि पंजाब में किसान अभी भी टोल प्लाजा पर बैठे हैं।

## सृष्टि सीबीडी परियोजना की कठिनाईयों को जल्द ही दूर किया जाएगा

**एनसीआर समाचार**



सृष्टि सीबीडी परियोजना को पूरा करने में आ रही कठिनाईयों के निराकरण के लिये गठित मंत्रि-परिषद समिति की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि परियोजना से संबंधित कठिनाईयों को शीघ्र दूर किया जाएगा। समिति ने निर्णय लिया कि आगामी 20 दिसम्बर को समिति की बैठक फिर से की जाएगी, जिसमें संबंधित बिल्डर और बैंक के प्रतिनिधि को भी बुलाया जाएगा, इससे सभी पक्षों के समक्ष में ही व्यापक चर्चा हो सकेगी। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि साउथ टी.टी. नगर स्थित ₹सृष्टि सीबीडी परियोजना₹ में पहले से ही बहुत विलंब हो चुका है। परियोजना में जिन लोगों ने आवास बुक किया है, वे भी परेशान हैं। अतः जल्द ही इस परियोजना को पूरा करना जरूरी है। वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत और सहकारिता मंत्री श्री अरिवंद भदौरिया ने भी कहा कि परियोजना के विलंब से प्रदेश की छवि पर भी असर पड़ता है। अतः इसे जल्द से जल्द पूरा करने के लिये हरसंभव प्रयास किये जाने चाहिए। आयुक्त मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल श्री भरत यादव ने परियोजना के संबंध में प्रेजेन्टेशन दिया। इस दौरान प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री मनीष सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### डिवाइडर बिच रोड पर जो पौधे लगाए जाते हैं उन्हें काटा जा रहा है

**देवराम ठाकुर**

**इंदौर।** बायपास के डिवाइडर पर कनेर के पेड़ लगे हैं जो बारिश में काफी बडे.और खूबसूरत हो जाते हैं। इनमें सफेद पीले सिंदूरी फूल इनकी खूबसूरती को और बढ़ा देते हैं। अच्छी लंबाई होने पर सड़क पर छांव आती है। और दूसरी तरफ से आने वाली गाड़ियों की लाइट को रोकते हैं। बायपास के भारी ट्राफिक से उत्पन्न जहरीली गैस का अवशोषण वहीं हो जाता है। अफसोस कि इन्हें सड़क की तरफ ट्रिम करने के बजाय पूरे पेड़ ही बेदर्दी से काट दिये जाते हैं। हालांकि यह नगरनिगम के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता लेकिन जहाँ हर घर एक पेड़ अभियान के साथ खूबसूरत हरे-भरे पेड़ों की इस कटाई के खिलाफ इंदौर वासियों को खड़े होना चाहिये।

## बरेली प्रीमियर लीग टूर्नामेंट 18 दिसंबर से क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारियां अंतिम चरण में

**अंसार खान**

**बरेली।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी बरेली पुलिस ग्राउंड पर टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट क्षेत्र की सबसे लोकप्रिय क्रिकेट लीग बरेली प्रीमीयर लीग का आयोजन 18 दिसंबर से होगा। इस वर्ष यह आयोजन क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक समाजसेवी स्वर्गीय राजा भैया चौधरी किनगी एवं राष्ट्रपति से पुरस्कृत साहित्यकार, कवि, स्वर्गीय श्री प्रभु दयाल खरे (गज्जे भैया) की पुण्य स्मृति में आयोजित है। इसमें क्षेत्र की 10 टीमें भाग लेंगी जिनका चयन क्षेत्र के खिलाड़ियों से किया गया है।प्रमुख रूप से चित्रांश कॉलेज कुमकुम जनरल, हम तुम गारमेंट,अंश स्टार, सूर्या आर्ट, रूद्र डीजे, बृजेश्वरी हार्डवेयर, सत्यम नमकीन आरसीसी, हीरो सुर्योदय, टीम भाग लेंगी, आयोजन समिति ने बताया है। कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31000 श्री पल्लव राय श्री राम कॉलोनी द्वितीय पुरस्कार 21 हजार नगद राशि ओमप्रकाश भोपाल सिंह ठाकुर मैन ऑफ द सीरीज अनामिका ट्रेडर्स रविंद्र शर्मा समस्त ट्राफियां हेमंत चौधरी मनोज चौधरी सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज फॉरएवर मेंस एंड गर्ल्स बेयर अबरार मंसूरी ,सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मनोज डागोर, सर्वश्रेष्ठ फिल्डर स्वर्गीय तत्व प्रकाश जी अग्रवाल की स्मृति में द्वारा पवन अग्रवाल इमर्जिंग प्लेयर अनंतम कॉलेज राजकुमार धाकड़, सभी मैचों का सीधा प्रसारण की व्यवस्था केशब सोनी मंच की व्यवस्था ज्ञानेंद्र सिंह जी राजपूत, साउंड व्यवस्था राजपाल राजपूत समस्त गेंदे प्रिंस वाच शकील अहमद कुमकुम जनरल फरहान खान ट्रैक सूट की व्यवस्था सौम्या होंडा शरद धाकड़ एवं प्रचार प्रसार व्यवस्था राजू विश्वकर्मा की ओर से रखी गई है। टूर्नामेंट के बीच में मंच से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा। समिति संरक्षक श्री हरनाम सिंह जी राजपूत ने बताया है। कि यह लोकप्रिय लीग पिछले वर्षों से पुलिस मैदान पर आयोजित होती रही है। इस पर यह लेख यह लीग महान हस्तियों की पुण्य स्मृति में रखी गई है। जिसमें हमारे क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक जनप्रतिनिधि प्रबुद्ध जन मंच पर उपस्थित होंगे। समिति सदस्य निखिल खरे, इकबाल अहमद, लक्ष्मी नारायण बोहरे, सरवन राजपूत, शैलू राजपूत, देवेंद्र, योगी, और सभी सदस्य लीग की तैयारियों में दिन रात लगे हुए हैं कार्यक्रम में बरेली की प्रमुख समितियों का सम्मान भी किया जाएगा। क्षेत्र की जनता जनार्दन से अपील है कि टूर्नामेंट को सफल बनाएं ।

## संक्षिप्त समाचार

### कोटपूतली शहर में मास्टर प्लान के अनुरूप होगा सड़क निर्माण कार्य: मनोज अग्रवाल



कोटपूतली शहर में नगरपालिका विभाग द्वारा मास्टर प्लान के अनुरूप शहर के मुख्य मार्गों को चौड़ा करके अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को आगे बढ़ाया जा रहा है। शहर के मुख्य चौराहे से पुरानी नगर पालिका एवं राजकीय सरदार स्कूल से पुरानी नगर पालिका शनी मंदिर तक 60 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण एवं नालियों का निर्माण होगा साथ ही सड़कों के के बीच स्ट्रीट लाइट भी लगाई जाएगी जिसे की रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था रहे एम दुर्घटना होने जोखिम कम रहे। नगरपालिका विभाग द्वारा 500 व्यापारियों एवं आमजन को नोटिस दिया गया है जिसमें सड़क गली एवं नालों पर छज्जा आदि का निर्माण किए किसी भी अतिक्रमण को 3 दिन के अंदर हटाने के निर्देश दिए गए हैं एवं नोटिस में 3 दिवस के व्यापारिक संस्थानों भूखंडों एवं भवनों के दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए का गया है नोटिस में तीन दिवस के अंदर दस्तावेज नगर पालिका विभाग के अधिकारी के सामने यह दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

### कलेक्टर मनीष सिंह की पहल पर कैंसर पीड़ित पति पत्नी को मिला न्याय



**देवराम ठाकुर**

निरंजनपुर की गोल्डन पॉम बिल्डिंग में कैंसर पीड़ित पति पत्नी के फ्लैट पर ट्रांसपोर्टर द्वारा लंबे समय से किराएदार ने कब्जा कर लिया था। जिसको लेकर पीड़ित दंपति ने कुछ माह पूर्व कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई में अपनी पीड़ा जाहिर की थी। जिसको लेकर कलेक्टर मनीष सिंह ने तुरंत संज्ञान लेते हुए मामले पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। किराएदार द्वारा कई वर्षों से ना किराया दिया जा रहा था और ना ही मकान खाली किया जा रहा था। जिसके बाद रेंट कंट्रोल एक्ट के तहत एसडीएम अंशुल खरे ने बेदखली के आदेश जारी किए। इस दौरान जिला प्रशासन, नगर निगम व पुलिस की संयुक्त कार्यवाही के तहत किराएदार इंद्र प्रताप सिंह से फ्लैट को कब्जे से मुक्त कराया गया ।हालांकि इस दौरान किराएदार के परिवार की महिलाओं द्वारा कार्यवाही का विरोध भी किया गया ।लेकिन उनकी एक न चली और मकान खाली करवा कर तहसीलदार हरिशंकर विश्वकर्मा ने गौड़ दंपति को फ्लैट की चाबी सौंपी। वही फ्लैट की चाबी और कब्जा पाकर पीड़ित दंपत्ति ने कलेक्टर मनीष सिंह को भगवान तक का दर्जा दे दिया । उन्होंने कहा कि कलेक्टर मनीष सिंह ना होते तो शायद हमें अपना फ्लैट वापस नहीं मिलता । फ्लैट की चाबी पाकर श्रीमती शोभा गौड़ ने कलेक्टर मनीष सिंह को हृदय से धन्यवाद भी दिया ।

### रिक्रूट आरक्षियों की परीक्षा का एसएसपी ने लिया जायजा



**उत्तर प्रदेश/बदायूं।** रिजर्व पुलिस लाइन्स बदायूँ में रिक्रूट आरक्षियों की परीक्षा प्रारम्भ हुई।एसएसपी डॉ. ओपी सिंह ने परीक्षा की स्थितियों का जायजा लिया और परीक्षा में लगे पुलिस अधिकारियों को सोशल डिस्टेन्स के साथ परीक्षा को सम्पन्न कराये जाने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। रिजर्व पुलिस लाइन्स में रिक्रूट आरक्षियों की आन्तरिक विषयों की परीक्षा करायी गयी। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक नगर प्रावीण सिंह चौहान,क्षेत्राधिकारी लाइन एवं प्रतिसार निरीक्षक मौजूद रहे।

### मोबाइल फूड टेस्टिंग लेब द्वारा 38 नमूनों की मौके पर की गई जांच

**देवेन्द्र कुमार जैन**



**रायसेन।** जिले में कलेक्टर श्री अरविन्द दुबे द्वारा खाद्य विक्रय दुकानों का निरीक्षण करते हुए मिलावटखोरो के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मंडीदीप में मोबाइल फ़ूड टेस्टिंग लेब द्वारा 15 दिसम्बर को विभिन्न खाद्य प्रतिस्थानों से खाद्य पदार्थो के 38 नमूने मौके पर लिए जाकर जॉच करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की गई। जॉच के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों के नमूने अमानक पाए जाने पर सुधार सूचना पत्र जारी किए गए। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती सुषमा पथरोल तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी कल्पना अर्सिया द्वारा मण्डदीप में मंगल बाजार स्थित तृषा रेस्टोरेंट के निरीक्षण के दौरान मौके पर उपयोग किए जा रहे तेल की क्वालिटी सही नहीं पाए जाने पर तत्काल विष्ट कराया गया। रेस्टारेंट संचालक को इस तरह का तेल उपयोग नहीं करने की समझाई देते हुए कहा कि तेल को लगातार 3 बार से अधिक तलने के लिए इस्तेमाल करने पर उसमे ट्रांसफैट की मात्रा बढ़ जाती है जो स्वास्थ्य के लिए ठीक नही होता है।

### उन्मुखीकरण कार्यशाला से कैरियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस कार्यक्रम की शुरूआत

# विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए कैरियर काउंसलिंग आवश्यक

**देवेन्द्र कुमार जैन**

**भोपाल।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कैरियर काउंसलिंग को शामिल किया गया है। इसे अच्छे से क्रियान्वित करने के लिये राज्य सरकार पूर्ण प्रयासरत है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा है कि इस नीति के परिपालन में राज्य अग्रणी रहे। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरूण शमी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रदेश के उत्कृष्ट एवं मॉडल विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिये कैरियर काउंसलिंग एवं गायडेंस कार्यक्रम ₹उन्मुखीकरण कार्यशाला₹ को संबोधित कर रही थी। प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती हॉल में यह कार्यशाला लोक शिक्षण संचालनालय एवं इन्सटीट्यूट ऑफ कैरियर स्टडीज़ (आईसीएस) लखनऊ के तत्वावधान में हुई। कार्यशाला के शुभारंभ पर आईसीएस के सहयोग से आईसीएस कैरियर एप लॉन्च किया गया। यह एप विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग कर सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करेगा। श्रीमती शमी ने कहा कि कैरियर काउंसलिंग का विद्यार्थी जीवन में विशेष महत्व है। विद्यार्थी की सोच एक सीमित दायरे तक ही होती है, उसे व्यापक करने और सही मार्गदर्शन देने में कैरियर काउंसलिंग लाभदायक सिद्ध होगी। कैरियर काउंसलिंग बच्चे की सोच से आगे के मौके तलाशने में सहायक सिद्ध होगी। श्रीमती शमी ने कहा कि विद्यार्थियों की दिशा तय करने और उन्हें ऊँचाइयों पर पहुँचाने में महत्वपूर्ण पालकों की भूमिका होती है। बच्चों को आगे बढ़ने के लिये स्कॉलरशिप और हायर एजुकेशन के लिये लोन आदि की सुविधा के बारे में जानकारी होना आवश्यक है। कई



इन्सटीट्यूट स्कॉलरशिप के माध्यम से निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सही और सकारात्मक प्रोत्साहन देना अति-आवश्यक है। कार्यशाला में सीएम राइज स्कूल परीक्षा परिणाम, बोर्ड की परीक्षा की तैयारी आदि पर भी गहन चर्चा हुई। सभी प्राचार्यों को निर्देश दिए गए कि कार्यशाला में हुए विचार-मंथन से अपने अधीनस्थ स्टाफ को और विद्यार्थियों को अवगत करवाएँ। श्रीमती शमी ने स्कूल शिक्षा विभाग और विद्यालयों के प्राचार्यों सहित अन्य स्टाफ को धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी ने कोविड काल में ऑनलाइन पद्धति को सबसे पहले अपनाकर अच्छा काम किया। आयुक्त लोक शिक्षण श्री अभय वर्मा ने बताया कि आईसीएस मध्यप्रदेश में विद्यार्थियों की कैरियर काउंसलिंग निःशुल्क करेगी। स्कूल के प्राचार्य कार्यशाला में प्राप्त जानकारी को अपने अधीनस्थों तक पहुँचाये। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री धनराजू ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मध्यप्रदेश में कई काम हुए हैं। उन्होंने बताया कि इसी के मद्देनजर 16 और 17 दिसम्बर को एक संगोष्ठी भी की जा रही है। इस कार्यशाला से विद्यार्थियों को अपने भविष्य के कैरियर के चयन में मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आईसीएस की सुश्री अमृता दास ने बताया कि आज के समय अनगिनत कैरियर मौजूद हैं, लेकिन विद्यार्थियों में इसकी जानकारी का अभाव है। इसी उद्देश्य से संस्था कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी संकल्प लेकर कार्य करें, तो सफलता अवश्य मिलेगी। कार्यशाला के अलावा अन्य गतिविधियों में सेमिनार/वेबिनार आदि किये जाएंगे, जो बच्चों को लक्ष्य निर्धारित करने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति में बहुत से बदलाव हुए हैं, इसकी जानकारी विद्यार्थी और पालकों को होना आवश्यक है। उप संचालक लोक शिक्षण श्री एच.एल. नेमा ने आभार माना और अतिथियों को स्मृति-चिन्ह भेंट किये।

## दिव्यांग छात्र-छात्राओं को उपकरण वितरण कैम्प आयोजित

**अज़ीम खान**

**बदायूं/दातागंज।** मैं सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत समेकित शिक्षा कार्यक्रम के द्वारा बी0आर0सी0 केन्द्र दातागंज में दिव्यांग छात्र-छात्राओं को उपकरण वितरण कैम्प आयोजित किया गया। वितरण कैम्प शुभारम्भ प्रातः 11.30 बजे माननीय ब्लॉक प्रमुख कुंवर अतेन्द्र विक्रम सिंह उर्फ अंकित भैया ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम में विगत नवम्बर माह में चिन्हित किये गये 96 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के उपकरण वितरित किये गये। जिसमें 22 बच्चों को ट्राई साइकिल12 को व्हील चेयर,40 को बैशाखी,51 को दृष्टि बाधित बच्चों को ब्रेल किट,19 मानसिक/बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को एम0आई0डी0 किट तथा 01 बच्चे को सी0पी0चेयर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के द्वारा वितरित किये गये।



कार्यक्रम में कानपुर के विशेषज्ञ अशोक प्रताप सिंह,अनिल कुमार तथा रवि कुमार ने बच्चों को दिव्यांगता के अनुसार उपकरण प्रदान किये। कार्यक्रम सभासद ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह,प्रा0शि0संघ के महामन्त्री माधव सिंह,सत्यवीर सिंह,जसवीर सिंह,राजेश कुमार सिंह स्पेशल एजूकेटर राजेश मौर्य,रज्जन सिंह,आशुतोष मिश्रा,सुरेश बाबू,कुंवर बहादुर ,अरूण कुमार,आशीष यादव,बृजेश कुमार आदि ने उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया। उपकरण पाकर दिव्यांग बच्चों के चेहरे खुशी से चमकने लगे। सभी बच्चों तथा उनके माता-पिता को उपकरणों के प्रयोग और नियमित विद्यालय जाकर शिक्षा प्राप्त करने के बारे में बताया गया और प्रशिक्षण दिया।कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 महेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में जितेन्द्र सिंह,जिला समन्वयक ने किया।

## जिला स्तरीय गीता महोत्सव-2021 के उपलक्ष में निकाली गई शोभा यात्रा

**मौ आमिर**

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय गीता महोत्सव-2021 के उपलक्ष में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रमों के तहत जगाधरी झण्डा चौंक नगर निगम कार्यालय से शोभा यात्रा निकाली गई और इस शोभा यात्रा को हरियाणा के शिक्षा मंत्री चौधरी कंवर पाल गुर्जर जी ने झण्डी दिखाकर रवाना किया।



शोभा यात्रा की शुरूआत मंत्रो उच्चारण के साथ की गई और जगाधरी झण्डा चौंक नगर निगम कार्यालय से शुरू होकर पत्थर बाजार, नरेन्द्र बिजली चौंक, खेड़ा बाजार, चौंक बाजार, रेलवे बाजार, बर्तन बाजार, वाल्मीकि बस्ती, रामलीला भवन से मटका चौंक एसडी स्कूल से सीधा हुड्डा सैक्टर -17 गुरूद्वारा होती हुई गीता महोत्सव स्थल रैड क्रास ग्राउंड सैक्टर-17, हुड्डा जगाधरी पर सम्पन्न हुई जहां पर जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता जी व जिला अधिकारियों व गणमान्य लोगों ने शोभा यात्रा का स्वागत व श्रीमदभगवत गीता जी को श्रद्घा पूर्वक रिसीव किया व गीता जी को नमन किया। हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवर पाल जी ने कहा कि समाज में जन-जन तक गीता जी का संदेश पहुंचाना आज समय की जरूरत है। गीता जी हमें फल की चिंता किए बिना कर्म करने का संदेश देती है। जब व्यक्ति गीता के संदेश का मर्म समझ लेता है तब उसे जीवन में किसी से भय नहीं रहता है। निष्काम कर्म करने वाले व्यक्ति को निश्चय ही ऐच्छिक फल की प्राप्ति होती है। गीता जी में भगवान श्रीकृष्ण ने यही संदेश दिया है कि जो व्यक्ति केवल फल की चिंता करता है और कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण नहीं कर पाता है उसे कर्म का पूरा फल नहीं मिल पाता है।

## देवास कलेक्टर की अध्यक्षता में मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों की बैठक आयोजित

**राजेंद्र योगी**



**देवास।** कलेक्टर की अध्यक्षता में मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों की बैठक आयोजित। देवास कलेक्टर चंद्रमौली शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में 16 दिसम्बर को होने वाले वैक्सीनेशन के लिए विशेष महा-अभियान के संबंध में 15 दिसम्बर, बुधवार को मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सिंह चौहान, अपर कलेक्टर श्री महेन्द्र सिंह कवचे, नगर निगम आयुक्ति विशाल सिंह चौहान, एसडीएम प्रदीप सोनी सहित मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजन उपस्थित थे। इस अवसर पर नायब काजी नोमान अहमद अशरफी, शौकत हुसैन, अकरम शेख तृप्ति, हारीश गजधर, शाहीद मोदी, अकील शेख टाटा, सैय्यद मकसूद अली आदि उपस्थित थे। इस दौरान बैठक में कलेक्टर श्री शुक्ला ने कहा कि आप सभी टीम बनाएं और समाज के नागरिकों को मैसेज करें, घर जाकर प्रेरित करें, जहां भी समाज की पापुलेशन ज्यादा है, वहां वैक्सीनेशन सेंटर पर नागरिकों को आप लेकर आए। वैक्सीनेशन के लिए जिले में पर्याप्त सेंटर बनाए गए हैं।

## मंत्री डॉ. चौधरी ने की शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा

**एनसीआर समाचार**

**भोपाल ।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा है कि शासकीय अस्पतालों में पिछले दो वर्षों में बच्चों की गहन चिकित्सा इकाई (पीआईसीयू), स्पेशल न्यू वॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) सहित अन्य इन्फ्रा-स्ट्रक्चर उपलब्ध कराये गये हैं। अस्पतालों के सिविल सर्जन और शिशु रोग विशेषज्ञों को उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर बच्चों का इलाज करना चाहिये।

छोटी-मोटी कमियों को लेकर दूसरे अस्पताल में रेफर करने की प्रवृत्ति छोड़ना होगी। सिविल सर्जन और अन्य सभी चिकित्सकों को उपचार करने की दृढ़ इच्छा-शक्ति के साथ कार्य करना चाहिये। डॉ. चौधरी शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा कर रहे थे। मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे-4 की तुलना में



हाल ही में जारी हुए 5 के आँकड़े प्रदेश में मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी को दर्शाते हैं, लेकिन हमें अभी और बहुत कुछ करना है। उन्होंने कहा कि चिकित्सक जब मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेते हैं, तो उनके मन में अपना कॅरियर बनाने के साथ समाज-सेवा का भी भाव होता है। उन्होंने कहा कि नवजात बच्चों के लिये अस्पतालों में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध करवाई गई हैं। शिशु रोग विशेषज्ञ और पैरामेडिकल स्टॉफ की भी पद-स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि एक साल पूर्व केवल 20 जिलों में एसएनसीयू थे। शासन द्वारा अब सभी जिला चिकित्सालयों में एसएनसीयू की स्वीकृति दी गई है। अधिकांश जिलों में एसएनसीयू बना दिये गये हैं और कुछ में कार्य प्रगति पर है। निर्माणाधीन एसएनसीयू को भी जल्द पूरा किया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि बच्चों के उपचार के साथ जरूरी है कि शिशु रोग विशेषज्ञ, बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य और किये जा रहे उपचार की जानकारी से समय-समय पर अवगत करायें। इससे अभिभावकों का उपचार और चिकित्सा व्यवस्था पर भरोसा मजबूत होता है। डॉ. चौधरी ने कहा कि वे स्वयं सीधे मरीजों से शासकीय चिकित्सालयों में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं और उपलब्ध करवाई जा रही चिकित्सा सेवाओं की जानकारी ले रहे हैं।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार को दो जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों और अस्पताल के चिकित्सकों से वीडियो-कॉल कर सीधा संवाद कर जानकारी प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया को पीएससी और सीएससी स्तर तक जारी रखेंगे। एम.डी. एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास ने आईएमआर और एमएमआर पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। यूनिसेफ की मध्यप्रदेश चीफ फील्ड ऑफिसर सुश्री मार्गरेट ग्वाडा और डॉ. मनीष सिंह ने शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी दी।

## विधायक ओमकार सिंह विधायकों के साथ मिलकर गांधी प्रतिमा के सामने बैठे धरने पर

**अज़ीम खान**

**सहसवान।** समाजवादी पार्टी सहसवान के विधायक एवम पूर्व राज्यमंत्री ओमकार सिंह यादव ने अपने साथी विधायकों के साथ मिलकर विधानसभा लखनऊ में गांधी प्रतिमा के सामने धरने पर बैठकर बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा उठाते हुए कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र सहसवान में, भाजपा की सरकार ने गेहूँ की फसल की बुवाई के समय पर बिजली पूरी तरह से काट दी है, जिससे किसान अपनी फसल की सिंचाई करने से पूरी तरह से वंचित हो गया है। फसल की सिंचाई नहीं होने के कारण किसानों में भारी नाराजगी है। बिजली कटौती को लेकर क्षेत्र के किसानों ने कई बार हज़ारों की संख्या में इखट्ठे होकर



धरना प्रदर्शन भी किया है, लेकिन उसके बावजूद भी किसानों को अपने फसलों की सिंचाई हेतु बिजली नहीं दी जा रही। सहसवान के विधायक एवम पूर्व राज्यमंत्री ओमकार सिंह यादव ने कहा है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र सहसवान के किसानों के साथ भाजपा सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है ।किसानों की फसलों की सिंचाई नहीं होने कारण किसानों को बहुत नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्षेत्रीय विधायक एवम पूर्व मंत्री ओमकार सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश में चारों तरफ अपराध चरम सीमा पर है, महंगाई आसमान छू रही है।

## एसडीपीआई ने उजड़े आशियानों को फिर से बसाया

**मोहम्मद वाहिद**

**बहराइच जरवल।** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया की जरवल नगर इकाई ने विगत दिनों ग्राम जरवल देहात के हैदरपुर नौबस्ता अचेहर में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई थी जिसमें ग्रामीणों के घर जल कर राख़ हो गए थे व ग्रामीणों के लाखों का सामान भी जल कर राख़ हो गया



था व बचाव कार्यों में एस. डी. पी. आई के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों की मद्दत से बचें हुवे घरों को जलने से बचा लिया और आग पर काबू भी कर लिया था जिसकी सराहना नगर में चर्चा का विषय बना हुवा था तथा एस. डी. पी. आई के नगर महासचिव अब्दुल वहीद ने पीड़ति परिवार की स्थिति को देखकर नगर वासियों से पीड़ति परिवार को फौरी मदद के लिए लोगों से अपील की थी तथा श्री वहीद की अपील को नगर वासियों ने गम्भीरता से लिया और सभी के सहयोग से और एस. डी. पी. आई की महत्वपूर्ण भूमिका से इस कड़ाके की ठंड में उजड़े हुवे आशियानों को फिर से बसाया गया हैं। जिसमें पीड़ति परिवार को टीन सेड का घर व खाद्य सामग्री भी उपलब्ध कराई गई हैं। तथा एक बार फिर एस. डी. पी. आई ने अपने सराहनीय कार्य से लोगों का दिल जीत लिया और नगर में अपने नाम का चर्चा का विषय बना दिया हैं। तथा इस महत्वपूर्ण कार्य में एस. डी. पी. आई के कार्यकर्ताओं में मो. शमीम, मो. आवेश, मो. शादाब खान, मो. लाइक खान, और आदि कार्यकर्ता शामिल रहे हैं।

## संपादकीय

# प्रियंका यूपी में कांग्रेस का भला चाहती हैं तो सबसे पहले अपनी सलाहकार टीम को बदलें

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने एक नया इतिहास लिख दिया है। कांग्रेस, प्रदेश में सरकार बना पाएगी इसकी उम्मीद किसी को नहीं है, यहां तक की काग्रेस के पुराने दिग्गज भी 'ऑफ द रिकॉर्ड' यह बात स्वीकार करते हैं कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कहीं भी 'फाइट' में नजर नहीं आ रही है। बल्कि कुछ लोग कांग्रेस को चौथे नंबर की पार्टी बता रहे हैं। लेकिन कांग्रेस और उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका वाड्रा के हौसले पस्त नहीं पड़े हैं बल्कि उसे इससे वोटरों से वायदे करने के लिए नई ऊर्जा मिल रही है। इस बात का एहसास कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा द्वारा जारी महिला घोषणा पत्र से हो रहा है इसीलिए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने पार्टी का महिला घोषणा पत्र जारी किया तो लोग इसको सीरियस लेने की बजाय इस पर चुटकी लेने लगे। लोग कह रहे हैं कि जो वायदे कांग्रेस यूपी में कर रही है पहले वह वही वायदे राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पूरे करें, जहां उसकी सरकारें हैं। इसी प्रकार महाराष्ट्र और झारखंड में जहां पर कांग्रेस गठबंधन सरकार का हिस्सा है, वहां भी वह ऐसे कोई वायदे पूरे नहीं कर रही है जो यूपी के वोटरों से उनके द्वारा किए जा रहे हैं। प्रियंका वाड्रा ने महिलाओं के लिए जो घोषणा पत्र तैयार किया है उसको उनके द्वारा 'शक्ति विधान' नाम दिया गया है। बहरहाल, प्रियंका ने घोषणा पत्र को लॉन्च करते हुए कहा कि देश के राजनीतिक इतिहास में पहली बार महिलाओं पर केंद्रित घोषणा पत्र जारी किया जा रहा है। लेकिन यह बात हकीकत से परे है, प्रियंका वाड्रा की दादी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी इसी तरह के वादे जनता से किया करती थीं। इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ के नारे के बल पर कई लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव जीते। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने कार्यकाल में बीस सूत्रीय कार्यक्रम शुरू किए थे जिसमें गरीबी दूर करने पर विशेष जोर दिया गया था। इंदिरा गांधी ने 1975 में इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी और 1982, 1986 और 2006 में इसका पुनर्गठन किया गया। जिसे बाद की कांग्रेसी सरकारों ने भी अपनाया लेकिन ना तो गरीबी दूर हुई ना ही लोगों की भूख प्यास मिटी। बीस सूत्री कार्यक्रम के तहत इंदिरा गांधी कि सरकार रोजगार सृजन, सात सूत्री चार्टर के तहत शहरी गरीब परिवारों की सहायता, फूड सिक्यॉरिटी, गरीब तबके के लोगों के लिए मकान, गांवों में विद्युतीकरण, सड़कों के निर्माण आदि स्कीमों के आधार पर हर राज्य की प्रगति का जायजा लिया करती थी और यह सिलसिला मनमोहन सरकार तक जारी रहा। खैर, प्रियंका वाड्रा ने पार्टी के घोषणापत्र को छह हिस्सों में बांटा है- स्वाभिमान, स्वावलंबन, शिक्षा, सम्मान, सुरक्षा और सेहत। उन्होंने कहा कि आज की महिला लड़ना चाहती है। हमने उसी भावना को ध्यान में रखते हुए इस घोषणा पत्र को बनाया है। प्रियंका वाड्रा ने ऐलान किया कि यूपी में कांग्रेस की सरकार बनी तो सरकारी नौकरियों में 40 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देंगे। इसके जवाब में विपक्षी कह रहे हैं पहले कांग्रेस अपने संगठन में तो 40% महिलाओं को आरक्षण दे दे फिर लोगों को विश्वास होगा कि सरकार बनने पर भी वह ऐसा कर सकती है। सब जानते हैं कि आज की तारीख में कांग्रेस संगठन में मुश्किल से 7-8 फ़ीसदी तक ही महिला पदाधिकारी हैं। इसके साथ ही प्रियंका वाड्रा द्वारा पुलिस विभाग में 25 प्रतिशत महिलाओं को भर्ती करने का वादा भी किया गया है। कांग्रेस शासित राज्यों में इस मामले में भी उसकी सरकारें कहीं नहीं टिकती हैं। राजस्थान और छत्तीसगढ़ की सरकारों ने अभी तक कुछ ऐसा नहीं किया जिससे पुलिस में 25 क्या 10 फीसदी महिलाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। महिलाओं के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र लॉन्च करते हुए प्रियंका ने कहा कि इससे दूसरे राजनीतिक दलों पर भी दबाव होगा कि महिलाओं की भागीदारी को गंभीरता से लिया जाए, यह बात प्रियंका सही कह रही हैं लेकिन उनको यह भी ध्यान रखना होगा कि कांग्रेस भी इस अपवाद से बच नहीं पाएगी। सवाल लोग उससे भी पूछेंगे। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि महिलाओं के लिए तैयार किए गए इस घोषणा पत्र को छह हिस्सों में बांटा गया है। पहला स्वाभिमान, दूसरा स्वावलंबन, तीसरा शिक्षा, चौथा सम्मान, पांचवां सुरक्षा और छठा सेहत। उन्होंने कहा कि 40 प्रतिशत महिलाओं को टिकट देने की हमने घोषणा की है। अब इसे 50 प्रतिशत तक पहुंचाया जाएगा। इससे हम राजनीति में महिलाओं की असमानता को ठीक करने की कोशिश करेंगे। यहां भी उनके विरोधी प्रियंका को आईना दिखाते हुए कह रहे हैं कि संसद और विधानसभाओं में कांग्रेसी महिलाओं का प्रतिनिधित्व अभी 10 प्रतिशत से अधिक नहीं है। कांग्रेस के लिए 40 या फिर 50 फीसदी महिलाओं को टिकट देना इसलिए भी आसान नहीं है क्योंकि कांग्रेस में महिला नेताओं की संख्या बहुत कम है। इस बात का एहसास तब और पुख्ता हो गया जब प्रियंका गांधी वाड्रा महिलाओं के लिए घोषणा पत्र जारी कर रही थीं तब उनके अगल-बगल पुरुष नेता ज्यादा मौजूद थे और कांग्रेस की नेत्रियों की संख्या उंगली पर गिने जाने लायक थी। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि ग्रामीण और कुटीर उद्योगों में महिलाओं का सशक्तिकरण होना चाहिए। कांग्रेस यानी प्रियंका वाड्रा के और वायदों की बात की जाए तो वह कह रही हैं कि आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को 10,000 रुपये मानदेय मिलेगा। सहायता समूहों को चार प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण और मनरेगा में महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही मनरेगा के 40 प्रतिशत कार्यों में महिलाओं को आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य की 50 प्रतिशत राशन की दुकानों का संचालन महिलाओं द्वारा किया जाएगा। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि महिलाओं के शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए काई और भी बड़े कदम उठाए जाएंगे। इंटर पास छात्राओं को स्मार्ट फोन दिए जाएंगे। इसी प्रकार स्नातक उत्तीर्ण युवतियों को स्कूटी दी जाएगी। राज्य में वीरांगनाओं के नाम पर 75 दक्षता विद्यालय बनाए जाएंगे। पूरे राज्य में महिलाओं द्वारा संचालित संध्या विद्यालय भी स्थापित किए जाएंगे। खास तौर पर इनका निर्माण शहरों में किया जाएगा। जहां महिलाएं शाम को पढ़ाई कर सकेंगी। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण सिर्फ विज्ञपन तक ही सीमित रह गया है। सरकार इन विज्ञपनों पर 40 प्रतिशत तक धन खर्च करती है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों में महिला चौपाल का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक गरीब परिवारों को मुफ्त इंटरनेट दिया जाएगा।

# आंदोलन खत्म, अब कैसे नेतागिरी करेंगे राकेश टिकैत ?

अजय कुमार

नए कृषि कानून के खिलाफ किसान आंदोलन खत्म हो गया है। इस आंदोलन के माध्यम से राकेश टिकैत ने यह साबित कर दिया है कि वह भी अपने पिता चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की तरह बड़ा आंदोलन चलाने की काबिलियत रखते हैं। पिता महेंद्र सिंह टिकैत अपनी जिद्द के बल पर किसी भी सरकार को बैकफुट पर खड़ा कर दिया करते थे। नया कृषि कानून वापस हो गया है, इससे किसे फायदा होगा, किसको नुकसान, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि साल भर से अधिक समय तक चले आंदोलन में कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले। आंदोलनकारियों में जहां सत्ता पक्ष के प्रति तल्खी दिखाई दी तो विपक्ष ने भी खूब सियासी रोटियां सेंकी। मोदी सरकार ने भी आंदोलन खत्म करने के लिए कई हथकंडे अपनाए। कई महीने तक तो किसान नेताओं और सरकार के बीच किसी तरह का कोई संवाद ही नहीं हुआ। आंदोलनकारियों पर आरोप लगा कि उन्हें विदेश से फंडिंग की जा रही है, खालिस्तान की मांग करते लोग भी यहां दिखाई दिए। 26 जनवरी को लाल किले पर जो हुआ उसे भी कोई याद रखना नहीं चाहेगा। वह घटना किसान आंदोलन पर एक बदनुमा दाग था। आंदोलन के विस्तार की बात की जाए तो यह आंदोलन कभी पूरे देश के

> **मोदी सरकार ने भी आंदोलन खत्म करने के लिए कई हथकंडे अपनाए। कई महीने तक तो किसान नेताओं और सरकार के बीच किसी तरह का कोई संवाद ही नहीं हुआ। आंदोलनकारियों पर आरोप लगा कि उन्हें विदेश से फंडिंग की जा रही है, खालिस्तान की मांग करते लोग भी यहां दिखाई दिए।**

किसानों का आंदोलन नहीं बन पाया। पंजाब, हरियाणा में आंदोलन का जबरदस्त प्रभाव देखने को मिला तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिले ही आंदोलन से प्रभावित हुए। किसान नेता राकेश टिकैत की लखनऊ में डेरा डालने की हसरतें पूरी नहीं हो पाईं। आंदोलन खत्म जरूर हो गया है, मगर किसानों क़ी कुछ मांगें बाकी हैं, जिसमें एमएसपी की मांग प्रमुख है। जिस पर सरकार और किसान नेताओं के बीच बातचीत जारी रहेगी। ख़ैर अंत भला तो सब भला। आंदोलन के दौरान भले ही सरकार और आंदोलनकारियों के बीच के कई विवाद देखने को मिले हों लेकिन आंदोलन का समापन बहुत खूबसूरत तरीके से हुआ। किसान नेता, मोदी सरकार के खिलाफ किसी तरह की कोई रार लेकर नहीं गए हैं। बात राकेश टिकैत की की जाए तो वह अब मोदी सरकार का गुणगान कर रहे हैं।



वह आंदोलन खत्म होने क़ो ना अपनी जीत मान रहे हैं, ना भारत सरकार की हार। टिकैत ने कह दिया है कि उनका चुनाव से कोई वास्ता नहीं है। वह पश्चिमी यूपी में सौहार्द का वातावरण बनाने की भी कोशिश कर रहे हैं। टिकैत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मिलकर किसानों की समस्या पर चर्चा करना चाहते हैं, जिसे लोकतंत्र में किसी तरह से गलत नहीं कहा जा सकता है। किसान देश की रीढ़ की हैं। हाँ, टिकैत को इस बात का दुख जरूर है कि यूपी के किसान पंजाब और हरियाणा के किसानों की तरह आंदोलन चलाने की कुव्वत नहीं रखते हैं। भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने अपना आगे का प्लान भी सेट कर दिया है। उनका पूरा जोर किसानों की समस्याएं सुलझाने पर रहेगा। साल भर से अधिक समय तक चले आंदोलन के खत्म होने के बाद कैराना में हुई किसान महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा कि 13 महीने के आंदोलन के बाद किसानों की बड़ी जीत हुई है। हमने भारत सरकार को नहीं हराया है। हमने अपने पंचों के समझौते को स्वीकार किया है। इस आंदोलन में ना कोई हारा और ना ही कोई जीता। उन्होंने कहा कि सरकार समझौते को लागू करने के लिए काम करे। हमें पंजाब के किसानों से व्यवस्थित आंदोलन करने की सीख लेनी चाहिए। कैराना में पानीपत बाईपास पर हुई भाकियू की महापंचायत में जब सभा स्थल कैराना को बनाने क़ो लेकर लोगों ने सवाल खड़े किए तो टिकैत ने कहा कि इसका जवाब है कि कैराना की सीमा हरियाणा से लगी हुई है। बड़ी संख्या में किसानों से सस्ती दर पर धान-अनाज आदि खरीदकर गलत तरीके से यहीं से हरियाणा ले जाया जाता है। हम 50 कुंतल धान नहीं बेच सकते, लेकिन व्यापारी 25 से 30 हजार कुंतल बेचता है। एमएसपी की लड़ाई जारी रहेगी। इस आंदोलन ने किसानों की एकता मजबूत की। अलग-अलग भाषा और क्षेत्र के किसान साथ रहे। एक-दूसरे के विचार भी साझा किए गए। यहां भी उद्योग लगें ताकि विकास हो और रोजगार मिले। हरियाणा के किसान 35 रुपये प्रति हार्सपावर से बिल अदा करते हैं और उत्तर प्रदेश में 175 रुपये देना पड़ता है। बिजली के दाम हरियाणा के बराबर किए जाएं। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ हरियाणा के मुख्यमंत्री से कमजोर नहीं हैं। हम दोनों में प्रतिस्पर्धा कराएंगे और लखनऊ जाकर बात करेंगे। दोनों प्रदेशों में भाजपा की सरकार है। चार हजार करोड़ रुपये गन्ना भुगतान बकाया है। यहां पर गन्ने का दाम भी कम है। किसानों पर दर्ज मुकदमों के संबंध में भी बात की जाएगी। एनजीटी के नाम पर दस साल पुराने ट्रैक्टर बंद कराने के मुद्दों पर भी बात करेंगे। उन्होंने कहा कि कैराना में पलायन की कोई बात नहीं है। अगर है तो यह सिर्फ सरकारी प्लान है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी के बहकावे में नहीं आएं और मेल-जोल के साथ रहें। हमें चुनाव से कुछ लेना देना नहीं है। सरकार के काम के हिसाब से जनता अपने आप सोचेगी। आचार संहिता लगने में अभी कुछ समय है। सरकार किसानों समेत सभी के हित में योजना बनाए। बहरहाल, किसान आंदोलन का खत्म होना जहां बीजेपी और मोदी-योगी के लिए राहत लेकर आया, वहीं विपक्ष को इससे करारा झटका लगा है जो किसानों को लुभाने के लिए इसे उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बड़ा मुद्दा बनाना चाह रहा था। यदि यूपी के विधानसभा चुनाव में राकेश टिकैत ने किसी के पक्ष या खिलाफ वोट देने की अपील किसान वोटरों से नहीं की तो इसका नुकसान रालोद-सपा गठबंधन को हो सकता है। टिकैत की बातों से लग रहा है कि वह सियासी बयान देने से परहेज करेंगे।

# धर्म के प्रचार के अधिकार की मनमाफिक व्याख्या कर पंजाब में धर्मपरिवर्तन को दिया जा रहा है बढ़ावा

> **केवल संविधान सभा ही नहीं बल्कि समय-समय पर न्यायालयों ने भी धर्मांतरण को गलत बताया है। साल 1968 में मध्य-प्रदेश सरकार ने 'म.प्र. धर्म स्वातन्त्रय अधिनियम' तथा ओडिशा सरकार ने इसी तरह का अधिनियम पारित करते हुए धर्मांतरण पर रोक लगाई थी।**



राकेश सैन

देश के संवेदनशील सीमान्त राज्य पंजाब व इसके आसपास क्षेत्रों में उच्च स्तर पर हो रहे धर्मपरिवर्तन पर चिन्ता जताते हुए सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने उत्तर भारत में धर्मान्तरण पर रोक लगाने की मांग की है। जत्थेदार के अनुसार, ईसाई मिशनरीज के लोग सीमावर्ती क्षेत्रों में लालच देकर हिन्दू-सिखों का धर्म बदल रहे हैं जिस पर सख्ती से रोक लगनी चाहिए। वैसे तो पंजाब में 1834 में ही जॉन लॉरी व विलियम रीड नामक ईसाई मिशनरियों के प्रवेश के बाद से ही धर्मांतरण का दुष्चक्र जारी है परन्तु इन दिनों इसमें आई तेजी ने यकायक धर्मगुरुओं के साथ-साथ समाज शास्त्रियों व सामरिक विशेषज्ञों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह के इन आरोपों के बदले चर्च का कोई आधिकारिक ब्यान तो नहीं आया है परन्तु ऐसे अवसरों पर मिशनरियों का एक ही रटा-रटाया जवाब होता है कि देश का संविधान उन्हें धर्म के प्रचार की अनुमति देता है और वे उसी के अनुसार देश में प्रभु ईसा के सन्देशों का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। असल में धर्म प्रचार के अधिकार की आड़ में अभी तक ऐसा झूठ पेश किया जाता रहा है जिसकी हमारा संविधान व न्याय व्यवस्था कतई अनुमति नहीं देते। संविधान सभा में हुई चर्चाओं व सर्वोच्च न्यायालय के समय-समय पर आए निर्णयों में यह साफ निर्देश है कि धर्म के प्रचार का अधिकार किसी को कहीं भी धर्मांतरण की अनुमति नहीं देता। संविधान सभा में 'धर्म स्वातन्त्रय' अधिकार से सम्बन्धित अनुच्छेद पर हुई बहस में एक मुद्दा था कि 'धर्म के प्रचार' का अधिकार देना उचित होगा या नहीं। संविधान का वर्तमान अनुच्छेद 25 संविधान प्रारूप में अनुच्छेद क्रमांक 19 पर रखा गया जिस पर 3 व 6 दिसम्बर, 1948 को विस्तृत बहस हुई। इस बहस में प्रो. के.टी. शाह, सर्वश्री तजामुल हुसैन, लोकनाथ मिश्रा, एच.वी. कॉमथ, मो. इस्माइल साहिब, पं. लक्ष्मीकान्त मैत्रा, एल. कृष्णास्वामी भारती, के. सन्थानम, रोहिणी कुमार चौधरी, टी.टी. कृष्णामचारी व के.एम. मुंशी सहित 11 सदस्यों ने हिस्सा लिया। धर्म के प्रचार के अधिकार का विरोध करते हुए तजामुल हुसैन ने कहा कि- ''मैं समझता हूं कि धर्म एक व्यक्ति तथा रचनाकार के बीच एक निजी मामला है। मेरा धर्म मेरा और आपका धर्म आपका विश्वास है। आप मेरे धर्म में हस्तक्षेप क्यों करें ? मैं भी आपके धर्म में दखलन्दाजी क्यों करूं ?'' मतान्तरण को देश विभाजन का कारण बताते हुए लोकनाथ मिश्रा ने कहा- ''संविधान प्रारूप का अनुच्छेद 13 (वर्तमान 19) यदि स्वतन्त्रता का घोषणापत्र है तो अनुच्छेद 19 (वर्तमान 25) हिन्दुओं के सर्वनाश का घोषणापत्र। मैंने सभी संवैधानिक पूर्वनिर्णयों का अध्ययन व उनका चिन्तन किया है। मुझे धर्म से सम्बन्धित मौलिक अधिकार में कहीं भी 'प्रचार' शब्द नहीं मिला।'' उन्होंने स्पष्ट कहना था कि हर व्यक्ति को जैसा वह जीना चाहता है वैसा उसे जीने दो परन्तु उसे अपनी संख्या बढ़ाने की कोशिश मत करने दो। यह दीर्घकाल में बहुमत को निगलने वाला उपाय है। संविधान सभा के वरिष्ठ सदस्य प्रो. के.टी. शाह 'प्रचार' के विरोधी तो नहीं थे परन्तु वे चाहते थे कि इसका दुरुपयोग न हो। वे मानते थे कि चिकित्सक, नर्स, अनाथालयों व बालगृहों के संचालक, अध्यापक या संरक्षक अपने प्रभाव का प्रयोग कर प्रभावित लोगों का धर्मांतरण करवाते हैं तो यह अनुचित होगा जिसे रोका जाना चाहिए। संसदीय प्रणाली के ज्ञाता व वामपन्थी झुकाव वाले प्रकाण्ड विद्वान एच.वी. कॉमथ ने विचार किया कि भारत के सनातन जीवन मूल्यों के बारे में नागरिकों को प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि- ''युगों से भारत आध्यात्मिक अनुशासन व आध्यात्मिक उपदेश की एक निश्चित पद्धति के लिए कटिबद्ध है, जो संसार में 'योग' के नाम से जानी जाती है। महायोगी अरविन्द ने बार-बार कहा है कि आज की सबसे बड़ी आवश्यकता 'योग' के अनुशासन द्वारा चेतना के रुपान्तरण की है। मानवता को उच्च स्तर तक उठाना है।'' इसी तरह रोहिणी कुमार चौधरी ने ईसाई मिशनरियों से आग्रह किया कि वह अन्य धर्मों पर कीचड़ न उछालें। समिति के अन्य सदस्य एल. कृष्णास्वामी भारतीप, पं. लक्ष्मीकान्त मैत्रा ने प्रचार का समर्थन तो किया परन्तु उनका उद्देश्य था कि प्रचार के माध्यम से एक धर्म दूसरे की विशेषताओं को जानें, ताकि वे परस्पर कुछ न कुछ सीख सकें, पर प्रचार का अर्थ धर्मांतरण किसी भी सूरत में नहीं लिया जा सकता। इसके बावजूद देखने में आ रहा है कि चर्च प्रचार के शब्द की मनमाफिक व्याख्या करती है और इसे अपना संवैधानिक अधिकार मानती है। केवल संविधान सभा ही नहीं बल्कि समय-समय पर न्यायालयों ने भी धर्मांतरण को गलत बताया है। साल 1968 में मध्य-प्रदेश सरकार ने 'म.प्र. धर्म स्वातन्त्रय अधिनियम' तथा ओडिशा सरकार ने इसी तरह का अधिनियम पारित करते हुए धर्मांतरण पर रोक लगाई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने रेवरेण्ड स्टैनिस्लास बनाम म. प्र. (1977) 2-एस.सी.आर. 616, में उपरोक्त अधिनियमों के प्रावधानों को संवैधानिक रूप से सही ठहराया। सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 25 के तहत धर्म स्वातन्त्र्य अधिकार की व्याख्या करते हुए 'धर्म प्रचार के अधिकार' की व्याख्या सम्बन्धी महत्त्वपूर्ण प्रश्न पर अपना निर्णय दिया। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ''यह अनुच्छेद किसी अन्य व्यक्ति को अपने रिलीजन में मतान्तरित करने का अधिकार नहीं देता, बल्कि रिलीजन तत्वों को प्रकट करते हुए उसके प्रचार या प्रसार करने की आज्ञा देता है। अनुच्छेद 25(1) अन्तःकरण की आजादी की गारण्टी प्रत्येक नागरिक को देता है, जो अवधारित करता है कि दूसरे व्यक्ति को अपने रिलीजन में मतान्तरित करने का कोई मूल अधिकार नहीं है। यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो वह सभी नागरिकों को दिए गए 'अन्तःकरण की स्वतन्त्रता' के मौलिक अधिकार का हनन करेगा।'' देश में मतान्तरण का गन्दा खेल खेल रहे ईसाई मजहब के प्रचारकों को उक्त सन्दर्भों से सीख ले कर न केवल आत्मविश्लेषण करना बल्कि धर्मांतरण के असंवैधानिक कृत्यों को तुरन्त बन्द करना चाहिए।

# सउदी अरब ने तबलीगी जमात पर जो प्रतिबंध लगाया है उसके गहरे मायने हैं



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

इस्लामी जगत में आजकल इतना बदलाव आ रहा है, जिसकी कल्पना अब से दस-बीस साल पहले कोई कर भी नहीं सकता था। इस्लाम के गढ़ सउदी अरब ने तबलीगी जमात के खिलाफ आदेश जारी कर दिए हैं, इजराइल के प्रधानमंत्री संयुक्त अरब अमीरात जा रहे हैं और पाकिस्तान में मांग उठ रही है कि तौहीन-ए-अल्लाह का कानून वापस लिया जाए। सउदी अरब के इस्लामी मामलों के मंत्री डॉ. अब्दुल लतीफ अल-शेख ने एक आदेश जारी किया है कि मस्जिदों से हर शुक्रवार को होने वाले जलसों में तब्लीगी और दावा संगठनों के भाषणों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। खास तौर से अल-अहबाब नामक संस्था पर। अब सउदी अरब की मस्जिदों में तबलीगी उपदेश नहीं होंगे। सउदी अरब की सरकार तबलीग जमात को 'आतंकवाद का द्वार' कहने लगी है, जबकि दुनिया के लगभग डेढ़ सौ देशों में सक्रिय यह जमात चल ही रही है, सउदी अरब के पैसे से। भारत के देवबंद के दारुल ऊलूम ने इस सउदी-घोषणा को बिल्कुल अनुचित बताया है और कहा है कि सउदी अरब ने पश्चिम के मालदार और ईसाई राष्ट्रों के दबाव में आकर यह गलत कदम उठाया है। याद करें कि लगभग दो साल पहले दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में आयोजित इस संगठन के जलसे को कोरोना महामारी लाने और फैलाने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था। वास्तव में तबलीग का अर्थ होता है— धर्म प्रचार! जमात के प्रवक्ता का कहना है कि जमात खुद आतंकवाद का विरोध करती है और उसका उद्देश्य भटके हुए मुसलमानों को फिर से इस्लाम के रास्ते पर लाना है। वास्तव में इस जमात की शुरुआत अब से लगभग 100 साल पहले मोहम्मद इलियास कंधलावी ने की थी, क्योंकि उन दिनों आर्यसमाजी नेता स्वामी श्रद्धांनंद के नेतृत्व में मुसलमानों के धर्म-परिवर्तन (घर वापसी) की लहर चल पड़ी थी। ज्यादातर मुसलमान लोग आज भी इस्लाम कुबूल करने के बावजूद अपनी पुरानी हिंदू परंपराओं को निभाते रहते हैं। सउदी अरब के वहाबी लोग तबलीगी मुसलमानों को 'दरगाह पूजक' कहकर नीचा दिखाते हैं। उन्हें वे धर्मद्रोही (काफिर) और मूर्तिपूजक (बुतपरस्त) कहकर बदनाम करते हैं। कुछ मुस्लिम देश सउदी अरब के रास्ते पर जरूर चलेंगे लेकिन पाकिस्तान, तुर्की, बांग्लादेश, मलेशिया और इंडोनेशिया जैसे देशों के लिए इसे मानना मुश्किल होगा। इजराइल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट का दुबई और अबू धाबी पहुंचना कई मुस्लिम देशों को नागवार गुजर सकता है लेकिन कुछ माह पहले ही दोनों देशों ने आपस में कूटनीतिक संबंध स्थापित किए हैं जैसे कि बहरीन, सूडान और मोरक्को ने भी किए हैं। इजराइल चाहता है कि ईरान हर हालत में परमाणु बम बनाने से बाज़ आए इसके लिए वह कुछ अरब देशों को पटाने की भरपूर कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान में हुई एक श्रीलंकाई व्यक्ति की हत्या ने वहां इस बहस को जन्म दे दिया है कि तौहीन-ए-अल्लाह या ईश निंदा का कानून कुरान-शरीफ के मुताबिक है या नहीं? पैगंबर मोहम्मद तो उनका अपमान करने वालों को भी बर्दाश्त करते थे और जरूरत होने पर बड़ी दरियादिली से उनकी मदद भी कर देते थे।

NCR समाचार

संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रात: 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अत: भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों की मदद के लिए आगे आया S balaji Mech Tech, बांटे गए वस्त्र और भोजन



एजेंसी

**नई दिल्ली।** हर कंपनी सीएसआर एक्टिविटी के तहत हमेशा जरूरतमंदों की मदद करती है। इसी कड़ी में एस बालाजी मेक-टेक ने भी सीएसआर एक्टिविटी के तहत बच्चों की मदद की है। एस.बालाजी मेक टेक प्राइवेट लिमिटेड ने बताया कि हमारी सोसाइटी पार्क में पड़ोस के बच्चों के लिए एक और सफल सीएसआर अभियान का आयोजन किया। इस पहल के लिए हमने अपने पड़ोस के बच्चों को आमंत्रित किया। उन्हें शीतकालीन वस्त्र और भोजन वितरित किया गया तथा विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ। इसके साथ ही अन्य आकर्षक गतिविधियां भी की गई। एस बालाजी मेक-टेक की ओर से बताया गया कि हमारा इरादा हमेशा इन बच्चों को मुस्कुराने और उनके जीवन में कुछ खुशियाँ जोड़ने का होता है। हम उसी से तस्वीरें साझा करने के लिए उत्साहित हैं। हमें उम्मीद है कि ये तस्वीरें आपको ऐसे मुस्कुराएंगी जैसे उन्होंने हमें मुस्कुराया हो। इसके साथ ही बताया गया कि इस आयोजन में सभी सरकारी कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया गया और केवल तस्वीरों के लिए मास्क हटा दिए गए। भारत में एक दिन में कोविड-19 के 6,984 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,47,10,628 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 87,562 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में 247 और मरीजों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,76,135 हो गई। देश में लगातार 48 दिन से कोविड-19 के दैनिक मामले 15 हजार से कम सामने आ रहे हैं।

### एचडीएफसी करने जा रहा है नियमों में बदलाव, 1 जनवरी से लागू होंगे नए नियम




एजेंसी

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक देश का जाना माना प्राइवेट बैंक है। ये अपने नियमों में कुछ बदलाव करने जा रहा है। वह बदलाव क्या है यह हम आपको इस खबर में बताएंगे, अगर आप भी एचडीएफसी बैंक के ग्राहक है तो यह खबर आपके लिए बहुत जरूरी है। नए नियम की बात करें तो, ग्राहकों को अब हर बार भुगतान करने के लिए कार्ड का पूरा विवरण दर्ज करना होगा। अब तक ग्राहक एक बार कार्ड का ब्यौरा डाल देते थे तो ऐप या मर्चेंट वेबसाइट पर ब्यौरा हर बार उपलब्ध रहता था। अब एचडीएफसी ने अपने ग्राहकों को टोकन ऑप्शन चुनने का भी विकल्प दिया है। एचडीएफसी के नए नियम 1 जनवरी 2022 से लागू होंगे।

जब वास्तविक कार्ड ब्यौरा देने के बजाय अनूठा वैकल्पिक कोड जनरेट होता है, इसी को टोकन कहा जाता है। टोकन व्यवस्था कार्ड का ब्यौरा देने का एक वैकल्पिक जरिया है। आपकी जानकारी के लिए बता दें, केंद्रीय रिजर्व बैंक ने पहली बार साल 2019 में टोकन व्यवस्था का जिक्र किया था। इसके तहत अधिकृत कार्ड नेटवर्क को अनुरोध करने पर टोकन सेवाएं प्रदान करने की अनुमति दी गई। 1 जनवरी 2022 से डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड दोनों पर टोकन का विकल्प मौजूद होगा। यह विकल्प केवल घरेलू लेनदेन के लिए लागू होगा, मतलब अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन पर यह नियम लागू नहीं होगा। आपको बता दें कि, बैंक ने ग्राहकों को बताया है कि, मर्चेंट वेबसाइट या ऐप पर सही दी गई ग्राहकों के एचडीएफसी बैंक कार्ड के विवरण को हटा दिया जाएगा। ऐसा फैसला एचडीएफसी ने आरबीआई के आदेश देने की बाद लिया है। मैसेज के जरिये बैंक ने अपने ग्राहकों को यह जानकारी दी है। आपको बताते चलें कि,आरबीआई ने ग्राहकों के कार्ड का विवरण सुरक्षित रखने के मकसद से यह फैसला लिया था।

### भारत तमाम क्षेत्रों में सुधारों को आगे बढ़ाएगा: अमिताभ कांत



एजेंसी

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने सोमवार को कहा कि भारत को अधिक से अधिक सुधारों की जरूरत है और देश तमाम क्षेत्रों में सुधारों को तेज करेगा। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के भागीदारी सम्मेलन 2021 को संबोधित करते हुए कांत ने कहा कि संपदा का सृजन निजी क्षेत्र करता है और सरकार को इसमें सुविधा प्रदाता की ही भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्यात में खासी वृद्धि के दौर में भारत की वृद्धि हुई है जिससे पता चलता है कि भारत को बेहद प्रतिस्पर्धी होना चाहिए। उन्होंने कहा, ''भारत सुधारों की राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें कम सुधारों की नहीं बल्कि ज्यादा से ज्यादा सुधारों की जरूरत है। सरकार तमाम क्षेत्रों के सुधारों को आगे ले जाएगी ताकि चीजें आसान हों।''नीति आयोग के सीईओ ने कृषि कानूनों को वापस लिए जाने के बाद सुधारों की दिशा में आगे बढ़ने की मंशा के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''इस सरकार का मूल दर्शन यह है कि संपदा का सृजन निजी क्षेत्र करता है और हमें उसके लिए चीजें आसान बनानी होंगी। सरकार को सुविधा-प्रदाता और उत्प्रेरक के तौर पर काम करना होगा।'' कांत ने कहा कि सरकार का ध्यान भारत के निर्यात को प्रतिस्पर्धी बनाने पर है।

## ग्राहकों को सेवाएं के ठप होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ा

# सरकारी बैंक कर्मचारियों की हड़ताल के पहले दिन देश भर में बैंक सेवाएं प्रभावित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के करीब नौ लाख कर्मचारियों ने सरकारी बैंकों के निजीकरण के विरोध में बृहस्पतिवार को दो दिन की हड़ताल शुरू की। हड़ताल के पहले दिन देश भर में इन बैंकों का कामकाज प्रभावित रहा। इन बैंकों के ग्राहकों को बैंको का कामकाज बंद होने की वजह से जमा और निकासी, चेक समाशोधन और ऋण मंजूरी जैसी सेवाएं के ठप होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बैंकों का कामकाज शुक्रवार को भी प्रभावित हो सकता है। यह हड़ताल अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (एआईबीओसी), अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) और राष्ट्रीय बैंक कर्मचारी संगठन (एनओबीडब्ल्यू) सहित नौ बैंक संघों के मंच यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन (यूएफबीयू) ने बुलायी है। कर्मचारी चालू वित्त वर्ष में दो और सरकारी बैंकों की निजीकरण करने के सरकार के फैसले के खिलाफ हड़ताल कर रहे हैं। सरकार ने वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में दो सरकारी बैंकों के निजीकरण की घोषणा की थी। ग्राहकों को हड़ताल की जानकारी देने के साथ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), पंजाब नेशनल बैंक और बैंक ऑफ इंडिया जैसे




**फरवरी में पेश केंद्रीय बजट में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्र की विनिवेश योजना के तहत दो सरकारी बैंकों के निजीकरण की घोषणा की थी। निजीकरण की सुविधा के लिए, सरकार ने बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2021 को संसद के मौजूदा सत्र के दौरान पेश करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है।**

सरकारी बैंकों की कई शाखाएं बृहस्पतिवार को बंद रहीं। कर्मचारी संघों ने बताया कि सरकारी बैंकों के अलावा पुरानी पीढ़ी के निजी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के कुछ कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी से लेकर वरिष्ठ अधिकारी तक सभी वर्ग के अधिकारी दो दिन की इस हड़ताल में हिस्सा ले रहे हैं। एआईबीईए के महासचिव सी एच वेंकटचलम के मुताबिक बृहस्पतिवार को 18,600 करोड़ रुपये के 20.4 लाख चेक से जुड़ा लेनदेन नहीं हो सका। भारतीय स्टेट बैंक सहित सरकारी बैंकों ने ग्राहकों को पहले ही सूचित कर दिया था कि हड़ताल के कारण उनकी शाखाओं में सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। वेंकटचलम ने कहा, सरकारी बैंक सामान्य रूप से हमारे देश के आर्थिक विकास में और विशेष रूप से समाज के वंचित वर्गों तथा देश के पिछड़े क्षेत्रों के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करते हैं। उन्होंने कहा, सरकारी बैंकों ने कृषि, लघु व्यापार, लघु व्यवसाय, लघु उद्योग, छोटे पैमाने के उद्योगों (एसएसआई), परिवहन और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान में एक अहम भूमिका निभायी है। एआईबीओसी के महासचिव सौम्य दत्ता ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार के रवैये के कारण हो रहे हड़ताल से बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की एक लाख से अधिक शाखाओं का कामकाज प्रभावित हुआ है। वेंकटचलम ने कहा कि कांग्रेस, द्रमुक, भाकपा, माकपा, तृणमूल कांग्रेस, राकांपा और शिवसेना समेत कई राजनीतिक दलों ने हड़ताल का समर्थन किया है। महाराष्ट्र में यूएफबीयू के राज्य समन्वयक देवीदास तुलजापुरकर ने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय रिजर्व बैंक के कर्मचारी संघों ने भी हड़ताल का समर्थन किया है।

महाराष्ट्र में सरकारी बैंकों के करीब 60,000 कर्मचारियों ने हड़ताल में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि मुंबई के आजाद मैदान में 5,000 बैंक कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल में यूएफबीयू के समन्वयक गौतम नियोगी ने दावा किया कि राज्य में पूर्ण हड़ताल रही। एआईबीओसी के महासचिव संजय दास ने कहा कि अगर सरकार सरकारी बैंकों के निजीकरण का विचार नहीं छोड़ती है तो दो दिन की हड़ताल के अलावा कई और विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे।

## दिल्ली सरकार का बड़ा एक्शन

# 10 साल पुराने डीजल वाहनों का रजिस्ट्रेशन होगा रद्द



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार इन कारों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र यानि कि (NOC) जारी करेगी जिसके जरिए दूसरी जगहों पर दोबारा से रजिस्ट्रेशन किया जा सके। दिल्ली परिवहन विभाग के आदेश के अनुसार, 15 साल या उससे अधिक पुराने हो चुके डीजल वाहनों को कोई भी एनओसी जारी नहीं की जाएगी। अगर आप दिल्ली में हैं और आपके पास 10 साल से ज्यादा पुरानी डिजल कार है तो आपकी मुसीबत बढ़ने वाली है। नये साल की शुरूआत से ही अब पुराने डीजल कारों को लेकर सरकार बड़ा एतक्शन लेने वाली है। आपको बता दें कि, दिल्ली सरकार नये साल यानि की 1 जनवरी 2022 से 10 साल के सभी पुराने डीजल कारों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर देगी। केजरीवाल सरकार इन कारों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र यानि कि (NOC) जारी करेगी जिसके जरिए दूसरी जगहों पर दोबारा से रजिस्ट्रेशन किया जा सके। दिल्ली परिवहन विभाग के आदेश के अनुसार, 15 साल या उससे अधिक पुराने हो चुके डीजल वाहनों को कोई भी एनओसी जारी नहीं की जाएगी। वहीं जिनकी कार पेट्रोल वाली है और 10 से 15 साल पुरानी हो चुकी है उन्हें इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलने का ऑप्शन दिया जाएगा। परिवहन विभाग ने कहा कि, एनजीटी के आदेश का पालन करते हुए जनवरी 1 से दिल्ली में सभी डीजल कारों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया जाएगा। यह वह कार होंगे जिनको 10 साल पूरे हो गए हैं या पूरे करेंगे।

# रेलवे फिर शुरू करेगा अनारक्षित टिकटों की सुविधा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भले ही भारतीय रेलवे ने सामान्य श्रेणी के डिब्बे में अनारक्षित टिकट पर यात्रा शुरू करने का फैसला किया है, लेकिन लोगों को कोरोनावायरस भी नियमों का पालन करना होगा। मसलन लोगों को मास्क पहनना होगा, सैनिटाइजेशन का ध्यान रखना होगा और सोशल डिस्टेंसिंग भी करनी होगी। अगर आप भी भारतीय रेलवे में सामान्य जनरल डिब्बों में अनारक्षित यात्रा करते हैं तो आपके लिए जरूरी खबर है। 1 जनवरी 2022 से भारतीय रेलवे 20 ट्रेनों में अनारक्षित टिकट पर यात्रा की सुविधा को शुरू कर रही है। यह जानकारी उत्तर रेलवे की तरफ से दी गई है। इनमें मुख्य रूप से ट्रेन संख्या 12531 गोरखपुर- लखनऊ एक्सप्रेस, 12532 लखनऊ-गोरखपुर, 15007 वाराणसी सिटी-लखनऊ, 15008 लखनऊ-वाराणसी सिटी, 15009 गोरखपुर-मैलानी, 15010 मैलानी-गोरखपुर, 15043 लखनऊ-काठगोदाम, 15044 काठगोदाम-लखनऊ, ट्रेन संख्या 15053 छपरा-लखनऊ, 15054 लखनऊ-छपरा, 15069 गोरखपुर-ऐशबाग, 15070 ऐशबाग-गोरखपुर, 15084 फर्रूखाबाद-छपरा, 15083 छपरा-फर्रुखाबाद, 15103 गोरखपुर-बनारस, 15104 बनारस-गोरखपुर, 15105 छपरा-नौतनवा, 15106 नौतनवा-छपरा, 15113 गोमती नगर-छपरा



कचहरी, ट्रेन संख्या 15114 छपरा कचहरी -गोमती नगर शामिल हैं।

**कोविड के नियमों का करना होगा पालन**

भले ही भारतीय रेलवे ने सामान्य श्रेणी के डिब्बे में अनारक्षित टिकट पर यात्रा शुरू करने का फैसला किया है, लेकिन लोगों को कोरोनावायरस भी नियमों का पालन करना होगा। मसलन लोगों को मास्क पहनना होगा, सैनिटाइजेशन का ध्यान रखना होगा और सोशल डिस्टेंसिंग भी करनी होगी। भारतीय रेलवे इसकी शुरुआत इसलिए कर रहा है क्योंकि जोकि यात्रियों की तरफ से इसे शुरू किए जाने की मांग लगातार हो रही थी।दरअसल आरक्षित टिकट महंगी पड़ती है जिससे रोजाना यात्रा करने वाले का खर्च बढ़ रहा था। इतना ही नहीं आरक्षित टिकट की बुकिंग करने में रिजर्वेशन चार्ज भी देना पड़ रहा था वक्त भी बहुत लगता था अब आरक्षित टिकट यानी चालू टिकट से लोगों को राहत मिलेगी। दिव्यांगो की समस्या को देख रेलवे स्टेशनों पर दिव्यांग फ्रेंडली शौचालय बनाने का भी निर्णय लिया है। सभी स्टेशनों पर ऐसे शौचालय बनाए जाएंगे। उत्तर रेलवे ने निर्णय लिया है कि 685 दिव्यांग अनुकूल शौचालयों का निर्माण किया जाए।आपको बता दें कि जनरल टिकट यानी अनारक्षित टिकट पर यात्रा की सुविधा तो रेलवे हमेशा से ही दे रहा है। लेकिन कोरोनावायरस से बंद कर दिया गया था ताकि भीड़ को कंट्रोल किया जा सके। अनारक्षित टिकट होने की वजह से लोगों की भीड़ पर लगाम लगाना मुश्किल होता था। अब जब कोरोनावायरस थोड़ा कम हो गया है तो रेलवे ने कुछ एहतियात बरसते हुए इसे फिर से शुरू करने का फैसला किया है। यही वजह है कि अभी इसे बस 20 दिनों में ही शुरू किया गया है। अगर रेलवे को कुछ गड़बड़ी लगी तो वह इसे फिर बंद कर सकता है।


# अमेरिकी ब्रांड पैटागोनिया ने अपने परिधानों के लिए खादी डेनिम को चुना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महात्मा गांधी ने खादी के कपड़ों को एक पहचान दी थी। टिकाऊपन और शुद्धता के प्रतिक खादी ने अब विश्व फैशन क्षेत्र में भी एक बड़ी छलांग लगाई है। दरअसल अमेरिका की अग्रणी फैशन ब्रांड पैटागोनिया अब डेनिम परिधान बनाने के लिए हाथ से बनी खादी डेनिम कपड़ों का इस्तेमाल कर रहा है। पैटागोनिया ने कपड़ा बनाने वाली कंपनी अरविंद मिल्स के माध्यम से 30,000 मीटर खादी डेनिम कपड़ा गुजरात से खरीदा है। इसकी कीमत है 1.08 करोड़ रुपये है। जुलाई 2017 में खादी और ग्राम उद्योग आयोग ने खादी डेनिम उत्पादों का विश्व में व्यापार करने के लिए अरविंद मिल्स लिमिटेड से समझौता किया था। यह मील अहमदाबाद में स्थित है।

अरविंद मिल्स लिमिटेड गुजरात के खाद्य संस्थानों से प्रत्येक वर्ष बड़ी मात्रा में डेनिम का कपड़ा खरीदती है। खादी एवं ग्रामोद्योग की इस पहल से गुजरात के खादी व्यापारियों के लिए न केवल अतिरिक्त व्यापार का सृजन हो रहा है, बल्कि प्रधानमंत्री का लोकल टू ग्लोबल का सपना भी साकार हो रहा है। खादी एवं ग्रामोद्योग के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि खादी एक ट्रेंड सेटिंग पहनावा हो गया है। खादी ने विश्व भर में सबसे टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल कपड़े का अपना मौलिक मूल्य बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि खादी डेनिम विश्व में अकेला हाथ से बना डेनिम कपड़ा है। जिसे देश और विदेश में खूब लोकप्रियता मिली है। खादी का उपयोग बहुत तेजी से अग्रणी फैशन ब्रांड कर रहे हैं, क्योंकि इसकी गुणवत्ता बहुत अच्छी है। खादी डेनिम प्रधानमंत्री के सपने लोकल टू ग्लोबल को साकार करने का एक सटीक उदाहरण है। पिछले साल पैटागोनिया का एक दल राजकोट के गोंडल स्थित खादी संस्थान उद्योग का दौरा किया था। यह दल खादी डेनिम नानी की प्रक्रिया देखने आया था। हाथ से बने खादी डेनिम कपड़ों की गुणवत्ता देखकर बहुत प्रभावित हुआ था। पैटागोनिया अरविंद मिल्स के माध्यम से विभिन्न मात्राओं में खादी डेनिम कपड़ा खरीदने का आदेश दिया था।

### सीतारमण बुनियादी ढांचा, वित्तीय क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ करेंगी बजट-पूर्व बैठकें



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट-पूर्व विचार-विमर्श के क्रम में बृहस्पतिवार को बुनियादी ढांचा और वित्तीय क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ बैठकें करेंगी। वित्त मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न पक्षों के साथ अलग-अलग परामर्श बैठकें 'ऑनलाइन' होंगी। मंत्रालय ने ट्विटर पर लिखा है, ''वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण उद्योग, बुनियादी ढांचा और जलवायु क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ पूर्वाह्न और वित्तीय क्षेत्र एवं पूंजी बाजार के विशेषज्ञों के साथ दोपहर में बैठक करेंगी।''यह नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल और वित्त मंत्री सीतारमण का चौथा बजट है। अगले वित्त वर्ष का बजट ऐसे समय पेश किया जाएगा जब कोविड महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे पटरी पर आ रही है।

## समीक्षा

## नेटफ्लिक्स ने अपने सब्सक्रिप्शन प्लान में कटौती की घोषणा की है

# ओटीटी यूजर्स के लिए खुशखबरी ! नेटफ्लिक्स के प्लान हुए सस्ते

**नेटफ्लिक्स ने अपने सब्सक्रिप्शन प्लान में कमी करने की घोषणा की है। कंपनी ने अपने फ्लैगशिप बेसिक प्लान में 60 फ़ीसदी की भारी कटौती की है। कंपनी का बेसिक प्लान जो अब तक 499 का होता था, वो अब 199 रुपये में उपलब्ध होगा। 499 रुपये वाले सब्सक्रिप्शन प्लान की कीमत अब 199 रुपये कर दी गई है। यह बेसिक प्लान 1 महीने का होगा।**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स और ऐमजॉन जैसे मनोरंजन के ऐप्स से हम सभी वाकिफ हैं। नेटफ्लिक्स और ऐमजॉन पर हम सभी शानदार वेब सीरीज और फिल्में देखते हैं। नेटफ्लिक्स और ऐमजॉन को मनोरंजन का ओटीटी प्लेटफार्म कहा जाता है। यह प्लेटफार्म सेंसर बोर्ड की कानूनों से बंधे नहीं है। और अब नेटफ्लिक्स का उपयोग करने वाले लोगों के लिए एक खुशखबरी है। दरअसल नेटफ्लिक्स ने अपने सब्सक्रिप्शन प्लान में कटौती की घोषणा की है। नेटफ्लिक्स कंपनी के लिए भारत जैसा देश बहुत अहम है। जहां इसके करोड़ों यूजर हैं। सब्सक्रिप्शन प्लान में कमी करके कंपनी अपने यूजर्स को और बढ़ाना चाहती है।

**नेटफ्लिक्स का नया प्लान**

नेटफ्लिक्स ने अपने सब्सक्रिप्शन प्लान में कमी करने की घोषणा की है। कंपनी ने अपने फ्लैगशिप बेसिक प्लान में 60 फ़ीसदी की भारी कटौती की है। कंपनी का बेसिक प्लान जो अब तक 499 का होता था, वो अब 199 रुपये




में उपलब्ध होगा। 499 रुपये वाले सब्सक्रिप्शन प्लान की कीमत अब 199 रुपये कर दी गई है। यह बेसिक प्लान 1 महीने का होगा। कंपनी ने मोबाइल प्लान की कीमत में भी कटौती की है, मोबाइल प्लान का जो पॉपुलर प्लान 199 में मिलता था वह अब 149 रुपये में मिलेगा। यह प्लान भी एक महीने का होगा। नेटफ्लिक्स ने अपने स्टैंडर्ड प्लान और प्रीमियम प्लान में भी ग्राहकों को भारी छूट दी है। नेटफ्लिक्स का स्टैंडर्ड प्लान जो 1 महीने का 649 रुपये होता था वह अब 499 में मिलेगा। इसी तरह से नेटफ्लिक्स का प्रीमियम प्लान जो 799 रुपये का होता था। उसकी कीमत घटाकर 649 रुपये कर दी गई है। नई कीमतें 14 दिसंबर यानी कि आज से लागू हो गई हैं।

**क्यों की गई कीमतों में कटौती**

नेटफ्लिक्स का कहना है भारत में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और डिजिटल कंटेंट की मांग को देखते हुए यह फैसला किया गया है। कंपनी को दूसरे ओटीटी प्लेटफॉर्म जैसे डिजनी हॉटस्टार, एमेजॉन प्राइम और दूसरी ऐसी कंपनियों से कड़ी चुनौती मिल रही है। इसी को देखते हुए कंपनी ने ने प्लान में कटौती की है। ताकि कंपनी अपने साथ ज्यादा से ज्यादा दर्शकों को जोड़ सकें। दूसरी ओर आपको बता दें कि, एमेजॉन प्राइम जैसे प्लेटफार्म ने कीमत बढ़ा दी है। इनके द्वारा बढ़ाई गई कीमतें आज से लागू हो गई हैं।

**एमेजॉन से सस्ता नेटफ्लिक्स**

नेटफ्लिक्स के इस नए प्लान को हैप्पी न्यू प्राइस नाम दिया गया है। नेटफ्लिक्स की नए प्लान की कीमतें 14 दिसंबर से लागू होंगी। नेटफ्लिक्स के प्लान की कीमतें अब एमेजॉन प्राइम से सस्ती हो गई है। एमेजॉन प्राइम के प्लान की कीमतें आज से बढ़ गई हैं।एमेजॉन का जो प्लान मंथली 129 का होता था वह अब 179 रुपये का हो गया है। कंपनी ने अपने सब्सक्रिप्शन प्लान की कीमतों में 50 फ़ीसदी की बढ़ोतरी की है। एमेजॉन प्राइम ने हाल ही में अपने प्लांस में बढ़ोतरी की है। अब कंपनी के 1 महीने वाले प्लान की कीमत 179 रुपये हो गई है। इसी तरह से 3 महीने वाले सब्सक्रिप्शन प्लान की कीमत भी बढ़कर 459 रुपये हो गई है। कंपनी के 1 साल के सब्सक्रिप्शन की कीमत 14,99 रुपये है।

## संक्षिप्त समाचार

### क्या है 'के-पॉप'? जिसे देखने वाले को उत्तर कोरिया में उतारा जाता है मौत के घाट

पूरी दुनिया में मशहूर दक्षिण कोरियाई पॉप संगीत (के पॉप) देखने या उसके वीडियो को वितरित किए जाने पर पिछले एक दशक में सात लोगों को सरेआम मौत के घाट उतारा जा चुका है। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार मानवाधिकार समूह की एक नई रिपोर्ट में पाया गया है कि उत्तर कोरिया ने पिछले दशक में के-पॉप वीडियो देखने या वितरित करने के लिए कम से कम सात लोगों को सार्वजनिक रूप से मार डाला है। रिपोर्ट ट्रांजिशनल जस्टिस वर्किंग ग्रुप द्वारा जारी की गई थी और यह उत्तर कोरिया के लगभग 700 लोगों का इंटरव्यू लिया है जो वहां से भाग कर आए हैं। रिपोर्ट ने उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन की खुलेआम धमकी की गवाही की ओर इशारा किया है और कहा गया है कि साउथ कोरिया के ड्रामा को देखना अपराधों में से एक है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने बताया कि किम जोंग-उन ने के-पॉप को "कैंसर" की संज्ञ दी है। किम जोंग उन के आदेश में कहा गया है कि दक्षिण कोरिया की म्यूजिक और टीवी सीरियल्स हमारे देश की पोशाक, हेयर स्टाइल, भाषा और व्यवहार को भ्रष्ट बना रही है। दिसंबर में ही इससे संबंधित एक कानून लाया गया था जिसमें दक्षिण कोरिया के किसी भी एंटरटेनमेंट को देखने पर लेबर कैंप में 15 साल की कैद की सजा हो सकती है। पहले यह अधिकतम सजा केवल 5 साल की थी। इतना ही नहीं, इन पेन ड्राइव्स की तस्करी में शामिल लोगों को पकड़े जाने पर मौत की सजा देने का प्रावधान है। दक्षिण कोरिया के कोरियन पॉप को आम बोलचाल की भाषा में के-पॉप के नाम से जाना जाता है। मुख्य रूप से वेस्टर्न म्यूजिक पर बेस्ड के-पॉप में अब कई सारे डांस मूव्स और म्यूजिक स्टाइल आ मिले हैं। इस कारण दक्षिण कोरिया के इस पॉप म्यूजिक के पूरी दुनिया में दीवाने मिलेंगे। भाषा-खानपान-संस्कृति आदि में समानता होने के कारण उत्तर कोरियाई लोग के-पॉप को खूब पसंद भी करते हैं।

### इजराइल ने सीरिया के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर दागी मिसाइलें, एक सैनिक की मौत

**दमिश्क।** सीरिया की सेना ने दावा किया है कि इजराइल ने बृहस्पतिवार को तड़के उसके सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर मिसाइलों से हमला किया, जिसमें एक सैनिक की मौत हो गयी और सैन्य ठिकानों को क्षति पहुंची। सीरिया के सरकारी मीडिया ने एक सैन्य अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी। सैन्य अधिकारी ने कहा कि इजराइल के कब्जे वाले गोलन हाइट्स से दागे गए रॉकेटों का सीरियाई वायु रक्षा प्रणाली ने समय रहते पता लगाकर अधिकतर मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। अधिकारी ने कहा कि इजराइल की ओर से दक्षिण सीरिया में स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर दागी गयी मिसाइलों के कारण एक सैनिक की मौत हो गयी और इसमें सैन्य ठिकानों को क्षति भी हुई है। इजराइल ने हाल के वर्षों में सीरिया के दक्षिणी हिस्से पर कई बार मिसाइलों से हमले किए हैं। इजराइल का दावा है कि सीरिया के दक्षिणी हिस्से में लेबनान के विद्रोहियों के संगठन हिजबुल्ला के लड़ाके सक्रिय हैं, जिन्हें ईरान समर्थन देता है।

### अमेरिका में डेल्टा वेरिएंट का खतरा बढ़ा, केस दोगुनी वृद्धि होने का खतरा

**वाशिंगटन।** पहले से ही डेल्टा स्वरूप के संक्रमण से जूझ रहे अमेरिका में कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के कारण अराजक स्थिति की एक और लहर का खतरा मंडरा है और देश में संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी दोगुनी हो जाने का खतरा है। हालांकि व्हाइट हाउस ने बुधवार को कहा कि लॉकडाउन लागू करने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि टीके व्यापक पैमाने पर उपलब्ध हैं और वे वायरस के गंभीर परिणामों से सुरक्षा मुहैया कराने में कारगर प्रतीत होते हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के नेतृत्व में एक शोध सहयोग के लिए कोविड के स्वरूपों पर नजर रखने वाले जैकब लेमीक्स ने कहा, ''डेल्टा संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं, बल्कि तेजी से बढ़ रहे हैं और ऐसे में ओमीक्रोन मामलों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। यह चिंताजनक है, क्योंकि हमारे अस्पताल पहले ही भरे हुए हैं और कर्मी थके हुए हैं।'' अमेरिका में रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र की निदेशक रोशेल वालेंस्की ने बुधवार को कहा कि शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि ओमीक्रोन डेल्टा से अधिक संक्रामक है और इसके दोगुने होने का समय दो दिन है।

### अफगानिस्तान को अलग-थलग करना दुनिया के लिए नुकसानदेह : इमरान खान

**इस्लामाबाद|** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान के लोगों का समर्थन करने का आग्रह करते हुए,बुधवार को कहा कि युद्धग्रस्त राष्ट्र को अलग-थलग कर देना दुनिया के लिए नुकसानदेह होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में बताया कि अफगानिस्तान पर शीर्ष समिति की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करते हुए खान ने कहा कि पाकिस्तान मानवीय संकट को टालने के लिए हर संभव तरीके से अफगान लोगों का समर्थन करेगा। इससे पहले एक ट्वीट में, पीएमओ ने खान के हवाले से कहा था कि अफगानिस्तान से अलग होना दुनिया के लिए नुकसानदेह होगा। बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि दुनिया अफगानिस्तान से कट जाने की गलती नहीं दोहराएगी। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान के कमजोर लोगों का समर्थन करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री खान ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि पाकिस्तान पहले ही अफगानिस्तान को पांच अरब रुपये की मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें खाद्य वस्तुएं और आपातकालीन चिकित्सा आपूर्ति शामिल है।

### इज़राइल का अफ्रीकी देशों को तोहफा, 1 मिलियन COVID टीके करेगा दान

**यरुशलम।** इजराइल की सरकार ने बुधवार को कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र समर्थित 'कोवैक्स पहल' के तहत कोविड-19 रोधी टीके की 10 लाख खुराक दान में देगी। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि आगामी सप्ताह में एस्ट्राजेनेका टीके की खुराक भेजी जाएगी। यह निर्णय अफ्रीकी देशों के साथ इजराइल के मजबूत हो रहे संबंधों को दर्शाता है। इजराइल के विदेश मंत्री याइर लापिड ने कहा, ''मुझे खुशी है कि इजराइल दुनिया भर में महामारी को खत्म करने में योगदान दे सकता है और भागीदार बन सकता है।'' घोषणा में कहा गया है कि टीके करीब एक चौथाई अफ्रीकी देशों तक पहुंचेंगे, हालांकि इसने कोई सूची प्रदान नहीं की। इजराइल के केन्या, युगांडा और रवांडा सहित कई अफ्रीकी देशों के साथ घनिष्ठ संबंध हैं। कोवैक्स एक वैश्विक पहल है जिसका उद्देश्य गरीब देशों को कोरोना वायरस के टीके उपलब्ध कराना है।

## अमेरिकी रिपोर्ट का दावा

# भारत को निशाना बना रहे आतंकवादी समूहों का पाकिस्तानी सरजमीं से काम जारी

एजेंसी

**वाशिंगटन।** भारत को निशाना बना रहे आतंकवादी समूहों ने पाकिस्तानी सरजमीं से अपनी गतिविधियों को अंजाम देना जारी रखा है। पाकिस्तान ने जैश-ए-मोहम्मद संस्थापक और संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी मसूद अजहर तथा 2008 मुंबई हमले के ''प्रोजेक्ट मैनेजर'' साजिद मीर समेत अन्य आतंकवादियों के खिलाफ भी कार्रवाई नहीं की है। अमेरिका के विदेश विभाग द्वारा आतंकवाद पर जारी एक नयी रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बृहस्पतिवार को आतंकवाद पर जारी देश की रिपोर्ट 2020 में कहा कि क्षेत्रीय रूप से आतंकवादी समूह पाकिस्तान से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ''अफगान तालिबान और उससे जुड़े हक्कानी नेटवर्क समेत अफगानिस्तान को निशाना बना रहे समूहों के साथ ही



**अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बृहस्पतिवार को आतंकवाद पर जारी देश की रिपोर्ट 2020 में कहा कि क्षेत्रीय रूप से आतंकवादी समूह पाकिस्तान से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं।**

भारत को निशाना बना रहे लश्कर-ए-तैयबा और उससे जुड़े संगठन तथा जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) समेत अन्य आतंकवादी समूहों ने पाकिस्तानी सरजमीं से अपना काम जारी रखा है।''रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने जेईएम संस्थापक और संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी अजहर और 2008 मुंबई हमले के ''प्रोजेक्ट मैनेजर'' मीर जैसे अन्य वांछित आतंकवादियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। ऐसा माना जाता है कि अजहर और मीर दोनों पाकिस्तान में निर्बाध घूम रहे हैं। इसमें कहा गया है कि फरवरी और फिर नवंबर में लाहौर की एक आतंकवादी रोधी अदालत ने लैश्कर-ए-तैयबा संस्थापक हाफिज सईद को आतंकवाद के वित्त पोषण के कई आरोपों में दोषी ठहराया और उसे साढ़े पांच साल के कारावास की सजा सुनाई।

### ओसाका की एक इमारत में भीषण आग, 27 लोगों की मौत

तोक्यो। जापान के ओसाका शहर में एक इमारत में आग लगने से 27 लोगों के मारे जाने की आशंका है। जापान के प्रसारक 'निप्पौन होसो क्योकाइ' (एनएचके) ने बताया कि बाजार में आठ मंजिला इमारत की चौथी या पांचवी मंजिल पर शुक्रवार को आग लग गई। घटना में 28 लोगों के हताहत होने की आशंका है, जिनमें से 27 लोगों के हृदय या फेफड़ों ने काम करना बंद कर दिया है। आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है और विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

# भारत की अध्यक्षता में मजबूत हुई ब्रिक्स देशों की रणनीतिक साझेदारी

एजेंसी




**नई दिल्ली।** ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) में भारत की अध्यक्षता का कार्यकाल समापन के निकट पहुंचने के बीच, विकासशील देशों के इस संगठन के सदस्य देशों ने बुधवार को स्वीकार किया कि इस वर्ष संगठन के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत हुई और इस साल की गतिविधियों ने निरंतरता, समेकन और आम सहमति के सिद्धांतों को मजबूत करके सहयोग को बढ़ाया है। भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स शेरपाओं और सूस शेरपाओं की चौथी और अंतिम समापन बैठक के दौरान इसका उल्लेख किया गया था। भारत के ब्रिक्स शेरपा के रूप में बैठक की अध्यक्षता सचिव (कांसुलर, पासपोर्ट, वीजा और प्रवासी भारतीय मामलों) संजय भट्टाचार्य ने की थी। ब्रिक्स में दुनिया के पांच सबसे बड़े विकासशील देश हैं, जो वैश्विक आबादी के 41 प्रतिशत, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 24 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के 16 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस बैठक में इस साल की गतिविधियों की समीक्षा की गई। भारत ने अपनी अध्यक्षता में संगठन के लिए विषय चुना था, ''ब्रिक्स 15: निरंतरता, समेकन और आम सहमति की खातिर अंतर-ब्रिक्स सहयोग।'' भारत ने अपनी अध्यक्षता के लिए प्राथमिकता वाले चार क्षेत्रों की रूपरेखा तैयार की। इनमें बहुपक्षीय प्रणाली में सुधार, आतंकवाद का मुकाबला, 'एसडीजी' प्राप्त करने के लिए डिजिटल और तकनीकी औजारों का उपयोग तथा लोगों से लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा देना शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस साल ब्रिक्स की करीब 150 बैठकें और समारोह हुए, जिनमें से 20 मंत्रिस्तरीय थे। बयान में कहा गया कि बुधवार को हुई बैठक के दौरान 'ब्रिक्स गैवेल और हैंडओवर रिपोर्ट' चीन को सौंपी गई।

# तिब्बती धर्मगुरु से मिल सकते हैं बाइडेन? तिब्बत को लेकर अमेरिका कर सकता है कोई बड़ा फैसला

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका से एक ऐसी खबर आ रही है जिससे चीन और अमेरिका में तनाव और गहरा सकता है। दरअसल अमेरिकी कांग्रेस के सदस्यों ने राष्ट्रपति जो बाइडेन और तिब्बती आध्यात्मिक धर्मगुरु दलाई लामा के बीच बैठक की अपील की है। अमेरिकी कांग्रेस के सदस्यों ने कहा है कि तिब्बत को लेकर अमेरिकी कानूनों को पूरी तरह लागू किया जाना चाहिए। और तिब्बत को चीन का हिस्सा मानने का रिवाज भी खत्म होना चाहिए। यह बात अमेरिकी कांग्रेस के 60 से अधिक सदस्यों ने नए सीनेट में कही है। अंडर सेक्रेटरी ऑफ स्टेट उजरा जेया को लिखे एक चिट्ठी से साफ है कि अमेरिकी कांग्रेस तिब्बत के मसले पर फोकस कर रही है। आपको बता दें कि ऐतिहासिक रूप से आजाद देश तिब्बत जिस पर चीन ने 60 से भी अधिक सालों से क्रूरता के साथ कब्जा किया हुआ है, अमेरिका लगातार तिब्बत के समर्थन में बोल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक विदेश विभाग में तिब्बती मसलों के लिए स्पेशल कोऑर्डिनेटर के रूप में जल्द ही उजरा जेया की नियुक्ति की जा सकती है। तिब्बत के लिए अभियान चलाने वाले समूहों ने चिट्ठी को लेकर कहा है कि, अमेरिकी कांग्रेस को उम्मीद है कि बाइडेन प्रशासन 20 लोगों का समर्थन



करने के लिए जल्दी कुछ ना कुछ सार्थक काम करेगा। इंटरनेशनल कैंपेन फॉर तिब्बत में 38 सीनेटर 27 प्रतिनिधियों को तिब्बत मसले पर साथ आने के लिए धन्यवाद किया है। उजरा जेया इस वक्त नागरिक सुरक्षा, लोकतंत्र और मानवाधिकारों के लिए राज्य के अंदर सेक्रेटरी के तौर पर काम करती हैं। आपको बता दें कि 2002 के तिब्बती नीति अधिनियम में स्पेशल कॉर्डिनेटर की नियुक्ति जरूरी है। चिट्ठी में प्रशासन से दलाई लामा और केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के साथ जुड़ने की अपील की गई है। दलाई लामा के उत्तराधिकारी को लेकर चीन के विरोध को लेकर भी हस्तक्षेप करने की अपील की गई है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि, 86 साल के दलाई लामा के लिए अपना उत्तराधिकारी नियुक्त करने की योजना बना रही है। लेकिन 2020 के तिब्बती नीति में कहा गया है कि केवल दलाई लामा और तिब्बती बौद्ध समुदाय ही उनके उत्तराधिकारी का निर्णय कर सकते हैं।

### इंडोनेशिया में ओमीक्रोन पहुंचा, अस्पताल का सफाई कर्मी ओमीक्रोन से संक्रमित

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप का पहला मामला सामने आया है। जकार्ता के एक अस्पताल का एक सफाई कर्मी ओमीक्रोन से संक्रमित मिला है। यह जानकारी देश के स्वास्थ्य मंत्री ने बृहस्पतिवार को दी। मरीज में कोई लक्षण नहीं है और उसे एथलीट विलेज इमरजेंसी अस्पताल में पृथकवास में रखा गया है, जहां वह काम करता था। सरकार ने मार्च 2020 में कोविड-19 रोगियों के इलाज के लिए और विदेश से लौटने वाले इंडोनेशियाई लोगों के लिए यह पृथकवास इकाई बनाई है। इंडोनेशिया के स्वास्थ्य मंत्री बुदी गुनादी सादिकिन ने कहा कि यह मामला बुधवार को सामने आया। उन्होंने लोगों से मास्क पहनने और एक दूसरे से दूरी बनाए रखने सहित अनुशंसित स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन जारी रखने का आग्रह किया।

# चीनी प्रतिक्रिया को समझने के लिए अमेरिका ने किया सॉफ्टवेयर टूल का निर्माण



एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के हिंद प्रशांत क्षेत्र रक्षा उप सचिव कैथलीन हिक्स को हवाई में संयुक्त राज्य अमेरिका इंडो-पैसिफिक कमांड के दौरे के दौरान नए उपकरण के बारे में जानकारी दी गई। कंप्यूटर-आधारित प्रणाली पेंटागन को यह अनुमान लगाने में मदद करेगी कि क्या कुछ कार्रवाइयां एक बाहरी चीनी प्रतिक्रिया को उत्तेजित करेंगी। अमेरिकी सैन्य कमांडरों ने एक नया साफ्टवेयर टूल विकसित किया है, ताकि इस बात का अंदाजा लगाया जा सके कि क्षेत्र में अमेरिकी सेना की तैनाती, समर्थित सेनाओं की गतिविधियों और ताइवान जैसे देशों में संसदीय दल के दौरे पर चीन क्या प्रतिक्रिया देगा। अमेरिका के हिंद प्रशांत क्षेत्र रक्षा उप सचिव कैथलीन हिक्स को हवाई में संयुक्त राज्य अमेरिका इंडो-पैसिफिक कमांड के दौरे के दौरान नए उपकरण के बारे में जानकारी दी गई। द हिन्दू की रिपोर्ट के अनुसार हिक्स ने कहा कि टकराव की आशंकाओं के बीच चुनौतियों को समझने और उसके मुकाबले के लिए तैयार रहना होगा। एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि यह टूल रणनीतिक टकराव का आकलन करता है। एक रक्षा अधिकारी ने कहा कि उपकरण ₹रणनीतिक घर्षण₹ की गणना करता है। यह 2020 की शुरुआत से डेटा को देखता है और उन महत्वपूर्ण गतिविधियों का मूल्यांकन करता है जिन्होंने यूएस-चीन संबंधों को प्रभावित किया था। कंप्यूटर-आधारित प्रणाली पेंटागन को यह अनुमान लगाने में मदद करेगी कि क्या कुछ कार्रवाइयां एक बाहरी चीनी प्रतिक्रिया को उत्तेजित करेंगी। अक्टूबर में चीनी सेना ने ताइवान जलडमरूमध्य के माध्यम से एक युद्धपोत भेजने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा की निंदा करते हुए कहा कि वे इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए खतरा हैं।

### डोमिनिकन गणराज्य में इमरजेंसी लैंडिंग के समय विमान हुआ क्रैश, 9 लोगों की मौत

सीएनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, विमान डोमिनिकन गणराज्य से अमेरिका में फ्लोरिडा जा रहा था, आपातकालीन लैंडिंग करने के दौरान विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। डोमिनिकन गणराज्य की राजधानी सैंटो डोमिंगो में लास अमेरिका हवाई अड्डे पर एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से नौ लोगों की मौत हो गई। इस घटना में मारे गए नौ लोगों में प्यूर्टो रिकान के संगीत निर्माता फ्लो ला मूवी भी शामिल थे।जानकारी के लिए बता दें कि, विमान डोमिनिकन गणराज्य की राजधानी सेंटो डोमिंगो के लास अमेरिका हवाईअड्डे पर आपात स्थिति में उतर रहा था तभी यह घटना हुई। सात यात्रियों में से छह विदेशी नागरिक थे और एक डोमिनिकन था।इसकी जानकारी विमान के संचालक हेलिडोसा एविएशन ग्रुप ने ट्वीट करके दी। सीएनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, विमान डोमिनिकन गणराज्य से अमेरिका में फ्लोरिडा जा रहा था, आपातकालीन लैंडिंग करने के दौरान विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## सुर्खियां

चीन की नजर नेपाल पर है, जहां वो लुंबिनी तक रेलवे लाइन बनाने की योजना बना रहा है

# नेपाल में चीन क्या कर रहा है, बढ़ी भारत की चिंता

**चीन की नजर भारत के पड़ोस में बसे छोटे से देश नेपाल पर है। जहां वो लुंबिनी तक रेलवे लाइन बनाने की योजना बना रहा है। एक्सपर्ट का मानना है कि इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य जरूरत के वक्त अपने सैनिकों को तुरंत भारत की सीमा तक पहुंचाना है।**

एजेंसी

चीन वैसे तो अपनी विस्तारवाद की नीति के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्धि पाई है। लेकिन इसके साथ ही वो इन्वेस्टमेंट के जरिये अपने पड़ोसी मुल्कों में पैठ बनाता है तरक्की के सपनें बेचता है और अपने सामरिक हित साधता है। अपनी इसी नीति के तहत अब चीन की नजर भारत के पड़ोस में बसे छोटे से देश नेपाल पर है। जहां वो लुंबिनी तक रेलवे लाइन बनाने की योजना बना रहा है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने इसका ऐलान खुद किया है। चीन की तरफ से दावा किया गया है कि रेलवे लाइन और सड़क मार्ग से चारों तरफ से जमीन से



घिरे नेपाल का संपर्क दुनिया से बढ़ेगा। लेकिन चीन के पुराने ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए उसकी बातें केवल हवा-हवाई ही लगती है। इसके साथ ही चीन के नेपाल पर नजर से भारत की चिंता बढ़ना लाजिमी है। वो भी ऐसे वक्त में जब म्यांमार में भी चीन हिंद महासागर तक रेलवे लाइन बनाने जा रहा है। पड़ोसियों के बीच में खाई पैदा करने की और दो देशों को दुश्मन बनाने की कोशिश चीन इसलिए कर रहा है ताकी गड़बड़ी फैला सके। कठपुतली के तौर पर नेपाल का इस्तेमाल कर सके। रेल और रोड सेवा के बहाने ल्हासे, शिगास्ते, केरुंग से होता हुआ ये रूट काठमांडू तक के रूट को पोखरा और लुंबिनी तक बढ़ाए जाने की बात हो रही है। कहा तो ये भी जा रहा है कि वहां उत्तर और पश्चिमी प्रांत तक चीन ने अपनी मालगाड़ी चला भी दी है। चीन नेपाल को बांधने की कोशिश कर रहा है। 2003 में रेल लिंक को लेकर ये निर्णय हुआ था कि इसमें कुछ-कुछ भागीदारी नेपाल की तरफ से होगी। हालांकि बाद में नेपाल ने मना कर दिया और अब चीन खुद से ये करना चाहता है। साऊथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक चीन 8 अरब डॉलर की मदद से दक्षिणी तिब्बत से नेपाल की राजधानी काठमांडू तक सीमा पार रेलवे बनाना चाहता है। माना जा रहा है कि इससे नेपाल की अर्थव्यवस्था को पंख लगेंगे जो उत्तर कोरिया के बाद सबसे गरीब देश है। यह चीन की दक्षिण एशिया में बेल्ट एंड रोड रणनीति का अहम हिस्सा है। चीनी राष्ट्रपति की साल 2019 में हुई नेपाल यात्रा के दौरान 20 द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर हुआ था। वांग यी ने कहा था कि चीन सीमा पार रेलवे प्रॉजेक्ट के व्यवहार्यता अध्ययन पर ठोस प्रगति करेगा, ट्रांस हिमालय कनेक्टिविटी नेटवर्क को सुधारेगा और नेपाल की परेशानियों को दूर करके उसका सपना पूरा करने में मदद करेगा।

चीन का असल मकसद कुछ और

लेकिन जो कुछ इतना सरल लग रहा है या चीन की तरफ से नेपाल को तरक्की के राह पर ले जाने के सपने बेच रहा है वो इतना साफ नहीं है। दरअसल, चीन ने भारत को ध्यान में रखकर ही नेपाल तक रेल लाइन और सड़क मार्ग बनाने की योजना तैयार की है। एक्सपर्ट का मानना है कि इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य जरूरत के वक्त अपने सैनिकों को तुरंत भारत की सीमा तक पहुंचाना है। रेल नेटवर्क बिछाने और सड़कों के निर्माण के बाद नेपाल के रास्ते चीन बेहद की कम समय में अपने सैनिकों को भारतीय सीमा पर पहुंचा सकता है।

# जो बाइडन ने कैरोलिन कैनेडी, मिशेल क्वान को राजदूत के तौर पर नामित किया

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को घोषणा की कि वह पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा प्रशासन के दौरान जापान में राजदूत के रूप में सेवा देने वालीं, दिवंगत राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी की बेटी कैरोलिन कैनेडी को ऑस्ट्रेलिया में राजदूत के तौर पर और प्रसिद्ध अमेरिकी ओलंपिक स्केटर मिशेल क्वान को बेलीज में अपने मुख्य दूत के रूप में सेवा करने के लिए नामित कर रहे हैं। कैनेडी ने 2020 में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की प्राथमिक प्रक्रिया में अपेक्षाकृत पहले ही बाइडन को अपना समर्थन दे दिया था।

अपने समर्थन की घोषणा करने के लिए बोस्टन ग्लोब के एक संपादकीय में उन्होंने एक लोक सेवक के रूप में लंबे करियर के लिए बाइडन की प्रशंसा की थी और जब वह राजदूत थीं तब उपराष्ट्रपति के रूप में बाइडन के तोक्यो दौरे को याद किया था। कैनेडी ने एक बयान में प्रशांत महासागर में सोलोमन द्वीपवासियों और ऑस्ट्रेलिया के तट पर नजर रखने वालों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अगस्त 1943 में जापानियों द्वारा चालक दल की मोटर टारपीडो नाव को डुबो दिए जाने के बाद उनके पिता की जान बचाई थी। कैनेडी ने कहा, ''अगर मेरे नाम को मंजूरी मिली, तो मैं इस कर्ज को चुकाने के लिए कड़ी मेहनत करूंगी। मैं अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंधों को मजबूत करने, वैश्विक स्वास्थ्य में सुधार और इस भयानक महामारी के दौरान टीके की पहुंच बढ़ाने तथा तत्काल जलवायु संकट को दूर करने के वास्ते ऑस्ट्रेलिया सरकार के साथ सहयोग करने के लिए उत्सुक हूं। मैं ऑस्ट्रेलिया के लोगों, इस दिलचस्प देश को जानने और अमेरिका के बारे में अपनी पसंद को उनके साथ साझा करने के लिए उत्साहित हूं।'' बाइडन ने कैनेडी परिवार की एक अन्य सदस्य, पेशे से वकील, और सांसद टेड कैनेडी की विधवा विक्टोरिया कैनेडी को ऑस्ट्रिया में अपने राजदूत के रूप में नियुक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बड़े दौरे से पहले किसी पर ऊंगली उठाना सही नहीं, कोहली की टाइमिंग गलत: कपिल

**नई दिल्ली।** विश्व कप विजेता भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव का मानना है कि कप्तानी के मसले पर बीसीसीआई से मतभेद उजागर करता विराट कोहली का बयान गलत समय पर आया है जिससे दक्षिण अफ्रीका के अहम दौरे से पहले अनावश्यक विवाद पैदा हो गया। दक्षिण अफ्रीका रवानगी से पहले मुंबई में प्रेस कांफ्रेंस में कोहली ने बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के इस बयान को गलत बताया कि बोर्ड ने उनसे टी20 टीम की कप्तानी नहीं छोड़ने के लिये कहा था। इस बयान से कोहली और बीसीसीआई के बीच तनाव जगजाहिर हो गया है। कपिल ने 'एबीपी न्यूज' से कहा ,'' इस समय किसी पर ऊंगली उठाना सही नहीं है। दक्षिण अफ्रीका का दौरा सामने है और उस पर ध्यान देना चाहिये।'' उन्होंने कहा ,'' मैं कहूंगा कि बोर्ड अध्यक्ष तो बोर्ड अध्यक्ष है हालांकि भारतीय टीम का कप्तान होना भी बड़ी बात है। एक दूसरे के बारे में हालांकि सार्वजनिक तौर पर खराब बोलना अच्छा नहीं है। चाहे वह सौरव हो या कोहली।'' भारत को 1983 विश्व कप दिलाने वाले कपिल ने कोहली से हालात पर नियंत्रण करके देश के बारे में सोचने की अपील की। उन्होंने कहा ,'' आप स्थिति को कंट्रोल कीजिये। बेहतर ये है कि आप देश के बारे में सोचिये। जो गलत है वो पता चल ही जायेगा लेकिन एक दौरे से पहले विवाद खड़ा करना सही नहीं है।'' कोहली की कप्तानी में भारतीय टेस्ट टीम बृहस्पतिवार को दक्षिण अफ्रीका रवाना हो गई जहां 26 दिसंबर से सेंचुरियन में पहला टेस्ट खेला जाना है। उसके बाद तीन वनडे मैचों की श्रृंखला भी खेली जायेगी। बीसीसीआई ने कोहली के बयान पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के तीन खिलाड़ी, दो सहयोगी स्टाफ कोरोना पॉजिटिव

**कराची।** वेस्टइंडीज टीम के तीन खिलाड़ी और दो सहयोगी स्टाफ के कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाये जाने के बाद मौजूदा पाकिस्तान दौरा खटाई में पड़ता नजर आ रहा है। विकेटकीपर शाइ होप, बायें हाथ के स्पिनर अकील हुसैन और हरफनमौला जस्टिन ग्रीव्स पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा कराई गई ताजा जांच में संक्रमित पाये गए। सहायक कोच रॉडी एस्टविक और टीम डॉक्टर अक्षय मानसिंह भी पॉजिटिव पाये गए हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने एक बयान में कहा ,'' तीनों खिलाड़ी आगामी मैच नहीं खेल सकेंगे और पांचों व्यक्ति पृथकवास में रहेंगे। चिकित्सा अधिकारी उनकी देखरेख करेंगे। उन्हें दस दिन या आरटी पीसीआर जांच नेगेटिव आने तक पृथकवास में रहना होगा।'' वेस्टइंडीज के अब छह खिलाड़ी कोरोना संक्रमण का शिकार हो गए हैं जबकि डेवोन थॉमस ऊंगली में चोट के कारण बाहर हो गए हैं। दोनों बोर्ड के अधिकारी गुरूवार को बैठक करके मौजूदा श्रृंखला के भविष्य पर फैसला लेंगे। पाकिस्तान ने तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में 2 . 0 की अजेय बढत ले ली है। तीसरा मैच गुरूवार को हाना है जिसके बाद वनडे श्रृंखला खेली जायेगी। इससे पहले तेज गेंदबाज शेल्डन कोटरेल और हरफनमौला रोस्टन चेस तथा काइल मायेर्स भी कोरोना संक्रमण के कारण टी20 श्रृंखला से बाहर हो गए थे।

### ऑस्ट्रेलिया को लगा तगड़ा झटका,पैट कमिंस दूसरे एशेज टेस्ट से हुए बाहर

**एडीलेड।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा एशेज टेस्ट नहीं खेल सकेंगे जो कोरोना संक्रमण के शिकार एक व्यक्ति के करीबी संपर्क में पाये गए थे। एडीलेड ओवल पर दिन रात के टेस्ट के टॉस से तीन घंटे पहले क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा कि कमिंस ने जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल नहीं तोड़ा है और वह बुधवार की रात एक रेस्तरां में खाना खा रहे थे। हालात का पता चलते ही वह पृथकवास पर चले गए हैं और उसके बाद कराई गई कोरोना जांच की रिपोर्ट भी नेगेटिव आई है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि साउथ आस्ट्रेलिया स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि की है कि कमिंस करीबी संपर्क था और उन्हें सात दिन पृथकवास में रहना होगा। वह 26 दिसंबर से मेलबर्न में तीसरा टेस्ट खेल सकेंगे। कमिंस की गैर मौजूदगी में स्टीव स्मिथ कप्तानी करेंगे। कमिंस की जगह माइकल नेसेर टीम में होंगे। दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़खानी विवाद के कारण 2018 में कप्तानी गंवाने वाले स्मिथ उसके बाद से पहली बार टीम की अगुवाई करेंगे।

### कोहली बोले- दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज खेलने को तैयार, कप्तानी को लेकर भी तोड़ी चुप्पी

वनडे की कप्तानी से हटने को लेकर विराट कोहली ने कहा कि इस पर बीसीसीआई से कोई चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि जब मैंने टी-20 कप्तानी छोड़ी तो मैंने बीसीसीआई को बता दिया था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में विराट कोहली के खेलने को लेकर पिछले दो दिनों से लगातार अटकलों का बाजार जारी था। ऐसा कहा जा रहा था कि विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में उपलब्ध नहीं रहेंगे। इसको लेकर उन्होंने बीसीसीआई को जानकारी दे दी है। इन सबके बीच विराट कोहली ने आज खुद ही इन तमाम अटकलबाजियों पर विराम लगा दिया है।

**विराट कोहली से जुड़े सवाल को टाल गए सौरव गांगुली**

# इस मामले से ठीक तरीके से निपटेगा बीसीसीआई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई और विराट कोहली के बीच सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। दक्षिण अफ्रीका रवाना होने से पहले विराट कोहली के दावे के बाद से भारतीय क्रिकेट में बवाल मचा हुआ है। विराट कोहली ने वनडे की कप्तानी से हटाने को लेकर कुछ ऐसे दावे की है जो बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के बयान से बिल्कुल अलग थे। इसके बाद माना जा रहा है कि बीसीसीआई और विराट कोहली आमने-सामने हैं। आज इसी को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरव गांगुली से प्रतिक्रिया मांगी गई हालांकि सौरव गांगुली ने विराट कोहली से जुड़े सवालों को टाल दिया। इससे पहले कोहली ने गांगुली के बयान के संदर्भ में कहा था, ''जो फैसला किया गया उसे लेकर जो भी संवाद हुआ, उसके बारे में जो भी कहा



गया वह गलत है।''सौरभ गांगुली ने पत्रकारों से कहा कि मेरे पास कहने के लिए कुछ भी नहीं है। हम इससे निपटेंगे। इसे बीसीसीआई पर छोड़ दें। कुल मिलाकर कहें तो गांगुली ने साफ तौर पर कह दिया कि पूरे प्रकरण पर अब बीसीसीआई सही तरीके से निपटेगा। विराट कोहली और सौरव गांगुली के बयानों को लेकर हर तरफ बवाल मचा हुआ है। दावा किया जा रहा है कि बोर्ड और कोहली के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो गई है। विराट कोहली के दावे सौरव गांगुली के दावे के बिल्कुल विपरीत है। ऐसे में कई सवाल उठ रहे हैं और सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि आखिर यहां कौन झूठा है और कौन सच्चा है?

**टीम चयन से पहले वनडे कप्तानी से हटाया गया: कोहली**

भारतीय टेस्ट कप्तान विराट कोहली ने बुधवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन्हें कभी टी20 टीम की कप्तानी छोड़ने पर पुनर्विचार करने को नहीं कहा जैसा कि बोर्ड ने दावा किया है और आगामी दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम चयन से 90 मिनट पहले उन्हें एकदिवसीय टीम की कप्तानी से हटाया गया। कोहली ने कहा, ''जो फैसला किया गया उसे लेकर जो भी संवाद हुआ, उसके बारे में जो भी कहा गया वह गलत है। '' उन्होंने कहा, ''आठ दिसंबर को टेस्ट श्रृंखला के लिए चयन बैठक से डेढ़ घंटा पहले मेरे साथ संपर्क किया गया और इससे पहले टी20 कप्तानी को लेकर मेरे फैसले की घोषणा के बाद से मेरे साथ कोई संपर्क नहीं किया गया था। '' कोहली ने कहा, ''मुख्य चयनकर्ता ने टेस्ट टीम पर चर्चा की जिस पर हम दोनों सहमत थे। बात खत्म करने से पहले मुझे बताया गया कि पांच चयनकर्ताओं ने फैसला किया है कि मैं एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय कप्तान नहीं रहूंगा जिस पर मैंने कहा 'ठीक है, कोई बात नहीं'।''

**गांगुली का दावा**

गांगुली ने कहा था कि कोहली के टी20 कप्तानी छोड़ने पर पुनर्विचार नहीं करने के कारण चयनकर्ताओं को सीमित ओवरों के प्रारूप में रोहित को एकमात्र कप्तान बनाना पड़ा क्योंकि दो प्रारूपों में दो अलग कप्तान होने से नेतृत्वक्षमता का टकराव हो सकता था। बीसीसीआई अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान गांगुली ने कहा था, ''हमने विराट से आग्रह किया था कि वह टी20 कप्तानी नहीं छोड़े लेकिन वह कप्तान के रूप में बरकरार नहीं रहना चाहता था। इसलिए चयनकर्ताओं ने महसूस किया कि सीमित ओवरों के दो प्रारूप में दो कप्तान नहीं हो सकते। इससे नेतृत्वक्षमता का टकराव हो सकता है।'' रोहित को खराब फॉर्म से जूझ रहे अजिंक्य रहाणे की जगह भारतीय टेस्ट टीम का उप कप्तान भी बनाया गया था।

## पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच वनडे श्रृंखला स्थगित

**संयुक्त बयान में कहा गया है, ''टीम के हितों तथा वनडे के लिये वेस्टइंडीज दल में सीमित संसाधनों को देखते हुए वनडे श्रृंखला को जून 2022 तक स्थगित करने पर सहमति बनी। यह श्रृंखला आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग का हिस्सा है।''**

एजेंसी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने कैरेबियाई टीम में कोविड-19 के कई पॉजिटिव मामले पाये जाने के बाद गुरुवार को तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला स्थगित कर दी। पीसीबी और सीडब्ल्यूआई ने कराची में तीसरे और अंतिम टी20



अंतरराष्ट्रीय टी20 मैच के दौरान संयुक्त बयान जारी करके कहा कि बुधवार को आरटी-पीसीआर परीक्षणों के परिणाम आने के बाद कोविड-19 के पॉजिटिव मामलों की संख्या नौ पहुंच गयी है। संयुक्त बयान में कहा गया है, ''टीम के हितों तथा वनडे के लिये वेस्टइंडीज दल में सीमित संसाधनों को देखते हुए वनडे श्रृंखला को जून 2022 तक स्थगित करने पर सहमति बनी। यह श्रृंखला आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग का हिस्सा है।''इसके अनुसार, ''इससे वेस्टइंडीज को भी विश्व कप क्वालीफिकेशन मैचों में अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को उतारने का समान मौका मिलेगा।'' वेस्टइंडीज के जिन खिलाड़ियों का परीक्षण नेगेटिव आया है वे तीसरा टी20 समाप्त होने के बाद गुरुवार को ही स्वदेश रवाना हो जाएंगे। बयान में कहा गया है, ''जिनका परीक्षण पॉजिटिव आया है वे कराची में पृथकवास की अवधि पूरी करेंगे। इसके बाद उनकी यात्रा की व्यवस्था की जाएगी ताकि वे क्रिसमस अपने परिजनों के साथ मना सकें।'' वेस्टइंडीज इस टी20 और वनडे दौरे के लिये 21 सदस्यीय टीम लेकर आया था लेकिन तीसरे टी20 मैच के लिये उसके केवल 14 खिलाड़ी ही उपलब्ध थे। उसके छह खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के तीन सदस्यों का कोविड-19 के लिये परीक्षण पॉजिटिव आया है जबकि एक खिलाड़ी डेवोन थॉमस पहले टी20 मैच में उंगली में चोट लगने के कारण बाहर है। इससे पहले दिन में तीसरे टी20 मैच के आयोजन को लेकर भी संदेह पैदा हो गया था क्योंकि वेस्टइंडीज बोर्ड ने पुष्टि की कि वनडे कप्तान शाई होप, बायें हाथ के स्पिनर अकील हुसैन और आलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स के अलावा सहायक कोच रोडी एस्टविक और टीम के चिकित्सक डा. आकाशी मानसिंह सभी का परीक्षण पॉजिटिव आया है। इससे पहले नौ दिसंबर को काइल मायर्स, शेल्डन कोटरेल और रोस्टन चेज के परीक्षण पॉजिटिव पाये गये थे।

## भारत-पाकिस्तान की फिर होगी भिड़ंत! दोनों के बीच 6 मार्च को होगा मुकाबला

एजेंसी

**दुबई।** भारत अगले साल चार मार्च से न्यूजीलैंड में शुरू होने वाले महिला वनडे विश्व कप में अपना पहला मैच चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को यह घोषणा की। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच मेजबान न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेला जाएगा जिसके बाद दो महत्वपूर्ण मुकाबले होंगे जिसमें चिर प्रतिद्वंद्वी टीम आमने सामने होंगी। आस्ट्रेलिया पांच मार्च को हैमिल्टन में मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगा जबकि भारत छह मार्च को टौरंगा में पाकिस्तान का सामना करेगा। टूर्नामेंट 31 दिन चलेगा जिसमें कुल 31 मैच खेले जाएंगे और आठ टीम प्रतिष्ठित विश्व कप ट्राफी पाने के लिये एक दूसरे का सामना करेंगी। टूर्नामेंट की मेजबानी छह शहर ऑकलैंड, क्राइस्टचर्च, डुनेडिन, हैमिल्टन, टौरंगा और वेलिंगटन करेंगे। आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और भारत ने आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2017-20 में अपनी बेहतर स्थिति के आधार पर विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया जबकि न्यूजीलैंड ने मेजबान होने के कारण टूर्नामेंट में स्वतः जगह बनायी। कोविड से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण महिला विश्व कप क्वालीफायर रद्द कर दिये जाने के बाद बांग्लादेश, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज ने अपनी टीम रैंकिंग के आधार पर अंतिम तीन स्थान हासिल किये।

## केआरक ने की कोहली की आलोचना कहा कोहली पैसों को देते हैं अहमियत

एजेंसी

**मुंबई।** हमेशा बॉलीवुड फिल्मों का रिव्यू करने वाले कमाल राशिद खान उर्फ केआरके ने भारतीय क्रिकेटर को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने बीसीसीआई के उस फैसले का बचाव किया है। जिसमें बीसीसीआई ने रोहित शर्मा को नया वनडे कप्तान बनाया है। बीसीसीआई के इस फैसले की आलोचना खूब हो रही है, और कई क्रिकेट दिग्गज इसे सही भी ठहरा रहे हैं। इसी बीच कमाल राशिद खान ने वनडे की कप्तानी जाने से नाराज कोहली को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। उन्होंने अपने यूट्यूब पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी है। केआरके ने कहा, बीसीसीआई ने विराट कोहली को उसी प्रकार हटाया है, जिस प्रकार से धोनी से कोहली को कप्तानी दी गई थी। लेकिन धोनी ने कोई नाराजगी भी नहीं जताई थी। आगें केआरके ने कहा कि फैंस कह रहे हैं कि कोहली के साथ सही नहीं हुआ क्योंकि कोहली बहुत बड़ा प्लेयर है। यह बात बिल्कुल गलत है देखिए बीसीसीआई के लिए सभी प्लेयर बराबर है ना कोई ज्यादा ना कोई कम। केआरके ने तो कोहली को पेशेवर खिलाड़ी तक की संज्ञा दे डाली। यह पहली बार है जब कोई बॉलीवुड अभिनेता ने कोहली की जमकर आलोचना की हो। केआरके ने कहा कोहली को कप्तानी से निकाले जाने पर उनकी वाइफ अनुष्का भी भड़क उठीं। अनुष्का ने भी इशारो इशारो में अंगुली को बहुत बुरा भला कहा। उन्होंने आगे कहा कि, अनुष्का दीदी को इतना भी पता नहीं है उनका पति इतना भी बड़ा प्लेयर नहीं है, क्योंकि उनकी कप्तानी में भारत ने एक भी ट्रॉफी नहीं जीती है। भारत और अफ्रीका के बीच टेस्ट और वनडे मैचों की सीरीज शुरू होने वाली है। 26 दिसंबर से टेस्ट 19 जनवरी से वनडे सीरीज की शुरुआत होगी। भारत इसी महीने दक्षिण अफ्रीका के दौरे पड़ जाएगा टीम इंडिया का यह दौरा कोरोना के नए वैरियंट के खतरे के बीच होगा।

## रोहित शर्मा के साथ कैसे हैं रिश्ते? विराट कोहली बोले- 2 साल से स्पष्ट कर रहा हूं, अब मैं थक गया

एजेंसी

**मुंबई।** विराट कोहली और रोहित शर्मा के बीच इन दिनों अनबन की खबरें लगातार आ रही है। माना जा रहा है कि वनडे की कप्तानी से विराट कोहली को हटाने और रोहित शर्मा को सौंपे जाने को लेकर यह दरार और बढ़ गई है। लगातार इस बात का भी दावा किया जा रहा है कि दोनों खिलाड़ियों के बीच टकराव की शुरुआत 2019 के वर्ल्ड कप के दौरान हुई थी। इसके बाद से विराट कोहली और रोहित शर्मा से लगातार एक दूसरे के साथ रिश्तो को लेकर सवाल किए जाते है। आज एक बार फिर से विराट कोहली से रोहित शर्मा के साथ रिश्ते को लेकर सवाल किए गए। विराट कोहली ने साफ तौर पर कहा कि मेरे और रोहित के बीच में कोई समस्या नहीं है। मैं 2 साल से स्पष्ट कर रहा हूं। अब मैं थक गया हूं। रोहित और कोहली के बीच की टकराव की खबरों को उस समय और बल मिल गया जब 1 दिन पहले रोहित शर्मा



**दोनों खिलाड़ियों के बीच टकराव की शुरुआत 2019 के वर्ल्ड कप के दौरान हुई थी। इसके बाद से विराट कोहली और रोहित शर्मा से लगातार एक दूसरे के साथ रिश्तो को लेकर सवाल किए जाते है। आज एक बार फिर से विराट कोहली से रोहित शर्मा के साथ रिश्ते को लेकर सवाल किए गए।**

के टेस्ट सीरीज से अलग होने की खबर आती है, वही अगले दिन विराट कोहली के वनडे सीरीज से हटने की भी खबर शुरू हो जाती है। खेल मंत्री और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष अनुराग ठाकुर से जब टेस्ट कप्तान विराट कोहली और सीमित ओवर के कप्तान रोहित शर्मा के बीच समीकरण को लेकर चल रही अटकलों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने खुद को इस मामले से दूर रखने की कोशिश करते हुए कहा, ''कोई भी खेल से बड़ा नहीं है''। ठाकुर मई 2015 से फरवरी 2017 तक भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रह चुके हैं जिसके बाद उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद उन्हें यह पद छोड़ना पड़ा था। विराट कोहली ने हाल के घटनाक्रमों पर बेबाक अंदाज से अपनी राय रखी। टेस्ट कप्तान विराट कोहली ने बुधवार को स्पष्ट किया कि वह दक्षिण अफ्रीका में आगामी एकदिवसीय श्रृंखला में खेलेंगे, जिससे उनकी उपलब्धता और सीमित ओवरों की टीम के नवनियुक्त कप्तान रोहित शर्मा के साथ उनके समीकरणों को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया। कोहली ने दक्षिण अफ्रीकी दौरे से पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''मैं चयन के लिये उपलब्ध था और मैं हमेशा चयन के लिए उपलब्ध हूं। मैंने बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) से विश्राम के लिये कभी संपर्क नहीं किया। मैं दक्षिण अफ्रीका में एकदिवसीय श्रृंखला के लिए उपलब्ध हूं और पहले भी उपलब्ध था।'' पिछले दो दिन से अटकलें लगायी जा रही थी कि कोहली और रोहित के बीच सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है।

**विवाद** विराट कोहली ने तीन स्थितियों को साफ करने की कोशिश की। पहली कि उनके और रोहित शर्मा के बीच में सब कुछ ठीक है। अनबन की खबरें सरासर गलत है।

# BCCI और विराट के बीच में सब कुछ ठीक नहीं! गांगुली-कोहली के दावे अलग-अलग क्यों?

एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए रवाना होने से पहले आज विराट कोहली ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में विराट कोहली ने तमाम मुद्दों को लेकर खुलकर बातचीत की। विराट कोहली ने तीन स्थितियों को साफ करने की कोशिश की। पहली कि उनके और रोहित शर्मा के बीच में सब कुछ ठीक है। अनबन की खबरें सरासर गलत है। दूसरी यह कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए उपलब्ध हैं और वह इसे खेलने के लिए उत्सुक भी हैं। जैसे ही विराट कोहली ने वनडे की कप्तानी से हटने के सवाल का जवाब दिया उससे एक नया विवाद खड़ा हो गया है। इस विवाद से सबसे बड़ा सवाल तो यही उठ रहा है कि क्या बीसीसीआई और विराट कोहली के बीच में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है? दरअसल हाल में ही विराट कोहली को वनडे की कप्तानी से हटा दिया गया था। जबकि विराट कोहली ने टी20 की कप्तानी छोड़ने के वक्त यह कहा था कि वह वनडे और टेस्ट क्रिकेट की कप्तानी करना चाहते हैं। सवाल उठाए गए तो




बीसीसीआई की ओर से अध्यक्ष सौरव गांगुली ने यह दावा किया कि उन्हें टी20 की कप्तानी छोड़ने से रोका गया था। लेकिन वह नहीं माने। यही कारण था कि उन्हें वनडे की कप्तानी से हटाया गया क्योंकि हम सफेद गेंद क्रिकेट में दो कप्तान नहीं रखना चाहते थे। इसके साथ ही गांगुली ने कहा कि इसके बारे में विराट कोहली को बता दिया गया था। लेकिन विराट कोहली के दावे गांगुली से बिल्कुल उलट हैं। विराट कोहली ने कहा कि जब मैंने टी20 की कप्तानी छोड़ने के लिए बीसीसीआई को बताया था तो उन्हें अच्छा रिस्पांस मिला। बीसीसीआई को कोई परेशानी नहीं हुई लेकिन मुझे यह नहीं कहा गया था कि आप टी20 की कप्तानी मत छोड़िए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं वनडे और टेस्ट की कप्तानी करना चाहता था। उन्होंने कहा कि आगामी दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम चयन से 90 मिनट पहले उन्हें एकदिवसीय टीम की कप्तानी से हटाया गया। कोहली ने कहा, ''जो फैसला किया गया उसे लेकर जो भी संवाद हुआ, उसके बारे में जो भी कहा गया वह गलत है।'' उन्होंने कहा, ''आठ दिसंबर को टेस्ट श्रृंखला के लिए चयन बैठक से डेढ़ घंटा पहले मेरे साथ संपर्क किया गया और इससे पहले टी20 कप्तानी को लेकर मेरे फैसले की घोषणा के बाद से मेरे साथ कोई संपर्क नहीं किया गया था।'' कोहली ने कहा, ''मुख्य चयनकर्ता ने टेस्ट टीम पर चर्चा की जिस पर हम दोनों सहमत थे। बात खत्म करने से पहले मुझे बताया गया कि पांच चयनकर्ताओं ने फैसला किया है कि मैं एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय कप्तान नहीं रहूंगा जिस पर मैंने कहा 'ठीक है, कोई बात नहीं'।'कोहली के इस दावे के बाद अब सवाल बीसीसीआई पर उठने लगे हैं। हालांकि बीसीसीआई के सूत्रों ने साफ तौर पर कहा कि कोहली को सितंबर में ही टी20 की कप्तानी छोड़ने से रुकने के लिए कहा गया था। लेकिन वह नहीं माने। बीसीसीआई ने कहा कि सितंबर में ही विराट कोहली से कप्तानी को लेकर बातचीत हो गई थी उनके नहीं मानने पर चेतावनी भी दी गई थी कि सीमित ओवर क्रिकेट में दो अलग-अलग कप्तान नहीं हो सकते थे। बावजूद इसके कोहली नहीं माने और यही कारण है कि वनडे और टी20 की कप्तानी के लिए रोहित शर्मा को चुना गया। गांगुली ने कहा था कि हमने विराट से आग्रह किया था कि वह टी20 कप्तानी नहीं छोड़े लेकिन वह कप्तान के रूप में बरकरार नहीं रहना चाहता था। इसलिए चयनकर्ताओं ने महसूस किया कि सीमित ओवरों के दो प्रारूप में दो कप्तान नहीं हो सकते। इससे नेतृत्वक्षमता का टकराव हो सकता है।

# 'सैम बहादुर' में मेघना गुलजार के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं: फातिमा सना शेख



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री फातिमा सना शेख ने कहा कि फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की बायोपिक ''सैम बहादुर'' में निर्देशक मेघना गुलजार के साथ काम करने का मौका मिलना उनके लिए मील के पत्थर जैसा है। यह फिल्म भारत के महान युद्ध नायकों में से एक सैम मानेकशॉ के जीवन पर आधारित है जो 1971 में तब भारतीय सेना के प्रमुख थे जब भारत ने पाकिस्तान के साथ बांग्लादेश मुक्ति युद्ध लड़ा था। इस फिल्म में विक्की कौशल ''सैम बहादुर'' का किरदार निभाएंगे जबकि शेख देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाएंगी। अभिनेत्री (29) ने कहा कि वह ''राजी'', ''छपाक'' और ''तलवार'' जैसी फिल्मों के लिए पहचानी जाने वाली गुलजार के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। शेख ने एक बयान में कहा, ''वह स्वतंत्र विचारों वाली फिल्म निर्देशक हैं, जिनके काम की मैं तारीफ करती हूं और बहुत लंबे समय से उनका काम देखती आयी हूं। मैं उनके साथ काम करने को निजी तौर पर एक मील का पत्थर मानती हूं। मैं उनके साथ शूटिंग करने के लिए बेहद उत्साहित हूं और मुझे उम्मीद है कि हम 'सैम बहादुर' के सेट पर धमाल मचाएंगे।''रॉनी स्क्रूवाला के प्रोडक्शन वाली ''सैम बहादुर'' में मानेकशॉ की पत्नी सिल्लू के किरदार में सान्या मल्होत्रा भी होंगी। सान्या और सना शेख ''दंगल'' में भी साथ काम कर चुकी हैं।

# बिस्तर पर लेटकर सोनल चौहान ने खिचवाई सेल्फी



बॉलीवुड में जन्नत गर्ल नाम से मशहूर सोनल चौहान ने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खूबसूरती और बढ़िया एक्टिंग के दम पर नाम कमाया। अभिनेत्री सोनल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और हर दिन कुछ ना कुछ अपने फैंस, फॉलोवर्स के साथ शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की। तस्वीरो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, ₹संडे फीलस₹। फैंस को उनका यह अवतार पसंद आ रहा है। तस्वीरों में अभिनेत्री सोनल चौहान बेड पर चद्दर में लेती हुई हैं। तस्वीरों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता हैं कि उन्होंने कपडें नहीं पहने हुए हैं। अपनी इन तस्वीरों में अभिनेत्री बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को अबतक डेढ़ लाख के करीब लोग लाइक कर चुके हैं। दिल से लेकर आग वाले और किश वाले इमोजी तस्वीरों पर कमेंट कर के लोग अपने रिएक्शन दे रहे हैं। एक सोशल मीडिया यूजर ने

## फैंस बोले- मेरी हीरोइन बन जाओ

फोटो पर कमेंट हुए लिखा, ₹क्यूट₹। एक अन्य यूजर ने लिखा, ₹मैं आपका जन्नत वाला इमरान हाशमी बनना चाहता हूँ क्या आप मेरी हीरोइन बनेंगी₹। अभिनेत्री सोनल चौहान पहली बार हिमेश रेशमिया की म्यूजिक एल्बम ₹आप का सुरूर₹ में बड़े पर्दे पर नजर आई थी। इसके बाद साल 2008 में आई फिल्म जन्नत से उन्होंने अपना बॉलीवुड डेब्यू किया। उन्होंने फिल्म में अभिनेता इमरान हाशमी के अपोजिट मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म से उन्हें अच्छी लोकप्रियता मिली थी। इसके बाद अभिनेत्री ने साउथ सिनेमा में भी हाथ आजमाया। हाल ही में वह 2-3 म्यूजिक वीडियो में नजर आयी थी। सोनल कपूर मिस वर्ल्ड टूरिज्म का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय हैं।

# थाई-हाई स्लिट ड्रेस पहनकर इवेंट में पहुंची मलाइका अरोड़ा



बॉलीवुड अदाकारा मलाइका अरोड़ा अपने बोल्ड फिगर और स्टाइलिश अवतार की वजह से अक्सर लाइमलाइट में बनी रहती है। शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरता होगा जब इंटरनेट पर उनकी चर्चा नहीं होती हो। बीती रात मुंबई के बांद्रा इलाके में मलाइका को कारण जोहर के साथ Mansionz लॉन्च इवेंट में स्पॉट किया गया। उनका स्टनिंग अवतार लोगों को खूब पसंद आ रहा है। पैपराजी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया जो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है। वीडियो में मलाइका अरोड़ा को पीच कलर के थाई-हाई स्लिट ड्रेस में देखा जा सकता है। उनकी यह ड्रेस लोगों को पसंद आ रही हैं। पैपराजी को मलाइका ने बेहद सेक्सी पोज देते हुए अपनी फोटो खिचवाई। इसके अलावा वीडियो में मलाइका निर्माता-निर्देशक करण जौहर के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। जहाँ एक तरफ मलाइका के फैंस को उनकी यह तस्वीर पसंद आ रही है वही दूसरी तरफ लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। आपको बता दें कि मलाइका की बहन अमृता अरोड़ा हाल ही में कोरोना पॉजिटिव पाई गई हैं, इसी वजह से मलाइका को ऐसे समय में बाहर इवेंट्स में देखकर लोग खुश नहीं नजर आ रहें। बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका को फैशन आइकॉन माना जाता है। लोग उनके फैशन सेंस की वजह से उन्हें बेहद पसंद करते हैं और उनको फॉलो भी करते हैं। इससे पहले भी अपने ग्लैमरस अवतार की वजह से जलवे बिखेर चुकी हैं और अपनी अदाओं से लोगों के दिलों पर छाई रहती हैं। हाल ही में वह अपने बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर के साथ मालदीव में छुट्टियां मनाकर वापस आई हैं। मलाइका अरोड़ा फ़िलहाल सोनी टीवी के डांसिंग रियलिटी शो इंडियाज बेस्ट डांसर के सीजन 2 को गीता कपूर और टेरेंस लेविस के साथ जज कर रही हैं।

# शादी के बंधन में बंधने के लिए तैयार टीवी की 'नागिन' मौनी रॉय, पर आ रही है ये अड़चन!



मौनी रॉय भारत में अपने लॉन्गटाइम बॉयफ्रेंड सूरज नांबियार के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। अभिनेत्री ने पहले दुबई में शादी करने की योजना बनाई थी। इस जोड़े ने अब कथित तौर पर अपनी शादी को लेकर योजना बदल दी है माना जा रहा है कि वह अब भारत में ही वह अपने परिवार और दोस्तों के साथ इस खान दिन को सेलिब्रेट करेंगी। मौनी रॉय जनवरी के अंत में शादी के बंधन में बंध जाएंगी। एक सूत्र ने बताया कि मौनी और सूरज ने भारत में शादी की योजना बनाई है। सूत्र ने बताया कि मौनी और सूरज नांबियार काफी समय से प्यार में वह दोनों पहले ही शादी कर लेते लेकिन कोरोना वायरस के कहर के कारण शादी को कुछ दिनों के लिए टाल दिया गया लेकिन अब जब कोरोना का कहर कम हुआ तब दोनों ने दुबई में शादी की योजना बनायी लेकिन अब एक बार फिर से कोरोना के नये स्वरूप के आने से कई तरह के प्रतिबंध लगाये जा रहे हैं इस लिए शादी को अब भारत में ही किए जाने की संभावना है। अभिनेत्री पश्चिम बंगाल के एक छोटे से शहर कूचबिहार की रहने वाली है। उसका प्रेमी सूरज दुबई में एक बैंकर और व्यवसायी है। वह बेंगलुरु के एक जैन परिवार से ताल्लुक रखते हैं। मौनी को आखिरी बार Zee5 की फिल्म लंदन कॉन्फिडेंशियल में देखा गया था।

# ब्लैक रेट्रो बिकिनी पहनकर अनन्या पांडे ने दिए जोर के झटके



बॉलीवुड की मशहूर स्टार किड्स में गिनी जाने वाली अभिनेत्री अनन्या पांडे बेसक दिखने में कितनी भी मासूम हो पर उनके बोल्ड अवतार को देखकर अच्छे भले लोगों के पसीने छूट जाते हैं। इंटरनेट पर आग लगाने के लिए अनन्या पांडे अपनी कुछ तस्वीरें इंस्टग्राम पर अपलोड की। तस्वीरें अपलोड होते ही देखने वालो के होश उड़ गए। अनन्या का बोल्ड अवतार देखकर लोग फुले नहीं समा रहे। अनन्या पांडे ने ब्लैक रेट्रो बिकिनी पहनकर फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की। ब्लैक रेट्रो बिकिनी के साथ उन्होंने ब्लैक जैकेट कैरी किया है। ऑल-ब्लैक बिकिनी सेट में वह कमाल की लग रही थीं। खुले बालों में कातिलाना पोज देते हुए अनन्या ने अपने फैंस का कतल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। फैंस और फॉलोवर्स के अलावा स्टार किड्स और सेलिब्रिटीज भी उनकी इन तस्वीरों को देखकर मदहोश हो गए। किंग खान की बेटी सुहाना खान ने अपनी सहेली की तस्वीर पर कमेंट करते हुए लिखा, ₹बाप रे₹। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने आग वाले इमोजी कमेंट करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी। वहीं एक सोशल मीडिया यूजर ने अनन्या की तस्वीरों पर कमेंट करते हुए लिखा, ₹गॉर्जियस₹। एक अन्य ने कमेंट किया, ₹क्यूट₹। बाकी यूजर दिल, आग, वाओ वाले इमोजी कमेंट करके तस्वीरों पर अपने रिएक्शन दे रहे हैं। अभिनेत्री अनन्या पांडे की बात करें तो वह बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे की बेटी है। अनन्या ने साल 2019 में रिलीज़ हुई फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में कदम रखा था। वह इसी साल रिलीज हुई फिल्म ₹पति पत्नी और वो₹ में भूमि पेडनेकर और कार्तिक आर्यन के साथ मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। अनन्या जल्द ही विजय देवरकोंडा और माइक टायसन के साथ फिल्म लाइगर में नजर आएगी। बॉलीवुड में कदम रखने से पहले अनन्या पांडे एक फेमस स्टार किड के रूप में अपनी पहचान बना चुकी थी। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फोटोशूट की तस्वीरें आये दिन शेयर करती रहती हैं।


# 'ब्रह्मास्त्र' चार दक्षिण भारतीय भाषाओं में भी होगी रिलीज




**मुंबई।** मशहूर फिल्म निर्माता एसएस राजामौली ने शनिवार को एलान किया कि वह रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म ''ब्रह्मास्त्र'' दक्षिण भारतीय भाषाओं में भी लेकर आएंगे। बड़े बजट की तीन कहानियों वाली इस फिल्म का लेखन तथा निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है तथा फिल्म निर्माता करण जौहर ने इसे प्रोड्यूस किया है। राजामौली दो भागों में आयी पीरियड फिल्म ''बाहुबली'' के हिंदी संस्करण के लिए भी जौहर के साथ काम कर चुके हैं। वह ''ब्रह्मास्त्र'' को तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में भी लेकर आएंगे। राजामौली (48) ने कहा कि वह चार भाषाओं में इस फिल्म को दुनियाभर के दर्शकों के लिए पेश करने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, ''अयान की दूरदृष्टि भारतीय सिनेमा में एक नया अध्याय है। मैं 'बाहुबली' के बाद एक बार फिर धर्मा प्रोडक्शन के साथ जुड़कर खुश हूं।

# अवार्ड शो में क्यों नहीं जाती हैं रुबीना दिलैक?

## एक्ट्रेस साथ हुए इस हादसे ने बदल दिया सबकुछ



विवादास्पद रियलिटी शो बिग बॉस का सीजन 14 जीतने के बाद अभिनेत्री रुबीना दिलैक (Rubina Dilaik) की लोकप्रियता बढ़ गई। बिग बॉस के घर में वह अपने पति अभिनव शुक्ला के साथ आयी थी। उनकी बिग बॉस की जर्नी को लोगों ने काफी पसंद किया और उन्हें शो का विजेता बना दिया। हालाँकि, रुबीना के बारे में सभी ने जो नोट किया है, वह यह है कि अभिनेता टीवी उद्योग की लोकप्रिय महिलाओं में से एक होने के बावजूद अवार्ड शो में शामिल नहीं होती है। रुबीना ने कुछ समय पहले एक इंटरव्यू में अवॉर्ड शो में अपनी गैरमौजूद होने के कारणों का खुलासा किया। बॉलीवुड बबल के साथ एक साक्षात्कार में एक्ट्रेस ने अपने व्यक्तिगत और प्रोफेशनल लाइफ दोनों पर चर्चा की। अवॉर्ड शो के बारे में पूछे जाने पर रुबीना ने कहा कि एक बार उन्हें ट्रॉफी मिलने का पक्का भरोसा था, लेकिन ऐसा नहीं होने पर वह परेशान हो गईं। रुबीना ने कहा कि उस दौरान उनका शो टॉप पर था और उन्हें पता था कि उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस (फीमेल) का अवॉर्ड मिलेगा। इसलिए रुबीना ने शो के लिए काफी तैयारी की थी। उन्होंने कहा कि कोई भी पुरस्कार पाने को लेकर आश्वस्त होता है जब उन्हें पता होता है कि उनका काम कैसा है। मुझे पूरा विश्ववास था कि मैं ही जीतूंगी लेकिन उस दिन किसी अन्य शो की एक्ट्रेस ने वो आॅवर्ड जीता। उन्होंने कहा कि वह शो के दौरान सबसे आगे की लाइन में बैठी थी और जब किसी और के नाम की घोषणा हुई तो जो मैंने महसूस किया उसके बारे में आपको बता नहीं सकती। एक्ट्रेस ने कहा कि वह खुद को नियंत्रित नहीं कर सकीं और सीधे वॉशरूम गईं और खूब रोईं। बाद में, रूबीका ने इसके पीछे का कारण समझा कि उन्होंने पुरस्कार क्यों नहीं जीता। उन्होंने कहा कि कुछ हफ्ते बाद, उनकी बहन और नायक की भूमिका निभाने वाली लड़की ने विक्रम फडनीस फैशन शो करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के लिए उड़ान भरी। तो एकीकरण के कारण उन्हें पोजिशनिंग और भेजने की पूरी बात आती है।

# समुद्र की लहरों के बीच नोरा फतेही और गुरु रंधावा का हॉट फोटोशूट, फैंस को पसंद आई रोमांटिक केमिस्ट्री



सिंगर गुरु रंधावा और अभिनेत्री-डांसर नोरा फतेही ने पिछले साल अपने गाने "नाच मेरी रानी" को रिलीज करके लोगों को नाचने पर मजबूर कर दिया था। अब इस साल दोनों फिर से एक ओर म्यूजिक वीडियो के लिए साथ आए हैं। इसकी जानकारी बीते दिनों दोनों ने एक डांस रिहर्सल वीडियो शेयर करके दी थी। अब दोनों ने मिलकर अपने फैंस का दिल एक बार फिर से धड़का दिया है। दोनों ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर साथ में एक तस्वीर शेयर की। उनकी इस तस्वीर ने इंटरनेट पर आग लगा दी हैं और चारों तरफ इसी की चर्चा हो रही है। इस तस्वीर के सोशल मीडिया पर वायरल होने का कारण और कुछ नहीं बल्कि नोरा फतेही की पहनी हुई सिल्वर ड्रेस है। नोरा की ड्रेस और उनका लुक दोनों ही लोगों को खूब पसंद आ रहा है। तस्वीर में नोरा फतेही ने एक सिल्वर कलर की डीप नैक ड्रेस पहनी हुईं है। ड्रेस को कमर, पैरों पर से बारीकी के साथ कट किया गया हैं। डायमंड की तरह चमक ती इस ड्रेस में नोरा बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं। उनकी इस खूबसूरत तस्वीर को अब तक 14 लाख लोग लाइक कर चुके हैं। फोटो पर लोग आग वाले और दिल वाले इमोजी कमेंट कर रहे हैं। जहाँ तक गुरु रंधावा की बात हैं उन्होंने ब्लू टीशर्ट के साथ हाफ स्लीव्स की सफ़ेद रंग की शर्ट पहनी हुई हैं इसके साथ उन्होंने डार्क ऑरेंज रंग की जीन्स कैरी की हैं। दोनों ने पानी के बीच में रेत में खड़े होकर पोज दिए हैं, पीछे ढलता सूरज फोटो की खूबसूरती बढ़ाने में मदद कर रहा है। तस्वीर शेयर करते हुए दोनों ने अपने आने वाले गाने "डांस मेरी रानी" के रिलीज डेट का खुलासा किया। आपको बता दें कि उनका यह गाना 21 दिसंबर को रिलीज किया जायेगा। इसके अलावा गाने का पोस्टर भी रिलीज कर दिया गया है। इससे पहले नोरा ने म्यूजिक वीडियो से अपना मरमेड लुक शेयर किया था। कुछ दिनों पहले गुरु रंधावा और नोरा फतेही को लोगों ने बीच पर स्पॉट किया था। उनकी बीच वाली तस्वीरें भी काफी वायरल हुई थी, जिसके बाद दोनों की डेटिंग की खबरें सामने आई थी।




स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DELHIHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स -WA30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276 , संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोन:8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।